गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, गुरूवार 12 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

KP GROUP Quality Since 1965

नया दशन पैक

30% EXTRA

KP GROUP Quality Since 1965

CELEBRATING 60 YEARS

₹

राजश्री

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors
Chewing of pan masala is injurious to health


दो वर्ष से अधिक देरी से जन्म -मृत्यु की जानकारी देने वालों को गुजरना होगा नये नियमों से

सकुर्लर जारी: वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर होगा जन्म -मृत्यु रजिस्ट्रेशन

प्रशान्त रायजादा

वर्थ डेथ रजिस्ट्रेशन अमेंडमेंट एक्ट हाईकोर्ट ने मा. जिला जज व पीठासीन अधिकारियों को जारी किया सकुर्लर नये नियमों के तहत कोर्ट में दायर करनी होगी याचिका देना होगा जन्म मृत्यु का सूबूत व दो गवाह

बरेली(आज समाचार सेवा)। अब जन्म व मृत्यु की सूचना दो वर्ष से अधिक देरी से देने पर जन्म मुत्यु रजिस्ट्रेशन कराना है तो कोर्ट की अनुमति लेनी होगी,न्यायालय की अनुमति बिना रजिस्ट्रेशन नहीं होगा वहीं इस व्यवस्था को लेकर रजिस्ट्रार जनरल मा.हाईकोर्ट द्वारा मा. जिला जजो व पीठासीन अधिकारियों को पत्रांक संख्या न. /45/8/ AdminG-11 दिनांक 27.10.2026 सकुर्लर जारी किये गये है। वर्थ डेथ रजिस्ट्रेशन अमेंडमेंट एक्ट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा मा. जिला जज व पीठासीन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये है। यूपी में जन्म -मृत्यु पंजीकरण नियमो को लेकर बड़ा परिवर्तन किया गया है। इन नये नियमों के चलते अब यदि जन्म मृत्यु की सूचना दो वर्ष से अधिक देरी में दी गयी है तो इन परिस्थितियों में अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन जारी करने के आदेश न्यायालय से लेने होगे न्यायालय के आदेशों के आधार पर ही जन्म व मृत्यु रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। कोर्ट की अनुमति के बिना जन्म व मृत्यु का पंजीकरण नहीं हो सकेगा। जन्म व मृत्यु की सूचना दो साल से अधिक देरी से देने पर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश से ही रजिस्ट्रेशन होगा। इधर वर्थ डेथ रजिस्ट्रेशन अमेंडमेंट एक्ट को लेकर सम्बंधित औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा मा. जिला जजो व पीठासीन अधिकारियों को सकुर्लर जारी कर दिये गये है जिसके चलते अब नयी व्यवस्था अमन में लायी जायेगी। मा. जिला जज द्वारा प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट को सुनवाई हेतु नियुक्त किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट द्वारा सम्बंधित सकुर्लर जारी होने के बाद अब मा. जिला जज द्वारा जिला प्रशासन को भी सम्बंधित दिशा निर्देश जारी किये जायेगे जिसके उपरान्त व्यवस्था के अनुरूप समन्वय के साथ निष्पादन हो सकेगा। फिलहाल दो साल से कम समय अवधि वाले जन्म -मृत्यु रजिस्ट्रेशन सम्बंधित प्रार्थना पत्रों पर एसडीएम कोर्ट द्वारा सुनवाई कर आदेश जारी किये जा रहे है परन्तु वर्थ डेथ रजिस्ट्रेशन अमेंडमेंट एक्ट को लेकर चल रही प्रक्रिया के चलते 30 सितम्बर से दो वर्ष से अधिक देरी वाले प्रार्थना पत्रों पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। हालाकि दो वर्ष से कम समय सीमा वाले जन्म -मृत्यु रजिस्ट्रेशन सम्बंधित प्रार्थना पत्रों पर निरन्तर आदेश हो रहे है और प्रमाण पत्र भी जारी किये जा रहे है। फिलहाल 01 से 21 दिन तक कोई विलम्ब नहीं माना जायेगा,इस व्यवस्था में रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाण पत्र जारी करे जाते है जिसमे अस्पताल की पर्ची व माता-पिता का आधार अनिवार्य है। 21 से 30 दिन तक विलम्ब शुल्क के साथ शपथपत्र व लेट फीस द्वारा स्थानीय रजिस्ट्रार से पंजीकरण आदेश किये जाते है। जबकि 30 से 1 साल तक लिखित अनुमति से रजिस्ट्रेशन जिला रजिस्टार से रजिट्रेशन होते है जिसमे आवेदन पत्र विलम्ब का कारण फीस व सत्यापन की प्रक्रिया होती है। जबकि एक साल से दो साल तक



दो साल से कम जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन प्रार्थना पत्रों पर एसडीएम कोर्ट से जारी हो रहे आदेश

नये नियम के तहत डीएम व एसडीएम द्वारा प्रक्रिया निर्धारित होती है जिसमे डीएम के लिखित आदेश सभी दस्तावेजों व निर्धारित फीस के साथ आवेदन होता है। अब नये नियमों के तहत दो साल से अधिक वाले मामले में न्यायिक आदेश से ही पंजीकरण होगा। जिसमे प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश होगे इस प्रक्रिया में कोर्ट में याचिका दायर करना होगी साथ ही जन्म- मृत्यु का सबूत दो गवाह व वकीलों के माध्यम से सेवाएं लेनी होगी।

पांच लाख रुपये से भरा थैला मिला, मगर नहीं डगमगाई नीयत, ट्रैफिक पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

बरेली(आज समाचार सेवा)। आज के दौर में जहां पांच रुपये के लिए भी लोग एक-दूसरे का भरोसा तोड़ देते हैं, वहीं बरेली में ट्रैफिक पुलिस के दो जवानों ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी हर तरफ सराहना होनी चाहिए। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के दोहना टोल प्लाजा के पास सड़क पर मिले पांच लाख रुपये से भरे थैले को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने अपने पास सुरक्षित रखा और उसके असली मालिक की पहचान होने पर पूरी रकम वापस कर दी।जानकारी के मुताबिक वीरपाल दो दिनों का कैश लेकर ठेकेदार के घर बरेली जा रहे थे। इसी दौरान भोजीपुरा टोल प्लाजा के पास अचानक पैसों से भरा थैला कहीं गिर गया। शुरुआत में उन्हें इस बात का एहसास नहीं हुआ, लेकिन जब उनकी नजर थैले पर पड़ी और वह गायब मिला तो उनके होश उड़ गए। थैले में पांच लाख रुपये की नकदी रखी हुई थी। इतनी बड़ी रकम खोने के बाद वीरपाल काफी परेशान हो गए और आसपास काफी तलाश की, लेकिन थैले का कोई पता नहीं चला।काफी खोजबीन के बाद जब वीरपाल को रुपये नहीं मिले तो वह मदद की उम्मीद लेकर भोजीपुरा थाने पहुंचे। इसी बीच उन्हें पता चला कि दोहना टोल प्लाजा पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास पैसों से भरा एक थैला सुरक्षित रखा हुआ है। यह जानकारी मिलते ही उनकी उम्मीद जागी और वह टोल प्लाजा पर पहुंचे। वहां तैनात ट्रैफिक हेड कांस्टेबल संदेश कुमार और कांस्टेबल अनीस हुसैन ने वीरपाल को बताया कि उन्हें पैसों से भरा एक थैला मिला था, जिसउन्होंने सुरक्षित रख लिया है पुलिसकर्मियों ने ईमानदारी के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। उन्होंने थैला सौंपने से पहले वीरपाल से उसकी पहचान से जुड़ी कई अहम जानकारियां पूछीं। थैले का रंग क्या था, उसमें नोटों की कितनी गड्डियां थीं और नकदी किस काली पन्नी में रखी गई थी, जैसे सवालों के जवाब मांगे गए। वीरपाल ने जब एक-एक जानकारी सही-सही बता दी तो पुलिसकर्मियों को उनकी पहचान का भरोसा हो गया। इसके बाद पांच लाख रुपये से भरा पूरा थैला उन्हें वापस सौंप दिया गया। ईमानदारी की हो रही सराहनाट्रैफिक हेड कांस्टेबल संदेश कुमार और कांस्टेबल अनीस हुसैन की इस पहल ने पुलिस की सकारात्मक और जनसेवा वाली छवि को सामने लाने का काम किया है। पांच लाख रुपये जैसी बड़ी रकम मिलने के बावजूद दोनों पुलिसकर्मियों ने अपनी नीयत नहीं डगमगाने दी और पूरी जिम्मेदारी के साथ नकदी उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाई।वीरपाल के लिए यह किसी बड़ी राहत से कम नहीं था। जिस रकम को खोने के बाद वह परेशान होकर थाने पहुंचे थे, वही रकम उन्हें सुरक्षित वापस मिल गई। दोहना टोल प्लाजा पर हुई इस घटना ने साबित कर दिया कि ईमानदारी और इंसानियत आज भी जिंदा है।

122 दरोगाओं के तबादले, एसएसपी का बड़ा एक्शन थानों से चौकियों तक बदली पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी

बरेली(आज समाचार सेवा)। बरेली के पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जिले की पुलिस व्यवस्था को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए 122 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण कर दिए हैं। इस बड़े फेरबदल में शहर के प्रमुख थानों से लेकर ग्रामीण इलाकों के थानों तक तैनात दरोगाओं की जिम्मेदारियां बदल दी गई हैं। तबादला आदेश जारी होते ही पुलिस विभाग में नई तैनाती को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। एसएसपी के आदेश में वरिष्ठ उपनिरीक्षकों, चौकी प्रभारियों और सामान्य उपनिरीक्षकों को भी शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य विभिन्न थानों और चौकियों में पुलिसकर्मियों की उपलब्धता के अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करना और कार्यप्रणाली में बेहतर समन्वय स्थापित करना माना जा रहा है।तबादला सूची का दायरा काफी व्यापक है। कोतवाली, कैंट, इज्जतनगर, बारादरी, प्रेमनगर, सुभाषनगर, किला, सीबीगंज और भोजीपुरा जैसे प्रमुख थानों के अलावा बहेड़ी, मीरगंज, आंवला, फरीदपुर, सिरौली, शाही, शीशगढ़, शेरगढ़, नवाबगंज, हाफिजगंज, भमौरा, भुता, विशारतगंज, देवरनियां और फतेहगंज पश्चिमी में भी तैनाती बदली गई है इस बदलाव के बाद कई थानों में नए उपनिरीक्षक जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं कुछ पुलिसकर्मियों को उनके वर्तमान कार्यक्षेत्र से हटाकर दूसरे थानों में भेजा गया है।प्रशासनिक फेरबदल में वरिष्ठ उपनिरीक्षकों के स्तर पर भी अहम बदलाव किए गए हैं। श्रीनिवास को कैंट थाने से भमौरा, धर्मेंद्र सिंह को शीशगढ़ से कोतवाली, राजकुमार को भोजीपुरा से इज्जतनगर और धर्मेंद्र कुमार को इज्जतनगर से आंवला भेजा गया है। इसी तरह धर्मपाल सिंह को आंवला से मीरगंज में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन स्थानांतरणों के जरिए महत्वपूर्ण थानों में अधिकारियों की नई तैनाती की गई है।

मामूली कहासुनी को लेकर युवक को मारपीट कर किया घायल

बहेडी(आज ब्यूरो)। मामूली कहासुनी को लेकर चार लोगों ने युवक को रास्ते मे घेरकर लात घूसो, लाठी - डण्डो फरसा से हमला कर दिया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना बहेडी मे हमलावरो को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कराई गई है।जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेरगढ़ निवासी ग्रेश पुत्र सुखलाल ने थाना बहेडी मे दर्ज कराई गई रिर्पोट मे कहा है कि वह नगर पालिका परिषद मे सफाई सुपरवाइजर पद पर कार्यरत है।बीती 4 नवम्बर को मेरा ममेरा भाई जग्गु पुत्र रोशन लाल की सैनोर पुत्र रम्मन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। तो मैने दोनो पक्षो को डाट फटकार कर समझा बुझाकर घर भेज दिया था। 5 नवम्बर को दुसरे दिन नगर के गणेश गेट अपने नगर पालिका के सफाई कर्मियो से सफाई करा रहा था। तभी वहाँ सहनीर पुत्र रम्मन, केशव पुत्र राजेश, राजेश पुत्र प्रेम मसीह,अमित पुत्र महेन्द्र जाति बालमिकि निवासी मोहल्ला गोदाम अपने अपने हाथों मे लाठी . डण्डे, काँते,नुकीले धारदार हथियार और उससे गाली गलौच करने लगे। जब गाली देने का विरोध किया तो जान से मारने की नियत सहनौर,ने मेरे सिर मे डण्डा मारा जो मे कान के पास लगा।

शीशगढ़ थाने के अपराध निरीक्षक बने शीशगढ़ थाना प्रभारी

शीशगढ़(आज ब्यूरो)। थाना शीशगढ़ में अपराध निरीक्षक के पद पर तैनात रहकर थाने का चार्ज चलाने बाले इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह को ही एस एस पी अनुराग आर्य ने शीशगढ़ थाने की कमान सौंपी है। अब अपराध निरीक्षक का पद खाली हो गया है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह थाना शीशगढ़ के नए प्रभारी निरीक्षक होंगे। प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने अब थाने का पूरे तरीके से चार्ज संभाल लिया है। नया चार्ज संभालते ही उन्होंने अपने अधीनस्थों के संग मीटिंग कर दिशा निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि 15 सितम्बर को शीशगढ़ थाने के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह का स्थानांतरण दूसरी जोन हो जाने पर नए प्रभारी की नियुक्ति नहीं किए जाने पर निरीक्षक अपराध के पद पर गैर जनपद से स्थानांतरण होकर आए।

दो लोगों ने घारदार हथियारो से हमला गम्भीर घायल, मुकदमा दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो)। बाइक से घर का सामान लेने जा रहे युवक को थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम मुन्डिया के चौराहे पर युवक की बाइक रुकबाकर भद्दी - भद्दी गालियाँ देते हुए दो लोगो ने धारदार हथियारो से हमला बोल दिया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की रिर्पोट थाना बहेडी मे नामजद कर दर्ज कराई गई है।जानकारी के अनुसार थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम लवेदी निवासी कपिल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह अपने घर से बाइक द्वारा ग्राम मुन्डियां नवी बक्श घर का सामान लेने जा रहा था। जब वह मुन्डिया चौराहे पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक को ग्राम मिलैय्या निवासी अनिकेत और निशांत पुत्रगण नरगेश कुमार ने रोका, और भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुए उस पर धारदार हथियारो से तावड तोड हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल होकर वही जमीन पर गिर गया। बाजार से सामान लेने आए उसके ही गाँव दीपक पुत्र भजनलाल और बहादूर पुत्र घनशायम ने आकर बचाया, दोनो हमलावर उसे जान से मारने की घमकी देते हुए वहाँ से भाग निकले। घायल अवस्था मे कपिल सिंह को थाना बहेडी लाया गया। जहाँ पुलिस ने उसका मेडिकल ईगल कराकर दो लोगों को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कर ली है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना क्षेत्र में मंगलवार की देररात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सुनील कुमार घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।आंवला के ग्राम चंपतपुर निवासी सुनील कुमार रात में नगरा गांव से बाइक पर अपने गांव लौट रहे थे। आंवला-रसूला मार्ग पर सामने से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सुनील कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है।

वहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना

शीशगढ(आज ब्यूरो)।भाई वहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक भाई दूज का पर्व कस्बा व देहात क्षेत्र में धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।वहनों ने व्रत रखकर अपने भाइयों के माथे पर रोली से तिलक कर और मिठाई खिलाकर उनकी दीर्घायु की कामना की,वहीं भाइयों ने भी वहनों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेकर उनका हर परिस्थिति में साथ देने का वचन दिया और सगुन के तौर पर कुछ मुद्रा भेंट की ।भाई वहन के प्रेम और स्नेह का यह पर्व सदियों से चला आ रहा है। त्यौहार के दिन वहने अपनी ससुराल से चलकर अपने भाइयों के घर हर्ष और उत्साह के साथ पहुँचती हैं। **मीरगंज।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया-दूज पर्व स्थानीय नगर समेत तहसील के विभिन्न स्थानों पर परंपरागत ढंग से मनाया गया। दूर दराज से मुश्किल भरा सफर तय कर बहनें भाइयों के घर पहुंची। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर आरती उतारी। मिठाई खिलाने के साथ गोला भेंट कर ईश्वर से दीर्घायु के साथ सुख समृद्धि के साथ उज्वल भविष्य की प्रार्थना की। भाइयों ने बहनों के पैर छूकर अपने कर्तव्य निर्वहन का संकल्प ले हर मोड़ पर रक्षा का बचन दिया। और आकर्षक उपहार भी दिए। मान्यता है कि इस दिन बहन के द्वारा भाई का तिलक करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। पूरे दिन हाईवे से लेकर दुकानों तक पर भीड़ जुटी रही।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**- महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-*13287*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

एफजीएएल शुगर मिल का हवन पूजन के साथ गन्ना पेराई सत्र शुरू

मीरगंज (आज ब्यूरो)। ।एफजीएएल शुगर मिल के पेराई सत्र का हवन पूजन के साथ शुभारंभ हो गया। धार्मिक कार्यक्रम गणेश वंदना, हवन व आरती कार्यक्रम हुए ।चैयरमैन उद्यमी अनीश मोदी , एमडी उद्यमी तन्मय मोदी, बिजनेस हेड डी के शर्मा ,संदीप शर्मा, अध्यासी यूनिट हेड विजयवीर सिंह राणा यजमान के रूप में पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए ।पुरोहित पंडित कुलदीप कुमार शर्मा ने पुरोहित के रूप में विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराया ।इस दौरान डीएम समेत प्रशानिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व मिल अधिकारियों/ कर्मचारियों ने हवन पूजन में आहुतियां दीं।हवन पूजन के बाद यूनिट हेड अतिथियों के संग मिल गेट स्थित गन्ना तौल कांटे पर पहुंचे। और मिल गेट पर गन्ना लेकर पहुंचे किसानों संतरा देवी नगरिया कल्यानपुर , विकास सिंह सिल्लापुर , कामता प्रसाद ठिरिया



खुर्द उनके बैलों और ट्रैक्टर की पूजा की। उनका तिलक लगाकर मिल परिसर पर स्वागत के साथ सम्मानित किया। पूजन उपरांत अपने हाथों से चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। यहां महा प्रबंधक (गन्ना) प्रदीप कुमार राठी, अभिषेक शर्मा , महेंद्र अग्रवाल , जयगोपाल चावला, संजय कुमार सिंह,आशीष साहनी आदि मौजूद रहे। पेराई सत्र शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, श्रुति गंगवार, विधायक डॉ डीसी वर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा,जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी, एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला , ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार गन्ना समिति चैयरमैन तेजपाल सिंह फौजी आदि शामिल रहे । वही प्रबंधन उपाध्यक्ष/यूनिट हेड विजयवीर सिंह राणा ने बताया कि चीनी मिल क्षेत्र में 99 गन्ना क्रय केंद्र खुल चुके है।

हलचल

बहनों के लिए 100 ई-रिक्शे रवाना

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में बुधवार सुबह भाई दूज पर नगर पालिका परिषद ने बहनों के लिए 100 ई-रिक्शे रवाना किए। पालिका अध्यक्ष सैयद आबिद अली ने इन्हें हरी झंडी दिखाई। यह सेवा निशुल्क है।ई-रिक्शों की पहचान के लिए उन पर विशेष फ्लैक्स लगाए गए हैं। सैयद आबिद अली ने चालकों को निर्देश दिए कि वे किसी भी बहन या भाई से किराया न लें।उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था त्योहार के दिन बहनों के आने-जाने की सुविधा के लिए की गई है।इस मौके पर सैयद आबिद अली ने क्षेत्रवासियों और बहनों को भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों और महिलाओं ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में लाभार्थियों को वितरित की आर्थिक सहायता राशि

बरेली(आज समाचार सेवा)। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि वितरित किए जाने के कार्यक्रम का जनपद में सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार में देखा गया। कार्यक्रम के उपरांत जनपद बरेली में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजना के अंतर्गत स्वीकृत पात्र लाभार्थियों एवं उनके वारिसों को आर्थिक सहायता राशि का स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के अंतर्गत क्षति होने की स्थिति में पात्र कृषक परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य संकट की घड़ी में प्रभावित कृषक परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। जनपद में योजना के अंतर्गत तहसीलवार कुल 78 लाभार्थियों के नाम स्वीकृत सूची में हैं। इनमें तहसील सदर के 10, फरीदपुर के 18, मीरगंज के 19, बहेड़ी के 8, नवाबगंज के 4 तथा आंवला के 19 लाभार्थी शामिल हैं। तहसील सदर के कुल 10 लाभार्थी हैं, जिनमें रिकी पत्नी स्वर्गीय अजय कुमार,पूनम देवी पत्नी स्वर्गीय रोहित कुमार,लौंग श्री पत्नी स्वर्गीय किशनलाल, ज्ञानवती पत्नी स्वर्गीय राम बहादुर, राधा पत्नी स्वर्गीय हरप्रसाद,राखी पत्नी स्वर्गीय रवि कुमार पटेल, गुड्डी देवी पत्नी स्वर्गीय बिजेंद्र कुमार,रऊफ पुत्र स्वर्गीय निसार अहमद,अफसाना पत्नी स्वर्गीय ताहिर खां ,कलमेश उर्फ कमलेश पत्नी स्वर्गीय रविन्द्र उर्फ रामपाल थे। तहसील फरीदपुर के कुल 18 लाभार्थी जिसमें बिट्टू पत्नी स्वर्गीय दिनेश कुमार सिंह,पूनम देवी पत्नी स्वर्गीय राजवीर सिंह, सोमवती पत्नी स्वर्गीय छोटे लाल,पोशाकी पुत्र स्वर्गीय नन्हे, किताब कली पत्नी गुलफाम सिंह,ओमवती पत्नी कल्लू,स्वाती पत्नी स्वर्गीय कप्तान सिंह,सोमवती पत्नी टोडी लाल,मैकूलाल पुत्र मिश्री लाल,राजवती पत्नी राजपाल,उर्मिला पत्नी स्वर्गीय गंगा प्रकाश,जुगुल किशोरी पत्नी स्वर्गीय धूमसिंह,मुन्नी देवी उर्फ धर्मदेवी पत्नी धर्मपाल,उर्मिला पत्नी श्रीराम,नीलम पत्नी स्वर्गीय कपिल देव,मनीषा पत्नी स्वर्गीय विनोद कुमार,मोरवती पत्नी स्वर्गीय हरीश कुमार,मीना देवी पत्नी स्वर्गीय महेन्द्रपाल शामिल थे। तहसील मीरगंज के कुल 19 लाभार्थी जिसमें अनु कुमारी पत्नी स्वर्गीय अमन कुमार,भगवानदेई पत्नी स्वर्गीय हीरालाल, राममूर्ति पत्नी स्वर्गीय सूरजपाल, शिवम कुमार पुत्र सोमपाल, जमुना देवी पत्नी स्वर्गीय गुलाब राम,दीक्षा अन्य शामिल रहे। पत्नी स्वर्गीय राजेश पाल,श्वेता सक्सेना पत्नी ललित सक्सेना,एहसान खान पुत्र मोहम्मद याकूब, शहाना पत्नी शमसुद्दीन, तहसील बहेड़ी से कुल 08 लाभार्थी थे,इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा रश्मि पटेल, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ अविनाश त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

बरेली सिनेमा जगत में

ता 06 से रोजाना 3 शो

रेट 40 60

आंखें

पात्र-गोविन्दा कादर खान,चंकी पाण्डे,करिश्मा कपूर ।

न्यूज अपडेट

बाईक की आमने सामने भिड़ंत में एक बाईक सवार की मौत, दो घायल

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय थाना हुरहुरी रोड पर आज तड़के एक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बाईक और बाईक ठेली आमने सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाईक सवार दो ठेली बाईक सवार सड़क पर गिर कर बुरी तरह से घायल हो गए तीनो को एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी भेजा गया जहां हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल भेजा गया जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सिंगरा निवासी विजय पाल (30) पुत्र लालता प्रसाद अपनी बाईक से मीरगंज जा रहे थे और गांव हुरहुरी निवासी गिरीश पुत्र धनी राम (20) और छेदा लाल (32) पुत्र लाल सिंह अपनी ठेली बाईक से मीरगंज से हुरहुरी जा रहे थे हुरहुरी रोड पर इलियास बैंकट हाल के पास आज बुधवार करीब चार बजे दोनों तेज रफ्तार बाईक आपस में टकरा गई इस टक्कर से तीनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको एम्बुलेंस से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले जाया गया। जिनमें विजय पाल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जबकि उक्त दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

तीव्र गति से आती बाइक ने मारी टक्कर चालक गम्भीर रूप से घायल, मुकदमा दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो)। विपरित दिशा से तीव्र गति से आती बाइक ने सामने से आ रही बाइक मे जोरदारटक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। थाना बहेडी मे अज्ञात वाहन चालक के दर्ज कराई गई हैतीव्र गति, से आत जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड के जनपद उधमसिंहनगर थाना पुलभटटा निवासी सोमपाल पुत्र कालीचरन अपनी बाइक संख्या यूके 06बी एच1905अपने घर अजीतपुर जा रहा था वह जैसे ही थाना बहेडी क्षेत्र के ढाकिया मोड के पास पहुँचा तभी विपरीत दिशा से आती अज्ञात बाइक चालक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद बाईक चालक वाइक लेकर फरार होने मे सफल रहा, जिससे किच्छा की ओर जाने बाला बाईक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना बहेडी मे घायल सोमपाल ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिर्पोट दर्ज कराई है।

मोबाइल मांगने पर चार भाइयों ने युवक पर किया हमला ,रूपये छीने, रिपोर्ट दर्ज

आंवला(आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के दिगोई गांव में मोबाइल मांगने पर हुए विवाद में चार भाइयों ने जगवीर सिंह पर हमला कर दिया। आरोप है कि उन्होंने लाठी, डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट की और उनकी जेब से 21 हजार रुपए छीन लिए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।जगवीर की पत्नी सुशीला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 नवंबर को उनके पति का मोबाइल गांव में अरविंद सिंह के घर के पास गिर गया था। जगवीर ने अरविंद से मोबाइल वापस मांगा तो वह गाली-गलौज करने लगा।शोर सुनकर अरविंद के भाई टनक पाल, मदनपाल और अंकित भी लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचे। शिकायत के मुताबिक, चारों ने जगवीर पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया।सुशीला देवी ने बताया कि जगवीर धान बेचकर लौटे थे और उनकी जेब में 21 हजार रुपए थे। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देकर रुपए छीने और उन्हें मरा समझकर वहां से चले गए।सुशीला देवी का कहना है कि वह समय पर मौके पर नहीं पहुंचतीं तो आरोपी उनके पति की हत्या कर देते। पुलिस ने अरविंद, टनक पाल, मदनपाल और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच जारी है।

छेड़खानी का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला कस्बे में छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने एक दंपती के घर में घुसकर मारपीट की और मकान पर ईंट-पत्थर फेंके। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी युवक लंबे समय से उस पर बुरी नजर रखता था। घर से बाहर निकलने पर वह रास्ता रोककर छेड़खानी करता था। पीड़िता ने इसकी शिकायत आरोपी के परिजनों से की, लेकिन उन्होंने बात अनसुनी कर दी।पीड़िता के मुताबिक, 8 नवंबर की शाम करीब 6 बजे आरोपी उसके घर में घुस आया। उस समय उसकी बच्ची घर में अकेली थी। आरोप है कि युवक ने बच्ची से छेड़खानी की।पीड़िता और उसके पति ने विरोध किया तो आरोपी अपने भाई और बहन के साथ घर में घुस आया। आरोपियों ने दंपती से मारपीट की और मकान पर ईंटें फेंकी। परिवार ने कमरों में बंद होकर खुद को बचाया। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।पीड़िता ने आरोप लगाया कि 9 नवंबर को भी आरोपियों ने गाली-गलौज की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के अलीगंज थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी भूपराम उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, कानूनी कार्रवाई के बाद उसे अदालत में पेश किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, कुण्डरिया फैजुल्लापुर गांव का रहने वाला 45 वर्षीय भूपराम, भागीरथ का बेटा है। वह गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के मामले में फरार था।5 नवंबर को एसएसपी बरेली ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को पुलिस को उसके इलाके में होने की सूचना मिली। इसके बाद टीम ने चंदनपुर तिराहे के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।पुलि स रिकॉर्ड के मुताबिक, भूपराम के खिलाफ अलीगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के अलावा 2024 में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ा एनडीपीएस एक्ट का मामला भी दर्ज है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रसून कुमार, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल चमन राणा और कांस्टेबल अंकुश देशवाल शामिल थे।

द्वारिकेश चीनी मिल में पेराई शुरू

फतेहगंजपूर्वी (आज ब्यूरो)। क्षेत्र में स्थित द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज में बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना होने के बाद गन्ना पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर चीनी मिल परिसर में उत्साह का माहौल रहा।कार्यक्रम में इकाई प्रमुख अनिल कुमार त्यागी,जिला गन्ना अधिकारी बरेली दिलीप कुमार सैनी,गन्ना विभागाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार उपाध्याय,यांत्रिकी विभागाध्यक्ष वीवी सिंह, उत्पादन विभागाध्यक्ष विशाल सुरी,मानव संसाधन विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह,आईटी हेड सुनील पुनिया एवं प्रशासन उपप्रबंधक सुशील कुमार सहित चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।इसके अलावा सहकारी गन्ना विकास समिति फरीदपुर के अध्यक्ष ब्रज किशोर शर्मा तथा प्रगतिशील किसान नारद मुनि,सत्येन्द्र चौधरी,सुखपाल चौधरी, विजय पाल चौधरी, ओमप्रकाश,रमेश और रणधीर सिंह समेत क्षेत्र के अन्य किसान भी उपस्थित रहे।किसानों का परिश्रम, समर्पण और विश्वास ही मिल की सफलता की सबसे बड़ी ताकत है।किसानों की आय,सम्मान और खुशहाली में सकारात्मक योगदान देना ही मिल का प्रमुख उद्देश्य है।गन्ना विभागाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार उपाध्याय ने किसानों को नए पेराई सत्र की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि किसान गन्ने की कटाई पर्ची का मैसेज मिलने के बाद ही करें।उन्होंने बताया कि फिलहाल चीनी मिल की ओर से अगेती प्रजाति के पेड़ी गन्ने की पर्चियां जारी की जा रही हैं। किसान भाई अगेती गन्ने की ही आपूर्ति करें तथा सामान्य एवं अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने की कटाई न करें,अन्यथा गन्ना आपूर्ति में परेशानी हो सकती है।उन्होंने किसानों को गन्ने की बेहतर पैदावार के लिए को.शा.18231,को.शा. 19231,को.लख.16202, को. 20016 और को. 21012 जैसी उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई करने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि वर्तमान में तापमान गन्ने की बुवाई के अनुकूल है।ऐसे में किसान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।पेराई सत्र के शुभारम्भ पर सबसे पहले गन्ना लेकर चीनी मिल पहुंचने वाले चार किसानों सोनपाल पुत्र रामदास निवासी बकैनिया, ओमपाल पुत्र रामचरन निवासी करनपुर कलां, राममूर्ति पुत्र रामलाल निवासी हरेली और ओमप्रकाश पुत्र ढाकन लाल निवासी कुठला को मिल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, गुरूवार 12 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

सोते समय तालाबमें मकान की दीवार ढहनेसे दो मासूम की मौत

चार घायल, सात घंटे के बाद एनडीआरएफ ने तालाब से निकाला बच्चों का शव

वाराणसी। रोहनिया थाना क्षेत्र के बच्छांव पुलिस चौकी अंतर्गत बच्छांव स्थित मुस्लिम बस्ती में मंगलवार की रात लगभग १२ बजे सोते समय मकान के आगे बने टीन सेट के बरामदे की दीवार भरभराकर तालाब में गिरने से एक ही परिवार के आफिया छः वर्ष तथा फलक तीन वर्ष सहित दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी तथा पिता कछू तथा मां तबस्सुम, रोशनी आठ वर्ष, पांच माह का बच्चा सहित चार लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अखरी धर्मेंद्र राजपूत ने लोगों की मदद से रेस्क्यू का प्रयास किया, सफलता न मिलने पर पुलिस ने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम को बुलाया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग सात घंटे बाद गहरे पानी में गये उक्त दोनों मासूम बच्चों के शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। घटना की जानकारी होने पर रात में एसीपी रोहनिया अवधेश विश्वकर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। बच्चियों के दादा ने बताया कि रात में हम लोग सो गये थे। बेटा-बहू और चार बच्चे अंदर थे। हम बाहर सो रहे थे। अचानक दीवार गिरी, तो नींद खुल गयी। देखा कि बेटा-बहू चिल्ला रहे हैं- बच्चे डूब गये, डूब गये। उन्होंने बताया कि आनन-फानन में तालाब में छलांग लगा दी। तब तक गांव के लोग भी आ गये। हमारा भाई भी आ गया। उसने भी तालाब में छलांग लगा दी। लेकिन, हमें बच्चे नहीं मिले। दादा को आपसोस है कि पोतियों को नहीं बचा पाया। फिर पुलिस आयी और तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की जान चली गयी। दो बच्चे- बड़ी बेटी रोशनी और एक छोटा लड़का बचा है। उसका नाम नहीं रखा गया है। हमारे पास जमीन की रजिस्ट्री है। २०१० में मकान बनवाया था। सिराजुद्दीन चार कमरों के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उनके तीन बेटे हैं। सबसे बड़े बेटे अजुद्दीन उर्फ कछू की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटों अभी कुंवारे हैं। तालाब की तरफ बने बरामदे में अजुद्दीन, उसकी पत्नी और चार बच्चे रहते हैं। बाकी कमरों में अन्य लोग रहते हैं। बरामदे की दीवार तालाब से लगती है। मानसून सीजन में भारी बारिश से तालाब लबालब भरा था।

सपा सरकार में सैफई सिंडिकेट के हाथों बंधक था नियुक्ति आयोग

मुख्यमंत्री ने एक हजारसे अधिक राजस्व विभाग के कनिष्ठ सहायकोंको दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएसएससी से राजस्व विभाग के लिए चयनित एक हजार 146 कनिष्ठ सहायकों को बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत चार हजार 300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित की इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब प्रतिभा को उसके अनुरूप कार्य नहीं मिलता था तो वह पलायन करती थी। उसके साथ भेदभाव होता था। बिना सिफारिश, बिना लेन-देन कोई नियुक्ति नहीं होती थी। नियुक्ति आयोग बंधक बने थे। एक सिंडीकेट काम करता था जो सैफई सिंडीकेट था। योगी ने कहा कि 2017 के पहले शासन में मुन्ना भाई बैठे थे। नियुक्ति प्रक्रिया में भी ऐसे ही होता था। परीक्षा कोई देता, नियुक्ति पत्र कोई और ले जाता था। शासन में शिकायत करते थे। ये पाप शासन ही करवाता था। फिर आप न्यायालय जाते थे। न्यायालय स्टे करता था। गलत काम करने वाला पैसा लेकर विदेशी बैंकों में जमा कर देता था। उनकी प्रॉपर्टी दुनिया में बढ़ती थी। यूपी का युवा ठगा जाता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को चलाने के लिए जितने अधिकारियों- कर्मचारियों की जरूरत होती थी, उतने थे ही नहीं। 2017 में मैं गृह विभाग की बैठक ले रहा था। मुझे बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में ही डेढ़ लाख पद खाली हैं। उस समय की सपा सरकार ने दंगाइयों की काल मानी जाने वाली पीएसी बटालियन की 34 कम्पनियां समाप्त कर दी थीं। चार बार के सपा सरकार के कालखंड में 1500 दंगे हुए थे।



कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को 215 की सहायता राशि वितरित

मुख्यमंत्री ने की नवचयनित उपनिरीक्षकों की रिकवरी माफ

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर चयनित वर्ष 2025 बैच के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने परीक्षा के माध्यम से उपनिरीक्षक बने 1030 आरक्षी और 27 कंप्यूटर ऑपरेटर समेत कुल 1057 अभ्यर्थियों की आठ लाख रुपये की बांड राशि की रिकवरी माफ कर दी है। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने कुल 84 करोड़ 56 लाख रुपये की रिकवरी माफ की है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से आरक्षी से उपनिरीक्षक बने अभ्यर्थियों में खुशी की लहर दौड़ उठी। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी और कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत इन अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर उपनिरीक्षक पद पर चयन हासिल किया है। उपनिरीक्षक पद पर चयन के बाद प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी से आठ लाख रुपये की बांड राशि जमा कराई गई थी। इस राशि की रिकवरी को लेकर अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राहत देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या पर संवेदनशीलता दिखाते हुए रिकवरी माफ करने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से कुल 1057 पुलिसकर्मियों को रिकवरी से राहत मिली है।

नीट यूजी काउंसलिंग 2026

विशेष दौरके बाद भी एमबीबीएस की 411 सीटें रहीं खाली



नयी दिल्ली (आससे.)। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमबीबीएस की 411 सीटें खाली रह गईं। सूत्रों के अनुसार, इस राउंड की सीट मैट्रिक्स में कुल 948 खाली सीटें शामिल थीं। इनमें से 537 सीटें उम्मीदवारों को आवंटित की गईं, जबकि 411 सीटों पर किसी उम्मीदवार को दाखिला नहीं मिल सका। इस बार खाली रह गई एमबीबीएस सीटों की संख्या पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले वर्ष काउंसलिंग के बाद केवल 60 से 70 सीटें ही खाली रह गई थीं।विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन स्नातक मेडिकल काउंसलिंग के नियमित राउंड पूरे होने के बाद बची हुई सीटों को भरने के लिए किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने एमसीसी को काउंसलिंग के चार राउंड आयोजित करने का निर्देश दिया था। हालांकि, कमेटी ने इसके अलावा पांचवां राउंड भी आयोजित किया। इसके बाद भी 411 एमबीबीएस सीटें खाली रह गईं।एमसीसी ने 2 नवंबर 2026 को जारी नोटिस के जरिए विशेष राउंड में दो नई एमबीबीएस सीटें शामिल की थीं। इनमें एक सीट नई दिल्ली के हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में एनआरआई कोटे की थी। दूसरी सीट चेन्नई के स्टेनली मेडिकल कॉलेज में ओबीसी-पीडब्ल्यूडी कोटे की थी। इससे पहले जारी सीट मैट्रिक्स में उपलब्ध रिक्त सीटों का विवरण संस्थान, कोर्स, कोटे और श्रेणी के आधार पर दिया गया था। उम्मीदवारों को इन्हीं उपलब्ध सीटों के अनुसार विकल्प भरने का अवसर मिला।

पीएम मोदी ने देशवासियों को दी भाई दूज की बधाई

बताया भाई-बहन के रिश्ते का महत्व

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोगों को भाई दूज की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के बीच गहरे रिश्ते की मिठास और आत्मीयता का प्रतीक है।



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें लिखा, देश भर के मेरे सभी परिवारजनों को भाई दूज की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं सभी की सुख-समृद्धि की कामना करता हूं। उन्होंने आगे कहा, यह पवित्र त्योहार भाई-बहन के बीच प्रेमपूर्ण और गहरे रिश्ते की मिठास और आत्मीयता का प्रतीक है। भाई दूज रक्षा बंधन की तरह ही है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर धागा बांधती हैं, जो भाई-बहन के बीच के पवित्र रिश्ते को दर्शाता है। भाई दूज के दिन, बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाती हैं, जो उनके प्रति प्रेम और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की प्रार्थना का प्रतीक है।

सिर्फ हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय पर दोषसिद्धि नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय के आधार पर किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। विशेषज्ञ की राय की पुष्टि के लिए ठोस प्रत्यक्ष या परिस्थितिजन्य साक्ष्य होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि हस्तलेखन की पहचान कोई अचूक विज्ञान नहीं है, इसलिए साक्ष्य अधिनियम की धारा 45 के तहत विशेषज्ञ की राय को काफी सावधानी के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की पीठ ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराए गए गोवर्धन को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष किसी दस्तावेज का हस्तलेखन आरोपी से जोड़ने के लिए विशेषज्ञ की रिपोर्ट पर भरोसा करता है और आरोपी रिपोर्ट की सत्यता स्वीकार नहीं करता तो विशेषज्ञ को अदालत में गवाही के लिए पेश करना जरूरी है।



स्वच्छ सर्वेक्षण : नवी मुंबई देश का सबसे साफ शहर

नयी दिल्ली (आससे.)। देश के सबसे साफ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, मध्य प्रदेश के रीवा ने सबसे स्वच्छ नदी तटीय शहरों की श्रेणी में बाजी मारी, जबकि उत्तराखंड के रुद्रपुर को सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर चुना गया। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की सफाई को भी अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया। वहीं, अब तक स्वच्छ शहरों की सूची में पहला स्थान हासिल करते रहे इंदौर को इस बार मेंटर शहरों की सूची में रखा गया। इसमें अहमदाबाद शीर्ष पायदान पर रहा। दूसरे स्थान पर इंदौर रहा। मेंटर शहर का मतलब है, ऐसा शहर जो दूसरे शहर को सफाई करना सिखाए और उसकी मदद करे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिए गए। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस साल इसकी थीम स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ रखी गई। इसका उद्देश्य शहरों में सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़ना है। राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को परखा गया। इसका उद्देश्य नगर निकायों के बीच बेहतर काम करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है। स्वच्छ शहर लीग के तहत भी शहरों के प्रदर्शन का आकलन सफाई और कचरे के सही प्रबंधन जैसे मानकों पर किया जाता है।

स्वच्छता रैंकिंगमें लखनऊ फिर देश में तीसरे स्थान पर

लखनऊ (आससे.)। स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता 2025-26 में एक बार फिर नगर निगम ने देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बुधवार शाम को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव भी साथ रहे। देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान है उसको लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। जिसमें बीते साल अपना शहर 44 वें पायदान से छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच था। इस बार फिर शहर ने अपनी रैंकिंग बरकार रखी और देश भर में फिर तीसरा स्थान पाया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर विशाखापट्नम और दूसरे पर जबलपुर है।



अमूल ने चार रुपये तक बढ़ाये दूध के दाम

नयी दरें लागू

नयी दिल्ली (आससे.)। खुदरा महंगाई के मोर्चे पर आम उपभोक्ता की जेब पर एक और बड़ा बोझ पड़ने जा रहा है। मदर डेयरी के बाद देश की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने भी दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इस बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा आर्थिक असर पड़ेगा। अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये से लेकर चार रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। यह मूल्य वृद्धि अमूल के विभिन्न दूध उत्पादों पर लागू होगी। कंपनी के इस फैसले से दैनिक घरेलू बजट प्रभावित होगा।जीसीएमएमएफ ने इस बढ़ोतरी के लिए जानवरों के चारे, पैकेजिंग मटीरियल और फ्यूल की बढ़ती कीमतों को जम्मिेदार ठहराया है। फेडरेशन ने कहा कि इस बदलाव से बढ़ती इनपुट लागत के बीच दूध प्रोड्यूसर को पेमेंट बेहतर करने में मदद मिलेगी। अमूल द्वारा जारी बयान के अनुसार, दूध की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपये से चार रुपये तक का इजाफा किया गया है। यह वृद्धि उपभोक्ताओं को अब महंगा दूध खरीदने के लिए मजबूर करेगी। इस कदम से दूध और दूध से बने उत्पादों की लागत भी बढ़ सकती है। डेयरी सेक्टर में आमतौर पर सर्दियों का समय %फ्लश सीजन% माना जाता है, जब मवेशियों से दूध की आवक और उपलब्धता प्राकृतिक रूप से सुधर जाती है और कीमतें स्थिर रहती हैं। हालांकि, इस बार बाजार में दूध की आपूर्ति पर गहरा दबाव देखा जा रहा है और दुधारू पशुओं की उत्पादकता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

एटा में जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। शराब पीने के बाद तीन युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तीनों युवक घर से करीब 500 मीटर दूर एक चारपाई पर पड़े मिले थे।गांव के ही एक युवक सिंटू ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अजीत (18), शिवकुमार (19) और जीतू (20) के रूप में हुई है। अजीत महाराष्ट्र में टमाटर का कारोबार करता था। शिवकुमार कक्षा 12 का छात्र था। जीतू महाराष्ट्र में शटरिंग का काम करता था।बताया गया कि गांव के महिपाल के बेटे लोकेंद्र का विवाह तय हुआ था। इसी खुशी में तीनों युवक एक बोतल शराब लेकर आए थे। उन्होंने गांव के स्कूल में बैठकर शराब पी थी। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।शराब पीने के बाद तीनों युवक बाइक लेकर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें चक्कर आने लगे और वे गिर गए। पास में पड़ी एक चारपाई पर वे लेट गए थे। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। गांव के ही सिंटू ने तीनों को चारपाई पर पड़ा देखा था। उनके हाथों की हालत खराब होने पर सिंटू तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। हालांकि, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक का माहौल है।

मुकदमों का बोझ कम करनेके लिए अब शाम को भी लगेंगी अदालतें

देवरिया (आससे.)। देश की अदालतों में लंबित करोड़ों मुकदमों के जल्द निस्तारण के लिए केंद्र सरकार नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत नियमित अदालती कार्यवाही के बाद शाम को भी तीन से चार घंटे अदालतें चलाने की योजना है। शुरुआत में इवनिंग कोर्ट का पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। इसके अलावा सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सेवाएं लेने और दशकों से लंबित मुकदमों की पहचान कर उनकी प्राथमिकता से सुनवाई कराने की भी तैयारी है। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को देवरिया में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने लंबित मुकदमों का बोझ बड़ी चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट में 96 हजार से अधिक, देश के 25 हाईकोर्ट में करीब 70 लाख और जिला व अधीनस्थ अदालतों में लगभग चार करोड़ 30 लाख मामले लंबित हैं। मुकदमों के लंबे समय तक चलने से आम लोगों को समय पर न्याय मिलने में परेशानी होती है। सरकार इस समस्या के समाधान के लिए नए विकल्पों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पहली बार लंबित मुकदमों का एजिंग एनालिसिस कराने की पहल की जा रही है। इसके तहत यह पता लगाया जाएगा कि कौन सा मामला कितने वर्षों से अदालत में लंबित है। 20, 30 और यहां तक कि 40 साल पुराने मुकदमों को चिह्नित कर उनकी प्राथमिकता से सुनवाई कराने का प्रयास होगा। ऐसे मामलों को कॉज लिस्ट में प्राथमिकता दिलाई जाएगी। कई मुकदमों में स्थिति यह है कि गवाहों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन सुनवाई अब तक जारी है। चेक बाउंस से जुड़े मामलों की संख्या भी काफी अधिक है।

सपाके पूर्व सांसद अरविंद चौधरी समेत सैकड़ों समर्थक भाजपा में

लखनऊ (आससे.)। यूपी चुनाव के पहले भाजपा ने सपा को एक बड़ा झटका देते हुए, बस्ती से पूर्व सांसद अरविंद चौधरी और बांदा के सपा नेता अनिल यादव को अपने पाले में कर लिया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में दोनों नेताओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाकर दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है और उसके परिश्रम, समर्पण व योगदान को सम्मान मिलता है। चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि अरविंद चौधरी और अनिल यादव के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले लगभग 12 वर्षों में देश द्वारा विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास% के मंत्र को केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर चरितार्थ किया है। गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने जैसे कार्यों में बिना किसी भेदभाव के प्रगति हुई है। भाजपा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने देश में अराजकता फैलाने और लोकतांत्रिक वातावरण को प्रभावित कर भारत को अस्थिर करने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या देश को बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसी परिस्थितियों की ओर धकेलने की कोशिश की जा रही है, या देश में तख्तापलट जैसी परिस्थितियां उत्पन्न करने की मंशा है। उन्होंने देशवासियों से ऐसे प्रयासों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है और देश के नौजवानों व जागरूक जनता ने अराजकता फैलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव केवल किसी व्यक्ति की जीत या सरकार बनाने का चुनाव नहीं, बल्कि देश की स्थिरता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का भी विषय है। देश को अस्थिर करने वाली शक्तियों के मंसूबों को विफल करना हम सभी का दायित्व है।

अकेले पैन कार्ड और वोटर आईडी भारतीय नागरिकता का सबूत नहीं

गुवाहाटी । भारत की नागरिकता को लेकर गुवाहाटी हाई कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की है. अदालत ने कहा है कि बिना औपचारिक जांच के सिर्फ सेफ्ल डिक्लेरेशन के आधार पर जारी किए गए पैन कार्ड और वोटर आईडी अपने आप में भारतीय नागरिकता साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है. कोर्ट ने कहा कि नागरिकता के सबूत के तौर पर इन दस्तावेजों को तभी स्वीकार किया जा सकता है, जब इनके आधार में मौजूद मूल रिकॉर्ड भी प्रमाणित हों. जस्टिस कल्याण राय सुराना और जस्टिस सुस्मिता फूकन खौंड की बेंच ने एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की. महिला ने फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसे 25 मार्च, 1971 के बाद भारत में प्रवेश करने वाला विदेशी घोषित किया गया था. हाई कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता अपने कथित पिता और दादा-दादी के साथ अपना पारिवारिक संबंध विश्वसनीय और ठोस सबूतों के जरिए साबित नहीं कर सकी. वह सिटीजन एक्ट, 1955 की धारा 6A(2) के तहत अपने कथित दादा-दादी और पिता के असम में लगातार निवास को भी प्रमाणित करने में विफल रही. याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसका जन्म 25 अप्रैल, 1977 को असम में हुआ था. अपने दावे के समर्थन में उसने 1966 और 1970 की वोटर लिस्ट पेश की थीं, जिनमें उसके दादा-दादी के नाम दर्ज थे. इसके अलावा, उसने अपने पिता का पैन कार्ड और वोटर आईडी, राशन कार्ड और ह्रस्ट आवेदन की रिसीट भी सबूत के तौर पर पेश की थी. याचिकाकर्ता का कहना था कि उसके पिता भारतीय नागरिक थे. उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज था. उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी लड़े थे और गुवाहाटी नगर निगम में निर्वाचित पार्षद के रूप में भी काम किया था। हालांकि, फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल ने उसका दावा खारिज कर दिया था।

प्रणब की पीएम महत्वाकांक्षा से लेकर बच्चे की मौत तक

नयी दिल्ली । कांग्रेस की नेता और गांधी परिवार की बड़ी बहू सोनिया गांधी की ऑटो-बायोग्राफी बिलॉनिंगः अ जर्नी ऑफ लव मंगलवार लॉन्च हुई. जैसे ही किताब लॉन्च हुई, इसकी खरीदी पर लोगों से लेकर सोशल मीडिया तक होड़ देखने को मिली. इसकी वजह उसमें लिखे गए उनके संस्मरण. जिसमें उन्होंने अपने पहले बच्चे की मौत से लेकर पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पीएम बनने की महात्वाकांक्षा तक का जिक्र किया है. किताब में पीएम मोदी के अलावा कई पारिवारिक रिश्तों जिनमें मेनका गांधी का भी जिक्र है. हालांकि उनकी किताब पर विपक्ष की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। पीएम मोदी का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी ने अपनी किताब में लिखा कि हम कभी-कभी कहीं कार्यक्रमों में मिलते हैं. जैसे स्पीकर चैंबर में. वो जब भी मेरे सामने आते हैं, तो हम एक दूसरे को नमस्ते कहकर अभिवादन करते हैं. यह पहले के समय से अलग है. जहां अलग-अलग पार्टियों के नेता से आत्मीयता से मुलाकात की जाती है. सोनिया ने लिखा कि वो दूसरी और देखते हैं ताकि आंख न मिलानी पड़े. हमारे दौर के सत्ताधारी वर्ग को लेकर उनकी जो असहजता थी, उसे मैं अच्छी तरह समझने लगी थी. वो निश्चित रूप से एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर आरएसएस में ताकतवर बने थे. सोनिया गांधी ने प्रणब मुखर्जी को लेकर भी खुलासा किया. उन्होंने कहा कि 2010 में मुखर्जी ने उनसे कहा था कि शायद अब ऊपर बदलाव का वक्त आ गया है. सोनिया ने किताब में इसे उनके पीएम बनने की इच्छा का संकेत करार दिया. इसके अलावा उन्होंने कहा कि उस वक्त मनमोहन सिंह यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पीएम बने थे. प्रणब का पी. चिदंबरम से गंभीर मतभेद था उन्होंने नरमी से विषय बदल दिया था। हालांकि प्रणब मुखर्जी ने इसका कोई मलाल नहीं

सोनिया की आत्मकथा और विपक्ष के उठते सवाल

रखा. 2012 में पार्टी ने उन्हें राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था और वो जीत गए थे. सोनिया ने लिखा कि 2004 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला. पूरे देश को उम्मीद थी कि सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनेंगी, लेकिन उन्होंने पीएम पद ठुकरा दिया. इसके पीछे उन्होंने कारण बताया कि राहुल और प्रियंका गांधी नहीं चाहते थे कि वो पीएम बने। इस फैसले को उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज भी करार दिया. इसके बाद मनमोहन सिंह को पीएम बनाया गया था। किताब में सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के साथ उनकी मुलाकात का जिक्र भी किया. उन्होंने बताया कि एक पार्टी में राजीव गांधी से इटली में मुलाकात हुई थी. फिर दोनों के बीच प्यार हुआ. शादी के बाद वह भारत आईं और एक पारंपरिक बहू के तौर पर जिम्मेदारी संभालने



लगीं. भाषा, खान-पान और रीति रिवाज सीखे. राजीव के साथ उनका रिश्ता आसान नहीं था, लेकिन गहरा था। इसके अलावा सोनिया गांधी ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या का जिक्र भी किया। उन्होंने किताब में लिखा है कि राजीव की मौत के बाद उनकी जिंदगी का सबसे अंधकार भरा दौर था। सोनिया ने राजनीति में आने का विचार इसलिए किया क्योंकि पार्टी और परिवार को साथ रखना जरूरी था. किताब में सोनिया गांधी ने राहुल गांधी से पहले एक और बच्चे का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि 18 जनवरी 1969 को तय तारीख से दो दिन पहले ही एक बेटे को जन्म दिया. परिवार बहुत खुश था. लेकिन खुशियां बस एक दिन ही टिक पाई. उनके पति राजीव और देवर संजय ने बच्चे को महारैली में उनके पिता के फॉर्म हाउस पर दफनाया था। इसके अलावा जो सबसे विवादित हिस्सा राजनीतिक तौर पर बनता जा रहा है, वो सोनिया गांधी का ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर जिक्र है. इस पर उन्होंने लिखा है कि इस सैन्य कार्रवाई के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी बेहद दुखी और भावुक थीं. तबाही की तस्वीरें देखने के बाद इंदिरा गांधी की आंखों में पछतावे के आंसू थे. सोनिया गांधी की किताब पर विपक्षी नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है. बीजेपी नेता विजय सिन्हा ने कहा कि सोनिया गांधी विदेशी होते हुए भी जब हमारे देश की बहू बन गईं, तो हम उन्हें स्वीकार करते हैं. हम उनका सम्मान करते हैं. हमारा तो ये संस्कृति और संस्कार रहा है कि बहू कहीं से भी हो, वो घर की सम्मान हैं, वो घर की लक्ष्मी हैं, वो जब हमारी संस्कृति को स्वीकार करती हैं तो हम देवी के रूप में उनका सम्मान करते हैं।

आधा दर्जन दबंगों ने ग्रामीण को जमकर पीटा

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। खेत पर गलत बाउंड्री बनाने का आरोप लगाते हुए करीब आधा दर्जन आरोपियों ने एक ग्रामीण को जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का भाई अपने साथी के साथ ढूंढते हुए खेत पर पहुंचा तो वह घायल अवस्था में वहां पड़ा मिला। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस सूचना दी और थाना सीबीगंज पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर के माध्यम से मुकदमा पंजीकृत कराया। घटना थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव दौली रघुवर दयाल की है। दर्ज मुकदमे के अनुसार गांव निवासी मोहम्मद असलम ने अपने खेत में बाउंड्री बनवाई है। जिसे भारत सिंह यादव ने गलत बताते हुए 7 नवंबर को डायल 112 पर इसकी शिकायत की। सूचना पर डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो असलम के खेत में तार की बाउंड्री के अंदर सीमेंट की बाउंड्री बनी हुई थी। जब वह उसी रात 12 बजे अपने खेत पर पहुंचा तब बाउंड्री गिरने की आवाज आई। आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद भारत सिंह यादव व उसके दोनों पुत्रों ने तीन चार अन्य लोगों के साथ उसे पकड़ लिया और बुरी तरह मारा पीटा। जिस वह घायल हो गया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसी दौरान उसके भाई युसूफ अपने साथी हसीन के साथ उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो वह घायल अवस्था में मिला और भाई ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने थाना सीबीगंज पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुआ विवाद युवक समेत तीन लोगों को लाठी-डंडों से पीटा

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। घर के पास खाली पड़ी जमीन पर ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसकी दो बहनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने इकबाल, उसके बेटे वसीम और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सतुइया खास निवासी मोनू कुमार पुत्र छत्रपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पास खाली पड़ी जमीन उसके चाचा की है। इस जमीन पर परिवार के लोग अपने ट्रैक्टर खड़े करते हैं। आरोप है कि 10 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे उसका भाई खेत की जुताई कर घर लौटा था। खाना खाने के बाद वह ट्रैक्टर खड़ा करने लगा। इसी दौरान गांव के इकबाल, उसका बेटा वसीम और उनके कुछ रिश्तेदार वहां पहुंच गए। उन्होंने ट्रैक्टर हटाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि भाई ने खाना खाने के बाद ट्रैक्टर हटाने की बात कही तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीचबचाव करने पहुंचीं मोनू की बहन लक्ष्मी और छाया को भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया विकासखंड भदपुरा के क्षेत्र कस्बा क्योलड़िया, नकटी नरायनपुर, टिरिया बन्नो जान, बहिर जागीर, भौआ बाजार,धनौर जागीर,जबेदा जबेदी, समेत आदि गांव में भाई दूज का पर्व मनाया गया सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों को तिलक लगाया तथा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। कई स्थानों पर विवाहित बहनें भी अपने मायके पहुंचीं और भाइयों के साथ इस पर्व की खुशियां साझा कीं बाजारों में भी मिठाइयों, फलों और उपहारों की दुकानों पर रौनक दिखाई दी। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाने के साथ ही परिवार में प्रेम, एकता और खुशियों का संदेश देता है। पूरे क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित कार ने मोपेड को मारी टक्कर, उपचार के दौरान दो की मौत

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। बरेली दिल्ली हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर एक मोपेड पर सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पर भेजा। जहां उपचार के दौरान दोनों घायलों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भर उन्हें पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना बरेली-दिल्ली बड़ा बाईपास के अटा कायस्थान तिहारे की मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे की है। बताया जाता है कि गांव सनईया रानी निवासी 62 वर्षीय राजमिस्त्री असगर अली और सरनिया गांव


मृतका का फाइल फोटो

निवासी 60 वर्षीय मुरादन उर्फ छोटी मोपेड से भोजीपुरा मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह अटा कायस्थान तिहारे पर पहुंचे कि एक कार ने अनियंत्रित हो उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोपेड सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल असगर अली और मुरादन को उपचार हेतु एक अस्पताल पर भेजा जहां उपचार के दौरान पहले असगर अली और फिर देर शाम घायल मुरादन ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना पुलिस के अनुसार कार को फरीदपुर के ढकनी राजपुरी निवासी सिराज हुसैन चला रहा था और वह झुमका तिराहे की ओर जा रहा था। गलत दिशा में सड़क पार करते समय उसकी कार मोपेड से टकरा गई। वहीं हादसा होते ही कार चालक मौके से फरार हो गया। मुरादन के बेटे लईक ने बताया कि उसकी मां मजदूरी करके परिवार का पेट पालती थी। परिवार में तीन बेटे हैं। वहीं असगर अली राजमिस्त्री था। दोनों काम करने के लिए जा रहे थे। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। सीओ द्वितीय नितिन कुमार के अनुसार पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है और पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

ससुराल गए युवक को पीटा, दी धमकी

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। ससुराल गए युवक ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मीरापुर निवासी गुलशन पुत्र श्रीराम लाल ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि 9 नवंबर को शाम करीब 8 बजे वह अपनी ससुराल, ग्राम भिटौली नगला गया था। गुलशन के मुताबिक, वहां के विक्की पुत्र डालचंद ने बिना किसी बात के गालियां दीं। गुलशन ने जब उसे रोकने की कोशिश की, तो विक्की ने लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि गुलशन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

भैया दूज मनाने ससुराल आये युवक पर तेंदुआ ने किया हमला

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। जिला शाहजहांपुर के खुदागंज के प्रेमपाल अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के गांव अमीन नगर गुलडाई में भैया दूज के अवसर पर अपनी ससुराल आ रहे थे जैसे ही रास्ते में अमीन नगर के पास पहुंचे वहीं पर खेत मे छिपे मौजूद तेंदुआ ने प्रेम पाल के ऊपर हमला कर दिया जिससे प्रेमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए परिजनों ने पीआरबी को सूचना दी जिस पर पीआरबी ने तेंदुआ के हमले से घायल प्रेमपाल को सीएससी में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है तेंदुआ के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

अनियंत्रित मिनी बस की चपेट में आने से युवक की मौत

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। तेज गति से आ रही एक मिनी बस ने अनियंत्रित होकर गलत दिशा में जाकर एक युवक को चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मिनी बस ने एक ई रिक्शा को भी टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार हेतु एक निजी अस्पताल पर भर्ती कराया। जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए मृतक का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना सीबीगंज के गांव अटा कायस्थान निवासी दूल्हा खां पुत्र इब्राहिम खां के अनुसार 6 नवंबर को उसका पुत्र जुनैद खान नवाज पढ़ने जामा मस्जिद गया था। जब वह अपराहन करीब 2:15 बजे घर वापस आ रहा था तो जैसे ही वह बड़ा बाईपास के अटाकायस्थान गांव के मोड़ पर पहुंचा कि तभी बिलवा की तरफ से एक तेज गति से मिनी बस आई और अनियंत्रित हो गलत दिशा में आकर उसके पुत्र को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान मिनी बस ने एक ई रिक्शा को भी टक्कर मार दी। सूचना पर वह घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में अपने पुत्र को महानगर स्थित एक निजी अस्पताल पर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान देर रात करीब 3 बजे उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता ने थाना सीबीगंज पहुंचकर लिखित तहरीर के माध्यम से आरोपी मिनी बस व चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

इनर व्हील बरेली ग्लो की सदस्याओं ने केंद्रीय कारागार में बंदियों से नेग में अच्छा आचरण मांगा

बरेली (आज समाचार सेवा)। आज चारटर अध्यक्ष डॉ चारु मेहरोत्रा के नेतृत्व में इनर व्हील बरेली ग्लो के सदस्यों ने केंद्रीय कारागार में बंदियों को भाई दूज के उपलक्ष में तिलक लगाया वह मिष्ठान वितरण किया 100 के करीब लंबी सजा प्राप्त बंदियों इसमें उपस्थित हुए यह वह थे जिनके परिवार से लंबे समय से कोई भी उनसे मिलने नहीं आया भाई दूज का तिलक लगाते समय वातावरण बहुत ही भावुक हो गया सभी को अपने पुराने दिन याद आने लगे सभी की आंखें नम हो गई । चार्टर अध्यक्ष डॉक्टर चारू मेहरोत्रा ने सभी बंदियों को संबोधित करते हुए कहा की जो हो गया सो हो गया परंतु आप वर्तमान और भविष्य को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण और प्रेम पूर्ण बनाना है यह कारागार वास्तविक



रूप से आपसी भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है आज हम इस अवसर पर नेग में आप सभी से एक शांत व संयमित जीवन या इनर व्हील बरेली ग्लो की सभी बहनें व्यवहार बनाए रखने का प्रण मांगती है जो हो गया उसे तो टाला नहीं जा सकता परंतु वर्तमान व भविष्य को संवारा जा सकता है दीपावली का त्यौहार तो वैसे भी बुराइयों पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है बरेली ग्लो की सचिव डॉक्टर अलका मेहरोत्रा ने कहा की एक गलत कदम क्षण भर में ही संपूर्ण जीवन बदल देता है अत: हमें संयम बरतना चाहिए इस अवसर पर जेल सुपरिंटेंडेट अविनाश गौतम जी भी उपस्थित रहे उन्होंने क्लब की सदस्यों को धन्यवाद दिया कि वह अपना समय निकालकर यहां आई और इन लंबे समय से घर से अलग बंदियों के साथ त्यौहार मनाया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बंदियों के अंदर एक आशा और उत्साह उत्पन्न करते हैं और उन्हें आनंद प्रदान करते हैं जेलर श्री संजय सिंह तथा सोनम चौधरी भी उपस्थित रहे उन्होंने भी क्लब की सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दी भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम करने का आश्वासन मांगा कार्यक्रम आयोजन में क्लब के सदस्य दितीप्रिया, रेनू शर्मा, अनुष्का ,शिवानी, बरखा आदि का सहयोग रहा डॉक्टर चारू ने अंत में सभी को धन्यवाद दिया।

महिला के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस से शिकायत

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया निवासी शांति देवी पत्नी स्वर्गीय बृजनंदन प्रसाद अवस्थी ने गांव के ही दंपती पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 10 नवंबर की शाम करीब पांच बजे वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि तभी मोनी और नीलांबर लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में महिला के हाथ में चोट आई। शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

घर के सामने गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के गांव बरसिया निवासी तुलसीराम पुत्र वेगराज ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 8 नवंबर की रात करीब आठ बजे अशुल, हिमांशु और विशाल उसके घर के सामने चाबी बुला रहे थे विरोध करने से दरवाजा खटखटाकर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपी वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद मीना देवी के साथ लाठी-डंडे लेकर वापस आए और पीड़ित के साथ मारपीट की। पुलिस ने घायल का सीएचसी नवाबगंज में मेडिकल कराया, जहां से जिला अस्पताल बरेली रेफर किया गया। 11 नवंबर को उपचार के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

मोटर चोरी, मारपीट व शांति भंग के मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार भेजा जेल

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्योलड़िया पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर मोटर चोरी के मामले में दर्ज मुकदमा संख्या 360/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के आरोपी निर्वान सिंह पुत्र लालता प्रसाद निवासी जवेदा जवेदी थाना क्योलड़िया को गिरफ्तार किया गया। वहीं मुकदमा संख्या 361/2026 धारा 74, 115(2), 333 बीएनएस के आरोपी चमन पुत्र प्रेमदास निवासी गांव ढकिया बरकली को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके अलावा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दिलीप पुत्र बुजनन्दन तथा हरिशंकर पुत्र नत्थूलाल निवासी ग्राम पुरैनिया थाना क्योलड़िया को भी हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी कर्म सिंह पाल वरिष्ठ उपनिरीक्षक सिद्धार्थ गोस्वामी सचिन कुमार सुमित यादव ने मुखबिर की सूचना पर चारों आरोपियों क गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 11 नवंबर 2026 को माननीय न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का संदेश दिया गया है।

जय चित्रगुप्त यमेश तब, शरणागतम् शरणागतम्

दहिनें कर लेखनी बिराजे, बायें कर पुस्तक छवि छाजे ...



बरेली (आज समाचार सेवा)। **श्रीचित्रगुप् समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा** द्वारा महादेव पुरम स्थित श्री धर्महरि चित्रगुप्त धाम एवं वानप्रस्थ आश्रम एवं गुद्धड़ बाग स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में भगवान् श्रीचित्रगुप्त जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ, सभी लोगो ने दीपोत्सव कार्यक्रम मे दीप प्रज्वलित कर भगवान् की आराधना की। इस कार्यक्रम मे राकेश कुमार सक्सेना, अनूप सक्सेना, अरविंद जौहरी, प्रतिभा जौहरी, नीलम रानी, अभिषेक सिन्हा, सुधीर कुमार, नितीश सक्सेना, बिमल, कुमार, पूनम सक्सेना, अनिल सक्सेना, ब्यूटी जौहरी, केतन, शिवांग सक्सेना, मयंक सक्सेना, अंकित सक्सेना, वैशाली सक्सेना, सुधीर महान आदि लोग उपस्थित रहे। **घर-घर बिराजे भगवान श्री चित्र गुप्त महाराज** । बरेली शहर में लाखों घरों में यमद्वितीया पर्व पर आज बुधवार को जन्म-मृत्यु का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज बिराजे। सभी ने पूजा अर्चना का प्रारंभ चित्रगुप्त वंदना और आरती से किया। जगह-जगह पर सभी चित्रांश बंधुओं ने कलम दवात की पूजा की। इसी क्रम में बिहारीपुर कहरवान में मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा के निवास पर भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के पूजन का प्रारम्भ विधि-विधान के साथ चित्रगुप्त जी की वंदना से जाह्नवी और प्रकल्प द्वारा किया गया। कलम दवात की सभी ने पूजा की और श्री चित्रगुप्त की आरती से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मिष्ठान और फल का वितरण हुआ। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, प्रकाश, मुकेश, अरुणा, राजीव, प्रकल्प और सुमि उपस्थित रहे। **चित्रांश समाज ने चित्रगुप्त चौक पर किया सामूहिक कलम-दवात का पूजन** बरेली यमद्वितीया पर श्री चित्रगुप्त जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति श्री चित्रगुप्त सेवा समिति द्वारा कोहड़ापीर स्थित चित्रगुप्त चौक पर कायस्थ समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर संपूर्ण ब्रह्मांड का लेखा-जोखा रखने वाले अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज एवं उनके प्रतीक चिन्ह कलम दवात का सामूहिक हवन पूजन करके समस्त मानव जाति के उत्थान एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक गौरव सक्सेना पार्षद ने बताया कि कायस्थ समाज दीपावली पर लक्ष्मी गणेश जी की पूजा के साथ अपनी कलम रख देते हैं और यमद्वितीया पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी एवं उनके प्रतीक चिन्ह कलम दवात की पूजन के बाद ही कलम उठाकर लिखने पढ़ने का कार्य करते हैं, उन्होंने बताया कि समाज में शिक्षा का संदेश देने के लिए ही कोहड़ापीर पर श्री चित्रगुप्त सेवा समिति द्वारा चित्रगुप्त चौक पर कलम दवात प्रतीक की स्थापना कराई गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अतुल सक्सेना, अनिलेश सक्सेना, अनिल जौहरी, अविनाश सक्सेना, निर्भय सक्सेना, अभय भटनागर, दिनेश सक्सेना, कमल भारती, सत्यप्रकाश सक्सेना, दीपक सक्सेना, रूपम जौहरी, विपिन सक्सेना, रत्नेश सक्सेना, शक्ति मंगलम, अनिल कंचन, आयुष सक्सेना, अक्षत सक्सेना, शुभम आजाद, चिरंजीव आजाद, अनिल कुदेशिया, सुरेंद्र मोहन, मनी सक्सेना, धर्मेंद्र सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना, राजीव सक्सेना, आदित्य सक्सेना, संजीव सक्सेना, सौरभ सक्सेना आदि मौजूद रहे। बरेली **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा** के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में यम द्वितीया भाई दूज के शुभअवसर पर सुभाषनगर तपेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में महाआरती की गई, तत्पश्चात दीपोत्सव का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने यम द्वितीया का महत्व भी बताया दरअसल, भाई दूज पर यम ने अपनी बहिन यमुना को एक वरदान दिया था. इस वरदान के अनुसार भाई दूज के दिन जो भाई अपनी बहन के यहां जाकर, बहन के हाथों माथे पर तिलक लगवायेगा और उसके यहां भोजन करेगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा. इसलिए भाई दूज के इस त्योहार को यम द्वितीया भी कहा जाता है. चूंकि भगवान चित्रगुप्त यम देव के सहायक हैं, इसलिए भाई दूज के दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा भी की जाती है। कार्यक्रम में सरंक्षक वीरेंद्र रायजादा, बरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर मोहन, उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, संतोष सक्सेना, महासचिव श्यामदीप सक्सेना, महिला अध्यक्ष मीरा मोहन, युवा अध्यक्ष अमित आनंद, अभिषेक सक्सेना, मनोज सक्सेना गोपाल धूप बाले, रजनी सक्सेना, मुकेश कुमार सक्सेना यूनाइटेड आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। बरेली आज करगैना स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर में **अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा, बरे**ली के माननीय पदाधिकारियों एवं संगठन के सदस्यों ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष शीश नवाकर समाज की सुख-समृद्धि, एकता, उन्नति एवं संगठन की निरंतर प्रगति की कामना की। इस धार्मिक अवसर पर मुख्य रूप से श्री एस.पी. सक्सेना, श्री अशोक सक्सेना, श्री अरुण कुमार भटनागर, श्री अनिल कुमार सक्सेना, श्री अक्षय कुमार बिसारिया, श्री वेद प्रकाश, श्री कृष्ण अवतार एवं श्री राहुल सक्सेना सहित संगठन के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने समाज में आपसी भाईचारे, एकता एवं संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। **ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसाइटी,** मां गंगा बचाओ वेलफेयर सोसाइटी, महिला कल्याण समिति एवं भैरव सेवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन बाबा श्री विश्वनाथ मंदिर, निकट बेकमा हाऊस, बरेली के प्रांगण में पंचम यम द्वितीया पूजन समारोह भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। यह आयोजन मां गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ, रक्तदान महादान, सनातन एवं आध्यात्म चिंतन को समर्पित रहा। संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना के नेतृत्व में तथा संरक्षक सी.एल. शर्मा एवं अनुपम कपूर के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में यम द्वितीया के पावन पर्व पर भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना तथा कलम-दवात पूजन की परंपरा निभाई गई। कार्यक्रम में संगठन परिवार का संकल्प प्रस्तुत किया गया कि भगवान चित्रगुप्त जी महाराज सर्व समाज के भगवान हैं। इस भावना को सभी उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार एड. रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन आनंद ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, वरिष्ठ व्यापारी नेता वीरेंद्र प्रसाद खंडेलवाल, पंकज अग्रवाल, प्रदीप सक्सेना, अमर सिंह परमार आदि शामिल रहे। तीन सत्रों में हुआ आयोजन आयोजन तीन सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में प्रख्यात कथा व्यास गोपाल कृष्ण ठाकुर जी महाराज के करकमलों द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी की विधिविधान से पूजा-अर्चना, हवन पूजन एवं कलम-दवात पूजन मंत्रोच्चारण के मध्य कराया गया। भक्तों ने श्रद्धा और भाव से पूजन में सहभागिता की। द्वितीय सत्र में 'भगवान चित्रगुप्त जी सर्व समाज के भगवान हैं क्यों और कैसे' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद भजन संध्या ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तृतीय सत्र में 2151 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया तथा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में दीपों की रोशनी और भक्तों के जयकारों से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। **सम्मान एवं संकल्प** कार्यक्रम के दौरान संगठन परिवार की ओर से समाज में योगदान देने वाले दिग्गजों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को मां गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ, रक्तदान महादान, सनातन एवं आध्यात्म चिंतन के प्रति जागरूक किया गया। सभी ने सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान, गौ सेवा एवं रक्तदान के लिए संकल्प लिया। इसके उपरांत उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना के अतिरिक्त सचिन श्याम भारतीय, अमित कुमार, अनुराग सक्सेना, संजीव सक्सेना, जीतेश राज नक़्श, उमेश त्रिगुणायत, आशीष प्रधान, श्वेता प्रधान, हरजीत कौर, रवि प्रकाश शर्मा, प्रवीण शर्मा, कनिष्क शर्मा, अंकुर सक्सेना, विशेष कुमार, अभिषेक सक्सेना, अखिलेश शर्मा, रवि सक्सेना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए संरक्षक रजनीश सक्सेना ने सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, सेवा, एकता एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। सभी संगठनों ने संकल्प लिया कि मां गंगा, गौ, बेटी एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। **कायस्थ चेतना मंच** ने सूरज भारती मंदिर भूड़ में पहले कलम की पूजा कर उसपर कलावा बांध कर भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित किया इसके बाद मंदिर परिसर में दीप दान किया। इस अवसर पर कायस्थ समाज ने देश भर के सभी न्यायालय में भगवान चित्रगुप्त की चित्र लगाने की मांग की। इस अवसर पर कायस्थ चेतना मंच अध्यक्ष संजय सक्सेना, अमित सक्सेना बिंदु, विजय सक्सेना, डॉ विकास सक्सेना, शिव कुमार बरतरिया, अनुज कांत, वेद प्रकाश कातिब, पंकज जौहरी पंछी जी, पार्षद शालिनी जौहरी, अनीता मुकेश, ऋतु सक्सेना, प्रतिभा जौहरी, निरंजना, स्वाति, अविनाश सक्सेना, अभय भटनागर, रमेश चंद्र वर्मा, विशन चंद्र गार्ड, विजय सक्सेना, विजय सर्वाही, पंडित श्रवण आदि ने दीपदान में सहयोग किया। रामपुर रोड के टोल प्लाजा स्थित एकल भगवान चित्रगुप्त के मंदिर में महामंडलेश्वर ने हवन पूजन कराया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, वेद प्रकाश कातिब, निर्भय सक्सेना, अभय भटनागर, राजीव सक्सेना आदि उपस्थित रहे। सभी को कलम भेंट किए गए।

जनपद में धूमधाम से मनाई गई भैयादूज, भाइयों के घर तिलक करने पहुंचीं बहनें



पीलीभीत। जनपद में भैयादूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही त्योहार को लेकर घरों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनें सज-संवरकर अपने भाइयों के घर पहुंचीं और विधि-विधान से उनका तिलक कर उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। बहनों ने भाइयों के लिए मिठाइयां, फल और अन्य उपहार खरीदे। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भैयादूज पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी खुशहाली और दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य एकत्रित हुए और आपसी प्रेम एवं भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व खुशियों के साथ मनाया। पूरे जनपद में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

धूमधाम से की गई भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना



पीलीभीत। जनपद में कायस्थ समाज की ओर से भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कर भगवान चित्रगुप्त महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के समक्ष कलम, दवात और लेखनी स्थापित कर विशेष पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। मंदिर एवं पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मान्यता है कि भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज सृष्टि के प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। कायस्थ समाज उन्हें अपने आराध्य देव के रूप में पूजता है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सिद्ध बाबा मढ़ी पर 29वां विशाल दुर्गा जागरण, भजनों और मनमोहक झांकियों ने मोहा भक्तों का मन



बरखेड़ा (पीलीभीत)। नगर के प्रसिद्ध मेला सिद्ध बाबा मढ़ी परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29वें विशाल दुर्गा जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जागरण में अमित हनुमान आर्ट्स एंड पार्टी द्वारा शानदार धार्मिक प्रस्तुतियां दी गईं। पूरी रात चले इस जागरण में महिला एवं पुरुष कलाकारों ने अपनी मनमोहक झांकियों और भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में रुद्रपुर की बुलबुल, बरेली की माही पुजारी (नाथ नगरी), मुरादाबाद की अनु पगली तथा बाजपुर के सत्य पेंटर सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही पर डीएम सख्त, ग्राम विकास अधिकारी निलंबित



लखीमपुर खीरी। गोवंशों के संरक्षण और उनके रखरखाव में लापरवाही पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील एवं ब्लॉक मितौली की ग्राम पंचायत तेंदुआ स्थित गो आश्रय स्थल लोहन्ना का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में खामियां मिलने और कर्तव्यों एवं कार्यदायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल के एक हिस्से में जलभराव की समस्या सामने आने पर डीएम ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले हिस्से में मौजूद गोवंशों को तत्काल आश्रय स्थल के ऊंचे एवं सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। जलभराव वाले क्षेत्र में ग्राम निधि से मिट्टी का पटान कराकर आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि वहां गोवंशों के लिए सुरक्षित एवं उपयुक्त आश्रय स्थल विकसित किया जा सके। इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने और उसकी निगरानी की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौंपी। डीएम ने आश्रय स्थल में गोवंशों के भरण-पोषण की व्यवस्थाओं पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंशों के लिए भूसे का पर्याप्त भंडारण रखा जाए और हरे चारे की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही साफ-सफाई, गोवंशों के रखरखाव और अन्य जरूरी सुविधाओं की पड़ताल करते हुए चिह्नित कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर डीएम ने ग्राम पंचायत के प्रशासक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक कहा कि गोवंशों की सुरक्षा, संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। कार्यदायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने वालों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मितौली संतदास पवार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ग्राम पंचायत के प्रशासक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

युवक की कार से टक्कर लगने पर मौत, परिवार में मचा कोहराम

दियोरिया कलां। हरदोई के सांडी नगर में सोमवार शाम घूमने निकले पैदल जा रहे पल्लेदार को कार ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। गंभीर हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर्स ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था।उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुड़िया भगवंतपुर निवासी आदेश मिश्रा 45 वर्षीय की हरदोई के सांडी नगर में कार की टक्कर लगने से सोमवार शाम उसकी मौत हो गई। छोटे भाई उपदेश मिश्रा ने कहां है कि भाई आदेश रुद्रपुर में रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में पल्लेदारी करते थे। उनकी शादी लगभग 18 साल पहले सांडी थाना क्षेत्र के रैंग गांव निवासी नीतू के साथ हुई थी। नीतू के मायके वाले अब सांडी नगर में कोतवाली क्षेत्र के बाबा मंदिर के पास रहते हैं। वहीं उनकी पत्नी नीतू रहती है। आदेश दीपावली की छुट्टी लेकर सीधे ससुराल चले गए और घर नहीं आए थे। सोमवार को सांडी नगर में वह पैदल अकेले घूमने निकले और सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान कार ने उन्हें टक्कर मार दी। एंबुलेंस से उसे सीएचसी भेजा गया वहां डाक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सांडी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शादी के बाद आदेश के कोई संतान नहीं हुई। मृतक चार भाई और दो बहनों में चौथे नंबर का था। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। मृतक की माता का लगभग तीन साल पहले देहांत हो चुका है। बुधवार सुबह घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। पत्नी नीतू का रो रोकर बुरा हाल है।

बीसलपुर में धनतेरस पर सर्राफा व्यापारी की दुकान पर चढ़ाई, लूटपाट कर दी जान से मारने की धमकी

बीसलपुर (पीलीभीत)। धनतेरस के दिन सर्राफा व कपड़ा व्यापारी की दुकान पर पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने चढ़ाई कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान पर लूटपाट की कोशिश की, गाली-गलौज व हाथापाई की और जान से मारकर टुकड़े कर नदी में बहा देने की धमकी दी। पीड़ित व्यापारी ने तहसील दिवस में प्रभारी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा व कार्रवाई की मांग की है पीड़ित प्रदीप कुमार पुत्र रामगोपाल निवासी मोहल्ला ग्यासपुर, मे सर्राफा व कपड़ा व्यापारी है और अपनी दुकान पर कैमरे की निगरानी में रहता है प्रदीप का आरोप है कि शाम करीब 4:45 बजे पारस पुत्र संतोष, शिव कुमार पुत्र प्रेमपाल, गमू उर्फ रामनारायण पुत्र भूपराम, जितेन्द्र पाल व प्रेमपाल पुत्र मेवाराम आदि ने एक राय होकर कूटरचित षड्यंत्र के तहत उसकी सर्राफा की दुकान पर चढ़ाई कर दी आरोपियों ने अकारण गंदी-गंदी गालियां दीं और हाथापाई करने लगे। प्रदीप चुपचाप रहा, पीड़ित का दावा है कि उक्त वाकया की वीडियो उसके व अन्य लोगों के मोबाइल में कैद है प्रार्थना पत्र में प्रदीप ने कहा है कि इससे पूर्व रामनारायण व अन्य लोगों ने उसके एक प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की थी। तब थाना बीसलपुर पुलिस ने निर्माण कार्य नहीं होने दिया था। आरोप है कि बाद में मौका देखकर रामनारायण व अन्य लोगों ने सांठ-गांठ व षड्यंत्रपूर्वक जबरदस्ती औरतों को साथ लेकर उसके प्लॉट पर निर्माण कार्य करके दुकान बना ली शिकायत थाना बीसलपुर में की गई, परंतु दीवानी का मामला बताकर पुलिस ने इंकार कर दिया पीड़ित ने तहसील दिवस में अधिकारियों से मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

दीपावली की रात्रि तमंचा लहराने का वीडियो, वायरल फायरिंग का भी आरोप

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुगीपुर बड़ावां में घर के दरवाजे पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के बाद तमंचों से फायरिंग किए जाने का आरोप सामने आया है। पीड़ित ने चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है। मामले का एक सीसीटीवी वीडियो भी वायरल है जिसमें एक व्यक्ति हाथ में तमंचा लिए दिखाई दे रहा है। गांव निवासी रामशरन पुत्र प्रह्लाद के मुताबिक, नौ नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे वह परिवार के साथ घर के अंदर थे। आरोप है कि इसी दौरान रामकृष्ण पुत्र बादशाह और महेंद्र पुत्र बाबूराम अपने साथियों के साथ दरवाजे पर पहुंच गए। दोनों गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। रामशरन ने तहरीर में आरोप लगाया कि रामकृष्ण और महेंद्र ने उन्हें तथा उनके परिवार को जान से मारने की नीयत से बारी-बारी तमंचे से फायरिंग की। साथ आए सर्वेश पुत्र बादशाह, अशोक पुत्र बादशाह और चार अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडे लेकर घर की ओर बढ़े तथा धमकाने लगे। परिवार के लोगों के शोर मचाने पर सभी मौके से भाग गए।

त्योहार हो या आम दिन, गरीबों के साथ खड़े हैं रोमी साहनी

लखीमपुर-खीरी। कुछ नेता त्योहार आते ही कैमरे के सामने गरीब बन जाते हैं और त्योहार जाते ही भूल जाते हैं, लेकिन पलिया कलां के विधायक रोमी साहनी इन सबसे बिल्कुल अलग हैं। जो व्यक्ति पिछले पांच साल से हर दिन, हर महीने, बिना किसी प्रचार के गरीबों की मदद कर रहा हो, जब वही व्यक्ति दीपावली पर मिठाई और उपहार बांटता है तो वो स्वार्थ नहीं लगता, वो आशीर्वाद लगता है। यही वजह है कि आज पूरा पलिया उन्हें विधायक नहीं, गरीबों का मसीहा कहता है। दीपावली के मौके पर विधायक रोमी साहनी ने अपने आवास पर गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को बुलाकर मिठाई के डिब्बे और नकद सहायता वितरित की। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि विधायक खुद अपने हाथों से एक-एक व्यक्ति को मिठाई और पैसा दे रहे हैं, किसी को धक्का नहीं, किसी को दिखावा नहीं, बस अपनापन है। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग महिला तक, हर चेहरे पर मुस्कान थी। यही असली दीपावली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ‘रोमी साहनी’ सिर्फ दीपावली पर ही नहीं, बल्कि 365 दिन जनता के बीच रहते हैं। किसी की बेटी की शादी हो, किसी का इलाज हो, किसी का मकान टूटा हो या किसी को थाने-कचहरी में मदद चाहिए हो - रोमी साहनी हर जगह खड़े मिलते हैं। पांच साल से उनकी यही दिनचर्या है। इसलिए जब वो त्योहार पर कुछ बांटते हैं तो लोगों को ये नहीं लगता कि कोई स्वार्थ है, बल्कि लगता है कि अपना कोई बड़ा भाई त्योहार मना रहा है। वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर जनसेवा का स्वांग रचने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए ये एक बड़ा सबक है। जो नेता सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए एक दिन गरीबों के बीच जाते हैं और फिर सालभर नजर नहीं आते, उन्हें रोमी साहनी से सीखना चाहिए कि सेवा कैमरे के लिए नहीं, दिल से की जाती है। जनता अब दिखावे और सच्ची सेवा में फर्क समझ चुकी है। पलिया क्षेत्र के लोगों ने कहा - ‘हमारे विधायक ने कभी हमें वोटबैंक नहीं समझा, परिवार समझा है। तभी तो दीपावली पर भी वो हमारे साथ हैं।

शहर में पुलिस ने गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



पीलीभीत। शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। साथ ही दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

पुलिस प्रशासन का उद्देश्य शहर में अपराधों पर अंकुश लगाना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को क्षेत्र में लगातार गश्त करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

साप्ताहिक अवकाश में भी खुलेगा पीलीभीत टाइगर रिजर्व, पर्यटकों को मिलेगी बड़ी राहत; पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम



पीलीभीत। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल पीलीभीत टाइगर रिजर्व घूमने की योजना बना रहे पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। अब टाइगर रिजर्व साप्ताहिक अवकाश के दिन भी पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। इस व्यवस्था से उन लोगों को विशेष सुविधा मिलेगी, जो नौकरी, व्यवसाय और अन्य व्यस्तताओं के चलते साप्ताह के अन्य दिनों में जंगल सफारी का आनंद नहीं ले पाते हैं। साप्ताहिक अवकाश में भी पर्यटन गतिविधियां संचालित होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने और स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, हरे-भरे वन क्षेत्रों, नदियों और समृद्ध वन्यजीव विविधता के लिए देशभर में पहचान रखता है। यहां बाघों के साथ-साथ तेंदुआ, हिरण, चीतल, सांभर, जंगली सूअर और विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखने का अवसर मिलता है। जंगल का शांत वातावरण और प्राकृतिक नजारे पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यही वजह है कि प्रत्येक पर्यटन सीजन में यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। साप्ताहिक अवकाश के दिन टाइगर रिजर्व बंद रहने के कारण कई पर्यटकों को अपनी यात्रा की योजना में बदलाव करना पड़ता था। विशेषकर दूसरे जिलों और राज्यों से आने वाले पर्यटकों को निर्धारित समय के अनुसार सफारी की योजना बनानी पड़ती थी। अब साप्ताहिक अवकाश में भी पर्यटन की सुविधा उपलब्ध होने से पर्यटकों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी। परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों, विद्यार्थियों, प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों के लिए भी यह व्यवस्था उपयोगी साबित हो सकती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। सफारी के दौरान पर्यटकों को जंगल के प्राकृतिक वातावरण को करीब से देखने और वन्यजीवों की गतिविधियों को समझने का अवसर मिलता है। सुबह और शाम के समय जंगल का नजारा बेहद आकर्षक दिखाई देता है। पेड़ों के बीच से आती सूर्य की किरणें, पक्षियों की आवाजें और जंगल में विचरण करते वन्यजीव सफारी को यादगार बनाते हैं। हालांकि वन्यजीवों का दिखाई देना उनकी प्राकृतिक गतिविधियों और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। होटल, रिसॉर्ट, होमस्टे, वाहन संचालक, गाइड और छोटे व्यापारियों को पर्यटन गतिविधियों से लाभ मिलने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को अपनी संस्कृति, खानपान और क्षेत्र की विशेषताओं से पर्यटकों को परिचित कराने का अवसर मिलेगा। पीलीभीत में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए यह व्यवस्था जिले की आर्थिक गतिविधियों को भी गति दे सकती है।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सबअर्बन (जिला), महाराष्ट्र-400072
बरेली शाखा: बी-3 एवं बी-4, भूतल, आकाश फ्लोर्स, 320-सिविल लाइन्स, सिटी स्टेशन रोड, बरेली - 243001 (उ.प्र.)
पीलीभीत शाखा: तल मंजिल, प्लॉट नं. 311, देशनगर, सिविल लाइन्स, बेनहर कॉलेज रोड, पीलीभीत - 262001 (उ.प्र.)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रूप से सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र.	ऋणी(यों)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी)(RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 02600001324 / बरेली शाखा) कमल कनौजिया (ऋणी) रामा पटेल(सह-ऋणी) तरुण पाल (जमानतदार)	12-09-2024 & ₹ 12,00,560/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नं. 405/01 एवं 406/01, ग्राम हारु नागला स्थित (पवन विहार), तहसील बरेली, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश-243006 **चतुर्सीमाएँ:-** पूर्व - दुकान का क्रेता, पश्चिम - सक्सेना जी का मकान, उत्तर - सक्सेना जी का मकान, दक्षिण - 06 मीटर चौड़ा रास्ता	₹ 17,82,000/-	₹ 1,78,200/-	सांकेतिक
2	(लोन कोड नं. 02600001325/ बरेली शाखा) कमल कनौजिया (ऋणी) रामा पटेल(सह-ऋणी) तरुण पाल (जमानतदार)	12-09-2024 & ₹ 4,88,915/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, **दुकान नं. 01,** ग्राम हारु नागला स्थित (पवन विहार), तहसील बरेली, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश-243006 **चतुर्सीमाएँ:-** पूर्व - डीगर की अरजी, पश्चिम - 07.50 मीटर रास्ता के बाद मकान, उत्तर - प्लॉट नं. 02 भोला देवी, दक्षिण - 09 मीटर चौड़ा रास्ते के बाद मकान	₹ 25,60,800/-	₹ 2,56,080/-	सांकेतिक
3	(लोन कोड नं. 02600001381 / बरेली शाखा) फरजान अली (ऋणी) जायदा बी (सह-ऋणी) जफरुद्दीन (जमानतदार)	09-05-2025 & ₹ 4,64,028/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग,संपत्ति गाटा नं. 1051 स्थित, सराय कस्बा, मोहल्ला-मिरधान, नई बस्ती कस्बा फरीदपुर, जिला बरेली, उ.प्र.- 243503 **चतुर्सीमाएँ :** पूर्व : सद्दीक का प्लॉट, पश्चिम : जाकिर हुसैन का प्लॉट, उत्तर : रास्ता कच्चा 3,70 मीटर चौड़ा, दक्षिण : मरगूब हसन का प्लॉट	₹ 11,61,000/-	₹ 1,16,100/-	सांकेतिक
4	(लोन कोड नं. 02610000284 / बरेली शाखा) आमिर हुसैन (ऋणी) जैनम एवं कासिम हुसैन (सह-ऋणी)	10-07-2025 & ₹ 5,03,930/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प्लॉट, खसरा नं. 964/01 का भाग, रेवेन्यू ग्राम खास शहर खास उत्तरी चुंगी / सदर, तह. शाहजहाँपुर, जिला शाहजहाँपुर, उ.प्र.-242001 **चतुर्:सीमाएँ:** पूर्व: लाला एवं अन्य का मकान, पश्चिम: 12 फीट चौड़ा रोड, उत्तर: शमशाद का मकान, दक्षिण: वसीम का मकान	₹ 9,46,400/-	₹ 94,640/-	सांकेतिक
5	(लोन कोड नं. 16400000091 & 16400000214 / पीलीभीत शाखा) अरुण कुमार (ऋणी) लता तिवारी (सह-ऋणी)	12-10-2022 & ₹ 16,74,687/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, गटा नं. 45 का भाग, माधोपुर बिलासपुर, पीलीभीत, सनराईस पब्लिक स्कूल के सामने, पीलीभीत, उ.प्र. 262201 **चतुर्:सीमाएँ:** पूर्व: रोड, पश्चिम: सत्यपाल की संपत्ति, उत्तर: मीनू एवं मधु देवी का मकान, दक्षिण: संतोष कुमार का मकान	₹ 23,70,300/-	₹ 2,37,030/-	सांकेतिक
6	(लोन कोड नं. 16400000107 / पीलीभीत शाखा) आरती सागर (ऋणी) महेश कुमार (सह-ऋणी) श्री कृष्ण (जमानतदार)	11-07-2022 & ₹ 10,03,107/-	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, गटा नं. 217 675 का भाग, देश नगर बाहर चुंगी पीलीभीत, शिव मंदिर के पास, तानकपुर, पीलीभीत, उत्तरप्रदेश-262001 **चतुर्सीमाएँ:** पूर्व: 4.88 मीटर चौड़ा निकास रास्ता, पश्चिम: लालाराम का प्लॉट, उत्तर: श्री कृष्ण का प्लॉट, दक्षिण: राजू का प्लॉट	₹ 12,43,200/-	₹ 1,24,320/-	सांकेतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **16.12.2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **17.12.2026 दोपहर 3.00 बजे से https://bankeauctions.com** पर है। 3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। 4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। 5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। 7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी **दिलीप सिंह जादौन (संपर्क नंबर 8319021816)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। 8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। 9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। 10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रूप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरूप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : उत्तर प्रदेश — **सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 12.11.2026 — **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

सुभाषित *बुद्धिमान व्यक्ति काव्य, शास्त्र आदिका पठन करके अपना मनोविनोद करते हुए समयको व्यतीत करता है और मूर्ख सोकर या कलह करके समय बिताता है।* ❐ **वाल्मीकि रामायण**

सोशल मीडिया पर अंकुश जरूरी

पिछले कुछ वर्षोंमें दुनियाने कई देशोंमें सत्ता परिवर्तन देखे हैं, जिनमें बंगलादेश, श्रीलंका और नेपाल प्रमुख हैं। इन देशोंमें हुए सत्ता परिवर्तनोंमें एक बात समान थी- सार्वजनिक विरोध-प्रदर्शन, जिन्हें सोशल मीडियाके जरिये हवा मिली। इन देशोंमें नागरिकोंको उद्वेलित करनेमें सोशल मीडियाने अहम भूमिका निभायी।

❐ **डा. अश्वनी महाजन**

सोशल मीडियाने चर्चाओंको और तेज कर दिया है कि श्रीलंकामें विरोध-प्रदर्शनोंके कारण अंततः राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षेको इस्तीफा देना पड़ा। बंगलादेशमें चुनी हुई प्रधान मंत्री शेख हसीनाको देश छोड़कर भागना पड़ा। नेपालका 'जेन-जी' आन्दोलन भी इससे कुछ अलग नहीं था। वहां भी, सोशल मीडियाने खराब शासन, भ्रष्टाचार, राजनीतिक जवाबदेही और बेरोजगारीसे जुड़ी चर्चाओंको बढ़ावा दिया। नेपालमें युवा प्रदर्शनकारियोंको एकजुट करने और सूचनाएं फैलानेमें सोशल मीडियाने बड़ी भूमिका निभायी। साथ ही इसका इस्तेमाल आधिकारिक बयानोंको चुनौती देनेके लिए भी किया गया। यह आन्दोलन सितंबर २०२५ में प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओलीके इस्तीफेके साथ समाप्त हुआ। एक बड़ी चिन्ता यह है कि जहां सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी तकनीकका इस्तेमाल सरकारोंको जवाबदेह ठहरानेके लिए करते हैं, वहीं इन प्लेटफार्म्सकी खुदकी जवाबदेही तय करनेके लिए कोई तंत्र मौजूद नहीं है। यहांतक कि जब इन प्लेटफार्म्सका गलत आचरण सामने आता है, तब भी उनके खिलाफ कोई सख्त काररवाई करना सम्भव नहीं होता। भारत सरकारके पास इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाईडलाईंसएंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियमावली २०२१ के अंतर्गत नियम ४ (२) के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता, सार्वजनिक व्यवस्था (पब्लिक ऑर्डर) और यौन अपराधों या बच्चोंके यौन शोषणसे संबद्ध कुछ संगीन अपराधोंके संदर्भमें यह अधिकार है कि संदेशके प्रारम्भ कर्ताकी पहचान कर सके और अपराधियोंको दंड दे सके। नियममें यह भी प्रावधान है कि ऐसा तब किया जायगा जब कम सख्त तरीके प्रभावी सिद्ध नहीं हो पायें। गौरतलब है कि विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म निजताके नामपर नियमोंको भी माननेसे इनकार करते हैं। न्यायालयमें सुनवाईके दौरान एक बार फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप आदि सोशल मीडिया कम्पनी 'मेटा' के प्रमुख मार्क जुकरबर्गने बयान दिया था कि यदि उन्हें एंड टू एंड एन्क्रिप्शन समाप्त करनेके लिए बाध्य किया जायगा तो वह भारतसे निकल जायंगे, यानी इन सोशल मीडिया सेवाओंको भारतमें समाप्त कर देंगे। उनके इस बयानसे यह समझा जा सकता है कि भारत सरकार उन्हें कुछ हिदायत दे रही है, जिनका वे पालन नहीं करना चाहते और इसलिए अपने इस बयानसे जनतामें राय बनाते हुए भारत सरकारपर दबाव बनाना चाहते हैं कि वह उनपर अंकुश न लगाये। क्या है एंड टू एंड एन्क्रिप्शन और क्या हैं भारतीय नियम-मेटाका कहना है कि ह्वाट्सएप द्वारा भेजे गये सन्देश एंड टू एंड एन्क्रिप्टिड, यानी एक सिरेसे दूसरे सिरेतक गुप्त होते हैं, यानी सिर्फ वही व्यक्ति जिसे आप मैसेज भेज रहे हैं, वही आपके मैसेज पढ़ सकते हैं। इसके साथ ही आपकी वॉइस कॉल और वीडियो कॉल भी एंड टू एंड एन्क्रिप्टिड होती है। अब जब भारत सरकार संगीन अपराधोंके लिए ह्वाट्सएपसे जानकारी मांगती है तो एंड टू एंड एनक्रिप्शन यानी निजताका हवाला देकर, ह्वाट्सएप उससे बचना चाहता है। दूधकी धुली नहीं है मेटा- एक ओर जहां मेटा कम्पनी ऊंचे आदर्शोंका दंभ भरते हुए भारत सरकारके नियमोंको माननेसे यह कहकर इनकार कर रही है कि इससे उसकी एंड टू एंड इंक्रिप्शन समाप्त हो जायगी और यह उनकी वैश्विक स्तर वैशिष्टय है, जिसके लिए ह्वाट्सएप दुनियामें जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर यह कम्पनी यूजर्सका डाटा बिना उनकी अनुमतिके अन्य लोगोंको कीमतके बदले उपलब्ध कराती रहती है। यूजर्स डाटाको बेचनेकी प्रक्रियाको सरल बनानेके लिए कम्पनीने अपनी प्राइवेसी नीतिमें भी बदलाव किया है। इस बदलावके साथ मेटाने स्वयंको अधिकृत किया कि वह अन्य मेटा कम्पनियोंके साथ उनका डेटा साझा कर सकती है। २०२१ में किये गये बदलावमें यह प्रावधान था कि जो ग्राहक ऐसा नहीं चाहते, वे उनकी सेवा छोड़ सकते हैं। मेटाका यह भी कहना था कि इससे उसकी सेवाओंमें पारदर्शिता बढ़ी है। बादमें भारतकी नियामक संस्था कम्पीटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कहा कि यह बदलाव कि यदि उन्हें डाटा साझा करना स्वीकार नहीं तो वे मेटा सेवा छोड़ सकते हैं, अनुचित है। आयोगने कहा कि यह डेटा साझा करना ह्वाट्सएप सेवाओंके उपलब्ध करानेसे संबद्ध नहीं है और उसने मेटापर २१३ करोड रुपयेसे अधिकका जुर्माना लगाया और उसके बदलावको रोक कर उपभोक्ताओंके चयनके अधिकारको बहाल किया। इतिहासमें ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें मेटा कम्पनीने ग्राहकोंकी निजी जानकारियोंका अनुचित उपयोग किया। कैंब्रिज एनालेटिका घोटालेमें फेसबुकके लाखों यूजर्सका डाटा किसी तीसरी एपके माध्यमसे लेकर उसका राजनीतिक दुरुपयोग किया गया। इन लाखों यूजर्सने अपने इस डाटाका उपयोग करनेके लिए अनुमति नहीं दी थी। २०१९ में अमेरिकाके फेडरल ट्रेड कमीशनने निजता हननके लिए फेसबुकपर पांच अरब डालरका जुर्माना लगाया। २०२१ में फ्रांसिस हॉगनने इंस्टाग्रामके आंतरिक दस्तावेजोंका खुलासा करते हुए इंस्टाग्रामके किशोरोंके मानसिक और अन्य प्रकारसे स्वास्थ्यपर पड़ने वाले दुष्प्रभावोंके बारेमें बताया और यह साबित किया कि मेटा कम्पनीका इस बाबत रुख गैर-जिम्मेदाराना रहा। २०१८ में संयुक्त राष्ट्रके फैक्ट फाइंडिंग मिशन द्वारा यह बताया गया कि फेसबुक सामाजिक घृणा फैलानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहा है। बे-रोकटोक सोशल मीडियाके माध्यमसे इस प्रकारकी घृणा फैलनेके कितने दुष्परिणाम होते हैं, यह उसका उदाहरण है। म्यांमारमें फेसबुकपर सोशल मीडिया पोस्टोंने एक अल्पसंख्यक समुदायके खिलाफ घृणाका वातावरण तैयार किया।मेटा द्वारा विभिन्न प्रकारके अधिग्रहण और अन्य व्यावसायिक गतिविधियोंके कारण अलग-अलग देशोंमें सोशल मीडियाके क्षेत्रमें प्रतिस्पर्धा लगभग समाप्त हो गयी है। खास तौरपर फेसबुक द्वारा इंस्टाग्राम और ह्वाटसएपके अधिग्रहणके बाद सोशल मीडियामें मेटाका एकछत्र राज्य स्थापित हो चुका है। अबतक यह स्पष्ट हो चुका है कि मेटा कम्पनी यूजर डाटाको ट्रेक करते हुए लक्षित विज्ञापन भी करती है। ह्वाटसएपके माध्यमसे मेटा कम्पनी गलत जानकारियांप्रसारित करनेका काम करती है और ऐसा देखा गया है कि ह्वाट्सएपपर फैली अफवाहोंकी वजहसे दंगे, उत्पीड़नकी गतिविधियां तो होती ही हैं और तथाकथित एंड टू एंड एनक्रिप्शनकी वजहसे यह पता नहीं चल पाता कि गलत सूचनाओंका स्रोत क्या है। वैश्विक डिजिटल इकोसिस्टमपर मेटाका लगभग एकाधिकार है। रोजाना ३.५ अरबसे ज्यादा सक्रिय यूजर्स इसके विभिन्न ऐप्सपर मौजूद हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और थ्रेड्सको एक साथ जोड़कर, मेटा कम्पनी संचारके प्रमुख माध्यमोंको नियंत्रित करती है। अकेले फेसबुक और इंस्टाग्रामका भारतमें कुल सोशल मीडिया वेब ट्रैफिकमें ७० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा है। मेटाका डिजिटल विज्ञापन नेटवर्क, डेटा इकट्ठा करनेकी प्रक्रिया और सार्वजनिक सूचनाओंके प्रवाहपर भारी नियंत्रण है। सामान्य तौरपर सरकारें सोशल मीडिया कम्पनियोंके कुकृत्योंके बाद ही उनपर अंकुश लगानेकी बात सोचती हैं, लेकिन तबतक भारी नुकसान हो जाता है। उदाहरणके लिए इस बातका आभास होते ही कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रदर्शनको अधिक महत्व दे रहे हैं, नेपालमें सितंबर २०२५ में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और यूट्यूब सहित २६ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मपर प्रतिबंध लगा दिया गया।



फेसबुक और इंस्टाग्रामका भारतमें कुल सोशल मीडिया वेब ट्रैफिकमें ७० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा है। मेटाका डिजिटल विज्ञापन नेटवर्क और सार्वजनिक सूचनाओंके प्रवाहपर भारी नियंत्रण है। सामान्य तौरपर सरकारें सोशल मीडिया कम्पनियोंके कुकृत्योंके बाद ही उनपर अंकुश लगानेकी बात सोचती हैं, लेकिन तबतक भारी नुकसान हो जाता है। उदाहरणके लिए इस बातका आभास होते ही कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्रदर्शनको अधिक महत्व दे रहे हैं, नेपालमें सितंबर २०२५ में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ह्वाट्सएप और यूट्यूब सहित २६ सोशल मीडिया प्लेटफार्मपर प्रतिबंध लगा दिया गया।

रुपयाकी मजबूती

यह संतोषका विषय है कि भारतीय मुद्रा रुपयेकी स्थिति अब मजबूत हो गयी है। साथ ही रुपया एशियाकी बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओंमें शामिल हो गया है। यह देशकी अर्थव्यवस्थाके सन्दर्भमें अत्यन्त महत्वपूर्ण घटनाक्रम है और इसका व्यापक प्रभाव भी पड़ेगा। अन्तरराष्ट्रीय बाजारमें डालरके मुकाबले रुपयेकी स्थिति किसी देशके आर्थिक स्वास्थ्य, विदेशी निवेशकोंका भरोसा, व्यापार सन्तुलन और मौद्रिक स्थिरताका महत्वपूर्ण संकेतक है। ऐसे समयमें जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, तेलकी कीमतोंमें उतार-चढ़ाव, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और अमेरिकी मौद्रिक नीतियोंके प्रभावसे गुजर रही है, रुपयेकी मजबूती भारतके लिए सकारात्मक सन्देश भी देती है। इसके बावजूद रुपयेकी मजबूतीको केवल आर्थिक सफलताका प्रमाण मानना अभी उचित नहीं माना जा सकता है। यह भी जानना आवश्यक है कि इसके पीछे कौनसे कारक काम कर रहे हैं और इसका भारतीय अर्थव्यवस्थाके विभिन्न क्षेत्रोंपर क्या प्रभाव पड़ेगा। चालू वित्त वर्षमें पहली बार भारतीय रुपये .९७ प्रतिशत मजबूत हुआ है। इससे पहले मईमें रुपया ९६.९६ प्रति डालरके रिकार्ड निचले स्तरतक पहुंच गया था। अक्तूबरमें भी यह ९७ के निचले स्तरके करीब पहुंचा था। नवम्बरके दूसरे सप्ताहमें रुपयेने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। ११ नवम्बरको रुपया डालरके मुकाबले लगभग ९३.७५ के स्तरपर पहुंच गया। पिछले कुछ दिनोंसे इसमें लगातार सुधार देखनेको मिला। ६ नवम्बरको रुपया ९३.९१ प्रति डालरपर बंद हुआ था। यह छह माहका उच्च स्तर था। अक्तूबरमें रुपयेने लगभग एक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। रुपयेमें मजबूतीके कई बड़े कारण भी हैं। कच्चे तेलकी कीमतोंमें गिरावट एक प्रमुख कारण है। तेलकी कीमतें बढ़नेसे भारतको अधिक डालर खर्च करने पड़ते हैं, जिससे रुपयेपर दबाव बढ़ता है। तेल सस्ता होनेसे आयात बिल घटता है। पश्चिम एशियामें तनाव कम होनेकी सम्भावनाओंने भी बाजारकी धारणाको प्रभावित किया है। विदेशी निवेशकोंकी वापसीसे रुपयेमें मजबूती आयी है। विदेशी निवेशक अब भारतीय शेयर बाजारमें उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं। अमेरिकी निवेशकोंका रुझान एआई और उससे जुड़ी कम्पनियोंपर बढ़ा है। इसके अतिरिक्त रुपयेमें उतार-चढ़ावको रोकनेके लिए भारतीय रिजर्व बैंकने भी सक्रियता बढ़ायी है। रुपयेमें मजबूतीसे आयात अब सस्ता होगा। महंगीपर भी एक सीमातक नियंत्रण होगा। विदेशी कर्जका बोझ घटेगा। विदेशमें पढ़ाई और यात्रा सस्ती होगी। इन सबके बाद भी रुपयेके सामने भविष्यकी चुनौतियां भी हैं। इसलिए इससे निबटनेके लिए भारतको प्रभावशाली रणनीति बनानी होगी। रुपया आगे भी मजबूत बना रहे, इसपर भी सोचना होगा।

ढाकामें फिर भड़की हिंसा

बंगलादेशमें तख्तापलटके बाद अपदस्थ प्रधान मंत्री शेख हसीनाके वतन वापसीसे पूर्व शुरू हुई हिंसक झड़पोंके दौरके निहितार्थको समझनेकी जरूरत है। शेख हसीना इस समय भारतमें है और उन्होंने इसी साल दिसम्बर माहमें स्वदेश लौटनेका ऐलान किया है। इसको लेकर देशमें तनाव अपने चरमपर है। इस बढ़ती हलचलके बीच हिंसा और आगजनीकी वारदातोंने लोगोंको झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहां देशके भविष्यकी राजनीतिको लेकर चर्चाएं गर्म हैं वहीं दूसरी ओर हिंसाका खौफनाक रूप भी दिख रहा है जिससे जन-सामान्य दहशतमें है। राजधानी ढाका और आसपासके कई जिलोंमें देर रात अचानक हिंसा भड़क उठी। हसीनाकी पार्टी अवामी लीग समर्थकों और विरोधियोंके बीच कई जगहोंपर हिंसक झड़पें हुईं। इन घटनाओंमें एक व्यक्तिकी मौत हो गयी, जबकि आठ वाहनोंको आगके हवाले कर दिया गया। कई जगहोंपर देसी बमसे धमाके किये गये, जो बंगलादेशकी बदतर होते हालातको बयां करते हैं। पुलिसने इन घटनाओंके लिए प्रतिबन्धित अवामी लीग और उससे जुड़े संघटनोंके कार्यकर्ताओंको जिम्मेदार ठहराया है। वहीं मंगलवारको बंगलादेशमें प्रतिबन्धित छात्र लीगकी देशव्यापी बंदके बीच भी कई जिलोंमें हिंसा भड़क उठी। खगराछड़ी जिलेमें अज्ञात हमलावरोंने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक वार्ड कार्यालयमें आग लगा दी। शरियातपुर जिलेमें एक टोल प्लाजापर जमकर तोड़फोड़ की गयी जिससे यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इसी तरह नेत्रकोनामें एक्सप्रेस ट्रेनके एक डिब्बेमें आग लगायी गयी जिसपर समय रहते आगपर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियोंके अनुसार इन घटनाओंमें अवामी लीग समर्थकोंका हाथ होना बताया जाता है। दरअसल अवामी लीगको डर है कि शेख हसीनाके बंगलादेश पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायगा और उन्हें फांसी दे दी जायगी। वैसे क्या होगा यह तो भविष्यके गर्भमें है लेकिन फिलहाल ढाकाके जो हालात हैं, वह बेहद चिन्तनीय है। भारतको भी बंगलादेशके हालातपर पैनी नजर रखनी होगी।

लोक संवाद

विज्ञानका उचित प्रयोग

महोदय,- दस नवंबरको अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात् शांति और विकासके कामोंमें विज्ञानकी भूमिकाके प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। यदि विज्ञानका उचित प्रयोग किया जाय तो यह प्राणी जातिके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञानने इनसानकी जिन्दगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत-सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञानकी तरफसे हमें मिली हैं, वह हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमेंसे बहुत-सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नयी तकनीकका प्रयोग उचित तरीकेसे किया जाय तो वो वरदान है, अन्यथा वह अभिशाप बनेगी। **-राजेश कुमार, लखनऊ।**

लोकतंत्रके लिए बेहद घातक

वास्तविक लोकतंत्र वहीं होता है, जहां सत्तापक्ष विपक्षके सवालोंके जवाब दे। देशमें सत्तापक्षका मुखिया प्रधान मंत्री होता है, इसलिए सवालोंका अंतिम पड़ाव भी प्रधान मंत्री होता है।

❐ **योगेन्द्र**

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीपर सत्तामें आनेके बादसे लगातार विपक्ष और पत्रकारोंके सवालोंकी उपेक्षाके आरोप लगते रहे हैं। यह आरोप सिर्फ भारतमें ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी लगे हैं। इतना ही नहीं, विपक्षकी आवाज दबानेके आरोपोंका सामना लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभाके सभापतिको करना पड़ा है। सर्वाधिक आश्चर्यकी बात यह है कि पीएम मोदीने कभी भी विपक्षके आरोपोंका सीधा जवाब नहीं दिया। ऐसे मौकोंपर पीएम मोदीके बजाय भाजपाके नेता और मंत्री ही सवालोंके जवाब आरोपोंके अन्दाजमें देते रहे हैं। पीएम मोदी मनकी बात या दूसरे मुद्दोंपर सोशल मीडियाका ही उपयोग करते रहें हैं। संसद और बाहर उठाये गये सवालोंके जवाबमें सत्तारूढ़ भाजपाने उल्टे सवाल पूछकर मुद्दोंको गोलमोल करनेका प्रयास किया है। विपक्ष यही आरोप संसद सत्रके दौरान लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभाके सभापतिपर लगाता रहा है। राहुल गांधीने तीन दिनमें चार बार पीएमको मुद्दोंपर बहस करनेकी चुनौती दी। राहुल गांधीने प्रधान मंत्री मोदीपर विदेशी ताकतोंके दबावमें काम करनेका आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मोदी विपक्षपर देशविरोधी होने और विदेशी ताकतोंसे संबंध रखनेके आरोप लगाते हैं, इसलिए उन्हें इन मुद्दोंपर खुली बहस करनी चाहिए। राहुलने बहसके लिए भारत-अमेरिका ट्रेड डील, देशकी आर्थिक व्यवस्था, उद्योगपति गौतम अडाणी और जेफ्री एपस्टीनसे जुड़े मुद्दे उठाये।उन्होंने कहा कि बहसमें देशके युवा और मीडिया भी मौजूद रहें। प्रधान मंत्री अपनी पसंदकी जगह और जज चुन सकते हैं। राहुल गांधीने संसदकी कार्यवाहीको लेकर भी सरकारपर सवाल उठाये। उनका आरोप है कि सरकार चर्चाकी बात करती है, लेकिन विपक्षको अपनी बात रखनेका मौका नहीं देती। उन्होंने कहा कि जब वे बोलनेकी कोशिश करते हैं तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है। राहुल गांधीने प्रधान मंत्री मोदीको खुली बहसकी चुनौती दी। इसी तरह राहुलने वीडियो जारी कर कहा कि मोदीको बहसकी चुनौती दिये २४ घंटे हो चुके हैं, लेकिन उनकी तरफसे जवाब नहीं आया। पंजाबके संगरूरमें कांग्रेसकी इंसाफ रैलीमें राहुलने फिर मोदीको चुनौती दी। राहुलने दावा किया कि पांच मिनटकी बहसमें वे साबित कर देंगे कि मोदी 'देशद्रोही' हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके नियंत्रणमें हैं। राहुलके सवालोंपर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजूने जवाब देनेके बजाय उल्टे सात सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि यदि राहुल इन बातोंपर अमल करें तो कांग्रेस संसदमें ज्यादा सीटें जीत सकती है। रिजिजूने कहा, राहुलको भाजपाको दुश्मन नहीं, राजनीतिक विरोधी समझना चाहिए। उन्हें भाजपा, आरएसएस और प्रधान मंत्री मोदीके प्रति नफरत छोड़कर संसदकी कार्यवाहीमें हिस्सा लेना चाहिए। केन्द्रीय मंत्रीने संसदका एक पुराना वीडियो भी शेयर किया। इसमें वे भाषण दे रहे हैं और विपक्षी सांसद सदनसे उठकर जाते दिख रहे हैं। राहुल पहले भी बहसकी चुनौती दे चुके हैं। राहुलने अगस्त २०१८ में कर्नाटकके बेलगाममें जनध्वनि रैलीमें राफेल मुद्देपर कहा था कि मोदी और मेरे बीच राफेलपर बहस करा दो, मैं घंटों बोलूंगा। जनवरी २०१९ में राहुल गांधीने कहा कि राफेलपर लोकसभामें मुझे पीएमके साथ २० मिनट वन-टू-वन बहस करने दो, अमेरिकाके प्रेसिडेंशियल डिबेटकी तरह। साथ ही कहा था कि पीएममें हिम्मत नहीं है। ७ अप्रैल, २०१९ को भ्रष्टाचारपर मेनिफेस्टो लांचपर मोदीके एक इंटरव्यूके बाद राहुलने ट्वीट किया था कि आप भाग सकते हैं, लेकिन छिप नहीं सकते, मैं आपको भ्रष्टाचारपर बहसकी चुनौती देता हूं।गौरतलब है कि २०२४ चुनावसे पहले भी राहुल समेत विपक्षने पूर्व जजों (मदन लोकुर, एपी शाह) के जरिये पीएमको लेटर लिखकर नेशनल सिक्योरिटी, अडानी, इलेक्टोरल बाण्डपर डिबेटको कहा था, जिसपर पीएमओकी ओरसे कोई जवाब नहीं दिया गया। पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंहने अपने दस सालके कार्यकालके दौरान संसदको ४८ बार संबोधित किया था। तब गुजरातके सीएम रहे नरेन्द्र मोदीने उन्हें 'मौन मोहन' कहा था। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी संसदमें अबतक २२ बार ही बोले हैं। एचडी देवगौड़ा जो सिर्फ करीब दो सालके लिए प्रधान मंत्री थे, उन्होंने भी संसदमें मोदीसे ज्यादा बार बोला था। बीजेपीके ही अटल बिहारी वाजपेयीने भी छह सालोंमें ७७ बार संसदको संबोधित किया था। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके यूरोप दौरेमें प्रेसके सवाल न लेनेके फैसलेपर विवाद रहा है। नॉर्वेके प्रधान मंत्री जोनस गार स्टोरेके साथ संयुक्त प्रेस वार्ताके दौरान नॉर्वेकी एक महिला पत्रकारने प्रधान मंत्री मोदीसे मीडियाके सवालोंका जवाब देनेका आग्रह किया था। लेकिन पीएम मोदीने कोई सवाल नहीं लिया था। नॉर्वेकी महिला पत्रकार हेला लेंगने विदेश मंत्रालयकी ब्रीफिंगमें भी मानवाधिकारोंको लेकर सवाल उठाये। इसपर विदेश मंत्रालयके एक वरिष्ठ अधिकारीने कहा कि भारत एक सिवलाइजेशनल नेशन है। इससे पहले हेला लेंगने ओस्लोके गवर्नमेंट गेस्ट हाउसमें प्रधान मंत्री मोदी और प्रधान मंत्री स्टोरकी प्रेस ब्रीफिंग खत्म होनेके बाद खड़े होकर सवाल पूछा था हेलाने पूछा था कि प्रधान मंत्री मोदी, आप दुनियाकी सबसे स्वतंत्र प्रेसके सवाल क्यों नहीं लेते। क्या आप हमारी सरकारके विश्वास के योग्य हैं। पीएम मोदीने इन सवालोंका कोई जवाब नहीं दिया था। हेलाके सवालपर भारतमें भी काफी बहस रही। तब भी लोकसभामें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधीने प्रधान मंत्रीको आड़े हाथों लिया और पूछा कि सवालोंसे घबरा क्यों रहे हैं। इन विवादोंको सुलझानेके लिए विदेश मंत्रालयने भारतके लोकतंत्रका बचाव किया। पीएम मोदीके इस दौरेमें दूसरी बार था, जब इन मुद्दोंपर सरकारको सफाई देनी पड़ी। रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा जारी २०२६ के वर्ल्ड विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांकमें भारतको १८० देशोंमें १५७वां स्थान मिला है। इससे भारतकी अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित होती है। सत्तामें बहुमतके बूते विपक्ष और मीडियाकी आवाजको अनसुना करना देशके लोकतंत्रके लिए बेहद घातक है। इससे कहीं न कहीं सरकारी तंत्रमें तानाशाही पनपनेकी संभावना रहती है। यही कारण भी है कि देशमें भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, सरकारी तंत्रका गैर-जिम्मेदारी वाला आचरण नजर आता है। लोकतंत्रके लिए बेहतर तो यही होगा कि मोदी विपक्षके साथ-साथ मीडियाके सवालोंका भी जवाब दें।



स्वधर्मकी यात्रा

❐ **ओशो**

कैसे पहचानें कि मैंने किसी परधर्मको तो नहीं पकड़ लिया है। पहचान हो तो सकती है परन्तु पहचानके सूत्र सूक्ष्म होंगे। पहला सूत्र यह कि यदि आप जीवनमें दुखी हैं तो पक्का समझ लेना कि आप स्वधर्मसे हट गये हैं या हट रहे हैं। जहां भी स्वधर्मकी यात्रा होती है, वहीं आनन्द होता है। यदि अशांत हैं तो समझना चाहिए कि परधर्मके पीछे चल रहे हैं। रुककर दोबारा सोचना चाहिए कि जो यात्रा चुनी, जो कर रहे हैं, उससे दुख और पीड़ा, अशांति बढ़ती है तो निश्चित ही वह मार्ग मेरा नहीं है। शांति बढ़े तो आप स्वधर्मके निकट चल रहे हैं। शांति मापदंड है। दूसरा, यदि कोई स्वधर्मके साथ-साथ चल रहा हो तो उसके जीवनमें स्वीकारका भाव बढ़ेगा, अस्वीकार कम होता जायगा। क्योंकि जिसके भीतर जरा-सा भी आनन्द आया, उसके बाहर स्वीकृति आने लगती है, वह चीजोंको स्वीकार कर संतुष्ट होने लगता है। यदि स्वधर्मके अनुकूल न चलता हो तो अस्वीकार बढ़नेके साथ ही असंतुष्ट होता चला जाता है। हर चीजके प्रति दुश्मनकी दृष्टि आ जाती है। तीसरा सूत्र यह कि स्वधर्मके अनुकूल यदि जाना हो तो सिर्फ बाहरकी चीजोंमें उलझकर कोई व्यक्ति कभी नहीं जा सकता। दैनिक कामोंमें पता ही नहीं चलता कि स्वधर्म क्या है। परधर्म क्या है। जिसे स्वधर्मकी खोज करनी हो, उसे बाहरकी दुनियासे कमसे कम चौबीस घंटेमें घंटेभरके लिए बिलकुल छुट्टी ले लेनी चाहिए और भीतरकी दुनियामें डूब जाना चाहिए। बाहरके द्वार बंद कर देने चाहिए। सब इंद्रियोंके द्वार बंद करके अपने भीतर घंटेभरके लिए डूब जाना चाहिए। वहीं स्वयं और निजताके रहस्यका पता चलेगा उस रहस्यका जो अपना है। वहींसे सूत्र मिलेंगे, ध्वनि सुनायी पड़ेगी, वहींसे इशारे मिलेंगे। धीरे-धीरे इशारे गहरे होते चले जाते हैं। यह आखिरी सूत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। स्वधर्मका पता अन्दरकी वाणीके अतिरिक्त और कहींसे नहीं चलता है। चौथा सूत्र है अपने स्वधर्मके केन्द्रको छू लेना। बाहरकी दुनियाको बंद करके सब भूलकर जब अपने भीतर डुबकी लगायंगे तो उस डुबकीमें धीरे-धीरे भीतरकी अंतर्वाणी सुनाई देनी शुरू होगी। यह अंतर्वाणी सबके भीतर छिपी है। यह बहुत छोटी-सी आवाज है, एकदम धीमी, नाजुक और सूक्ष्म। इसे केवल वही सुन सकते हैं, जो उतनी सूक्ष्म आवाजको सुननेके लिए अपनेको प्रशिक्षित करते हैं। स्वधर्मकी खोजके लिए रोज एक घंटा तय कर लें। अंतरात्माको स्वधर्म अच्छेसे पता है। आंख बंद करें। मौन हो जायं। चुप बैठकर सुनें। अपने मनकी आवाजको सुनो और ध्यानसे उसपर गौर करें। आपको अपने अन्दर एक अलग ही ध्वनि सुनाई देगी, जिसमें डूब कर आप अपनेको पहचान सकते हो। मौन धारण करके देखो। जीवनमें कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आयें, मनुष्यको अपने मार्गसे नहीं भटकना चाहिए। लक्ष्य प्राप्त करनेके लिए मनमें दृढ़ संकल्पके साथ-साथ अग्रसर होनेके लिए अंतरात्माकी आवाजको सुनना जरूरी है। हमेशा अपने लक्ष्यपर ध्यान केंद्रित करें।

जहरीली हवासे गहराता स्वास्थ्य संकट

❐ **कांतिलाल मांडोत**

देशकी राजधानी दिल्लीमें वायु प्रदूषणकी समस्या एक बार फिर गम्भीर रूप धारण कर चुकी है। दीपावलीके बाद वातावरणमें बढ़ती धुंध और जहरीले प्रदूषक कणोंने आम जनजीवनको प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालात यह हैं कि दिल्लीके कई इलाकोंमें वायु गुणवत्ता सूचकांक ४०० के पार पहुंच गया है। यह केवल राजधानीकी समस्या नहीं है, बल्कि देशके पर्यावरणीय संतुलनपर मंडराते खतरेका संकेत है। दुनियाके सर्वाधिक प्रदूषित ५० शहरोंमें ४९ शहरोंका भारतमें होना हमारी विकास व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारीपर गम्भीर सवाल खड़े करता है। राजस्थानके श्रीगंगानगरमें एक्यूआईका ८२१ तक पहुंचना इस संकटकी व्यापकताको दर्शाता है। दिल्लीमें प्रदूषणका बढ़ना अब हर वर्ष दोहराई जाने वाली समस्या बन गया है। सर्दियोंकी शुरुआत होते ही हवाकी गुणवत्ता गिरने लगती है। सड़कोंपर दौड़ते लाखों वाहन, निर्माण कार्योंसे उड़ने वाली धूल, औद्योगिक इकाइयोंका उत्सर्जन, खुलेमें कचरा जलाना और आसपासके राज्योंमें कृषि अवशेषोंका प्रबंधन नहीं होना भी प्रदूषणके प्रमुख कारणोंमें शामिल हैं। मौसममें बदलाव और हवाकी गति कम होनेसे प्रदूषक तत्व वातावरणमें जमा रहने लगते हैं। यही कारण है कि राजधानीकी हवा कुछ दिनोंमें ही सांस लेनेके लिए चुनौती बन जाती है। सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि प्रदूषणका प्रभाव किसी विशेष वर्गतक सीमित नहीं रहता। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पहलेसे सांस या हृदय संबंधी परेशानियोंसे जूझ रहे लोग इसके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। लगातार दूषित हवामें रहनेसे फेफड़ोंकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। आंखोंमें जलन, खांसी, सांस लेनेमें परेशानी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। गम्भीर प्रदूषणका असर स्वस्थ व्यक्तियोंपर भी पड़ सकता है। जिस हवाको जीवनका आधार माना जाता है, वही जब स्वास्थ्यके लिए खतरा बनने लगे तो इसे सामान्य मौसमी परेशानी समझना बड़ी भूल होगी।वायु गुणवत्ता सूचकांकके अलग-अलग स्तर प्रदूषणकी स्थितिको समझनेमें मदद करते हैं। २०१ से ३०० तक एक्यूआई खराब, ३०१ से ४०० तक बहुत खराब और ४०१ से ५०० तक गम्भीर श्रेणीमें आता है। इसके साथ ही भोपाल, उज्जैन और हरियाणाके बहादुरगढ़में भी प्रदूषणका स्तर ४०० के पार पहुंचनेकी जानकारी सामने आयी है। उत्तर प्रदेशके नोएडा, बुलंदशहर और गाजियाबाद जैसे शहरोंमें भी हवाकी गुणवत्ता खराब दर्ज की गयी है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदूषणकी समस्या केवल दिल्लीकी भौगोलिक सीमामें कैद नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपासके राज्योंके पर्यावरणपर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। न्यायालयने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारोंसे वाहनोंसे होने वाले प्रदूषणपर उठाये गये कदमोंका विवरण मांगा है। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिससे भी जवाब तलब किया गया है। विशेष रूपसे निर्धारित आयु पूरी कर चुके और प्रदूषण मानकोंका पालन नहीं करने वाले वाहनोंकी आवाजाही रोकने, उनकी पहचान करने तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्रकी व्यवस्था प्रभावी बनानेपर जानकारी मांगी गयी है। न्यायालयकी इस पहलसे स्पष्ट है कि वायु प्रदूषणको नियंत्रित करनेके लिए केवल मौसमी उपाय पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि यातायात और परिवहन व्यवस्थामें भी सुधार आवश्यक है।राजधानीमें वाहनोंकी संख्या लगातार बढ़ रही है। निजी गाड़ियोंके साथ मालवाहक और व्यावसायिक वाहनोंकी आवाजाही भी प्रदूषण बढ़ानेमें योगदान देती है। ऐसेमें सार्वजनिक परिवहनको सुविधाजनक और सुलभ बनाना जरूरी है। बस और मेट्रो सेवाओंका विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनोंको प्रोत्साहन, वाहनोंकी नियमित प्रदूषण जांच तथा नियमोंका उल्लंघन करने वालोंपर काररवाई जैसे कदम प्रभावी साबित हो सकते हैं। केवल कागजोंपर नियम बनाकर प्रदूषणपर नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए नियमित निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। प्रदूषणकी समस्याका समाधान राज्योंके आपसी सहयोगके बिना संभव नहीं है। दिल्लीके आसपास स्थित उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थानमें भी ऐसी गतिविधियोंपर नियंत्रण जरूरी है, जिनसे हवा दूषित होती है। किसानोंको परालीके उचित प्रबंधनके लिए आधुनिक मशीनें, तकनीकी सहायता और आर्थिक प्रोत्साहन उपलब्ध कराना चाहिए। निर्माण स्थलोंपर धूल रोकनेके उपाय अनिवार्य होने चाहिए। औद्योगिक इकाइयोंमें प्रदूषण नियंत्रण उपकरणोंकी नियमित जांच होनी चाहिए। सड़कोंकी सफाई, हरित क्षेत्रोंका विस्तार और कचरेके वैज्ञानिक निस्तारणको भी प्राथमिकता देनी होगी। इस चुनौतीसे निबटनेमें आम नागरिकोंकी भूमिका भी महत्वपूर्ण है। छोटी दूरीके लिए पैदल चलना, साइकिलका उपयोग करना और सार्वजनिक परिवहन अपनाना उपयोगी कदम हैं। घरों और आसपास कचरा जलानेसे बचना चाहिए। अधिकसे अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना भी पर्यावरण संरक्षणका हिस्सा है। नागरिकोंको यह समझना होगा कि स्वच्छ वातावरण केवल सरकारकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासोंका परिणाम है। भारत आज विकास और आधुनिकताकी दिशामें तेजीसे आगे बढ़ रहा है। बड़े शहरोंमें उद्योग, परिवहन और निर्माण गतिविधियोंका विस्तार जरूरी है, लेकिन विकासकी कीमत नागरिकोंके स्वास्थ्य और प्रकृतिके संतुलनसे नहीं चुकायी जा सकती। दिल्लीकी प्रदूषित हवा हमें यह सोचनेके लिए विवश करती है कि आने वाली पीढ़ियोंको हम कैसी धरती सौंपना चाहते हैं। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण किसी विलासिताके साधन नहीं, बल्कि जीवनकी बुनियादी आवश्यकताएं हैं। अब समय आ गया है कि प्रदूषण नियंत्रणको केवल सर्दियोंका अभियान न मानकर पूरे वर्ष चलने वाली प्राथमिकता बनाया जाय। सरकार, प्रशासन, उद्योग जगत और नागरिक समाज मिलकर जिम्मेदारी निभायें, तभी दिल्ली सहित देशके शहरोंको स्वच्छ हवामें सांस लेनेका अधिकार मिल सकेगा।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और 51 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

सदर बाजार और तीतरों पुलिस की संयुक्त टीम ने पोस्ट ऑफिस रोड से दबोचा, हरियाणा के करनाल का रहने वाला है आरोपी

मनोज मिड्ढा

सहारनपुर। शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने, 51 लाख रुपये, सोने की चेन और अन्य सामान धोखाधड़ी से लेने तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को थाना सदर बाजार और थाना तीतरों पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सहारनपुर के पोस्ट ऑफिस रोड से दबोचा। पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त 2025 को पीड़िता ने थाना सदर बाजार में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि हरियाणा के करनाल जिले के हंसूमाजरा निवासी राहुल पुत्र रोशन लाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी और उसके परिजनों ने उसे समाज में बदनाम करने के उद्देश्य से धोखाधड़ी करते हुए 51



लाख रुपये, सोने की चेन और अन्य सामान लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राहुल सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 371/2025 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मंगलवार 11 नवंबर 2026 को मुकदमे में वांछित राहुल पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम हंसूमाजरा, थाना इंद्री, जिला करनाल (हरियाणा) को पोस्ट ऑफिस रोड सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह, उपनिरीक्षक अमनपाल सिंह (थाना सदर बाजार) तथा उपनिरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल हनी सिंह और कांस्टेबल रविंद्र (थाना तीतरों) शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

तेज रफ्तार ट्रक ने रेत से भरी दो बैल बुग्गियों को टक्कर, एक बैल के दोनों पैर टूटे

गंगोह- मंगलवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने रेत से भरी दो बैल बुग्गियों को टक्कर मार दी। दोनों बुग्गियां टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हो गईं और उनमें जुड़े दोनों बैल घायल हो गए। एक बैल के दोनों पैर टूट गए। बुग्गी चला रहे दोनों लोगों ने कूदकर जान बचाई। पुलिस ने ट्रक और चालक को पकड़ लिया। मंगलवार रात करीब 9 बजे बाइपास मार्ग स्थित सपा नेता नक्षत्रपाल चौधरी के घर के पास हुआ। शहाद और उसामा अपनी-अपनी रेत से भरी बैल बुग्गियों से वहां से गुजर रहे थे। उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार से ट्रक ने दोनों बुग्गियों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक बुग्गी ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई। ट्रक उसे करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया। दोनों बुग्गियां क्षतिग्रस्त हुईं और दोनों बैल घायल हो गए। बुग्गी चालकों ने बताया कि ट्रक अचानक तेज गति से आया और उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कूदकर जान बचाई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। नक्षत्रपाल चौधरी ने पुलिस को सूचना दी और घायल बैलों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया। पुलिस ने ट्रक का पीछा कर चालक समेत उसे गणेश शंकर विद्यार्थी चौक के पास पकड़ लिया।

तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दंपति सहित पांच घायल

आज समाचार सेवा

नागल। बुधवार को क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दंपति सहित पांच लोग घायल हो गए पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। तीन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



पहला हादसा सुबह करीब 9बजे कस्बे के टपरी मार्ग के गांव सुभरी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया हालत गंभीर देखते हुये चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव सोहनचिड़ा निवासी हसीब गांव के ही अपने साथी क्रिसपाल के साथ अपनी बाइक से काम करने के लिए सहारनपुर जा रहे थे सुबह करीब 9बजे जैसे ही वह गांव सुभरी ख्वाजा के निकट पहुंचे तो वह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। दूसरा हादसा। दोपहर करीब 2 बजे देवबंद के गांधी कॉलोनी निवासी अशरफ अपनी पत्नी बानो बेगम के साथ बाइक से स्टेट हाईवे होते हुए सहारनपुर दवाई लेने के लिए जा रहे थे जैसे ही वह गांव बसेड़ा के निकट पहुंचे तो बाइक के सामने अचानक कुत्ता आने से उससे टकरा गई ।घटना में दोनों घायल हो घये ,जिनको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

तीसरा हादसा। गांव नोजली दनियालपुर निवासी जाकिर पुत्र अली हसन किसी काम के बाद वह अपने गांव लौट रहा था दोपहर करीब 2:30 बजे गांव कोटा स्थित स्टेट हाईवे पार करते समय उसकी बाइक को किसी अज्ञात वहन ने टक्कर मार दी घटना में वह घायल हो गया जिसे डायल 112 पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया ।थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि घटनाओं में पीड़ित परिवारों की ओर से तहरीर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फोटो। नागल सीएचसी पर घायलों का उपचार करते चिकित्सक।

संक्षिप्त डायरी

गागलहेड़ी क्षेत्र में किसान के ट्यूबवेल से चोरी, अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

आज समाचार सेवा



गागलहेड़ी। क्षेत्र में ट्यूबवेलों और किसानों के कृषि उपकरणों को निशाना बनाने वाले चोरों का आतंक लगातार बना हुआ है। गांव चौरादेव, खजूरी, ढाला, हरोड़ा समेत अनेक गाँव में चोरो का आतंक जारी है। ताजा मामले में एक किसान के ट्यूबवेल से स्टार्टर, केबल, कटआउट और अन्य कृषि उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. हाशिम एडवोकेट, निवासी ग्राम माजरा व महमूदपुर तिवारी, थाना गागलहेड़ी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका ट्यूबवेल मेन रोड से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। सात नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने ट्यूबवेल से स्टार्टर, केबल, कटआउट सहित कृषि उपकरण चोरी कर लिए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों ने एसएसपी अभिनंदन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की निर्देश देने की मांग की है।

पूछता है ककराली सरोवर, आखिरी कब होगी सफाई



गंगोह- अब ककराली सरोवर की बदहाल स्थिति को देखकर लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इसकी सफाई कब होगी? सरोवर खुद मानो पूछ रहा है कि आयोजनों के बाद उसकी सुध कौन लेगा? नगर के ककराली सरोवर में त्योहारों के आयोजन के बाद गंदगी के ढेर लग गए हैं। ककराली सरोवर में पहले श्री रामलीला महोत्सव मंडल द्वारा ताड़का वध, रावण दहन, श्री मां भगवती मेला कमेटी द्वारा दस दिन आयोजित होने वाला मेला लगाया और फिर सरकारी आदेशों के अनुसार पटाखों की दुकानें सजाई गईं। लगातार आयोजनों के चलते सरोवर परिसर में जगह-जगह कूड़ा-कचरा जमा हो गया है। हालत यह है कि सरोवर की सुंदरता पर गंदगी भारी पड़ रही है। मेला कमेटी के प्रबंधक डा. राकेश गर्ग ने बताया कि मेले के बाद यहां पटाखों की दुकानें लगी हुई थीं। वहीं, त्योहारों के चलते सफाई नहीं हो पाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब जल्द ही सरोवर परिसर की सफाई कराई जाएगी।

बेटी से अभद्रता का विरोध करने पर परिवार से मारपीट

गागलहेड़ी। क्षेत्र के गांव बलियाखेड़ी में युवती के साथ गाली-गलौज करने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि चार युवकों ने महिला और उसके बेटे व भतीजे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बलियाखेड़ी निवासी संगीता पत्नी सूरजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी भलस्वा स्थित कॉलेज में कक्षा छह में पढ़ती है। आरोप है कि गांव के कुलदीप, विशाल, विकास और रोहित उसकी बेटी के साथ रास्ते में गाली गलौज करते हैं। सात नवंबर की शाम जब उन्होंने आरोपियों से इस संबंध में पूछताछ की तो वे उनके साथ भी गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि शोर सुनकर उनका बेटा अंशूलऔर भतीजा वंश भी घर से बाहर आ गए। इसके बाद चारों आरोपी अपने घरों से डंडे लेकर पहुंचे और कुशल व वंश के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर थाना गागलहेड़ी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सांप्रदायिक एकता की झलक, मुस्लिम मुंह बोली बहनों से तिलक



गंगोह- भाई दूज पर्व पर सांप्रदायिक एकता की झलक भी देखने को मिली। पूर्व चेयरमेन काजी नोमान मसूद के पुत्र हमजा मसूद ने भी राम बाग कालोनी निवासी अपनी मुंह बोली बहनों नन्दनी व तनिशा से तिलक कराया। उन्होंने अपनी बहनों को उपहार भी दिए। मोहल्ला इलाहीबख्श निवासी चौधरी नौशाद भी अपनी मुंह बोली बहन मोहल्ला मोहम्मद गौरी निवासी पुष्पा के यहां पर्व मनाने पहुंचे। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने भी पर्व को मनाया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व हर्षोल्लास से परंपरागत तरीके से मनाया गया।

सात दशक बाद भी कायम है भाई-बहन के प्रेम और अटूट रिश्ते की मिसाल

भैया दूज पर एक साथ मिले चार भाई-बहन, बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना; शीतल टंडन बोले- उम्र के हर पड़ाव पर और गहरा होता जाता है भाई-बहन का रिश्ता

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। भैया दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। इसी भावना को जीवंत करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी शीतल टंडन भैया दूज के पावन अवसर पर अपनी बड़ी बहन श्रीमती जनक रानी कपूर के रेलवे रोड स्थित आवास पर पहुंचे। इस विशेष अवसर पर चंडीगढ़ से उनके बड़े भाई श्री जसवंत राय टंडन तथा कुराली, पंजाब से विशेष रूप से पहुंचीं उनकी बहन श्रीमती राज दुलारी धवन भी मौजूद रहीं। लंबे अरसे बाद चारों भाई-बहनों का एक साथ मिलन हुआ तो परिवार में खुशियों और आत्मीयता का माहौल बन गया। दोनों बहनों ने



भाइयों के माथे पर भैया दूज का तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पारिवारिक मिलन ने भैया दूज के पर्व की खुशियों को और यादगार बना दिया। इस परिवार में पिछले सात दशकों से भी अधिक समय से प्रेम, एकता, सद्भाव और आपसी समर्पण की परंपरा कायम है। उम्र के इस पड़ाव पर भी भाई-बहनों का एक-दूसरे के प्रति स्नेह और अपनापन पारिवारिक रिश्तों की मजबूती की खूबसूरत मिसाल पेश करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शीतल टंडन ने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता जीवन के सबसे अनमोल रिश्तों में से एक है।

उम्र के हर पड़ाव पर यह रिश्ता और गहरा होता जाता है। भैया दूज केवल तिलक लगाने का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी देता है। आज के सामाजिक परिवेश में ऐसे पारिवारिक मिलन नई पीढ़ी को रिश्तों की अहमियत और परिवार की एकता का संदेश देते हैं।

सहारनपुर से पूर्वांचल-बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़, स्लीपर कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं

भैयादूज और छठ पर्व पर घर लौट रहे यात्रियों की बढ़ी भीड़, नियमित ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल; स्पेशल ट्रेनों का किराया 20 से 30 प्रतिशत तक अधिक

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। दीपावली के बाद अब भैयादूज और छठ पर्व को लेकर ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सहारनपुर से होकर पूर्वांचल और बिहार जाने वाली नियमित ट्रेनों के स्लीपर कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। ट्रेनों में सीट पाने के लिए यात्रियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं, दीपावली मनाकर काम पर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ ने रेलवे की परेशानी और बढ़ा दी है। बुधवार को भैयादूज का पर्व मनाया जा रहा है, जबकि 13 नवंबर से छठ महापर्व की शुरूआत होगी। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर पूर्वांचल और बिहार के लोग अपने घरों का रुख कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा और सहारनपुर में रहकर नौकरी एवं मजदूरी करने वाले बड़ी संख्या में लोग



त्योहार मनाने के लिए अपने घर लौट रहे हैं। इसके चलते सहारनपुर से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अमृतसर से पूर्णिया जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस सहित पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली अन्य ट्रेनों में भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है। नियमित ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है।

अन्नकूट महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया छप्पन भोग

आज समाचार सेवा



छटमलपुर: वैदिक शिव सत्संग मंदिर में गोवर्धन पूजा ७का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ तथा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कर्यक्रम में पंडित आशीष आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन संपन्न कराया। यज्ञ में समिति अध्यक्ष मनोज बंसल, प्रमोद शर्मा, विनोद बंसल,डॉ देवराज पुंडीर,प्रदीप चौधरी, लीलावती चौहान, राजेश शर्मा,तुषार शर्मा, जितेंद्र त्यागी,राजीव पाराशर, देवराज पुंडीर, मगेराम शर्मा,अखिलेश कौशिक,अंकित धीमान सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर परिवार एवं समाज की मंगलकामना की। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला का स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रकृति, पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर परंपरागत रीति से पूजा की। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी गई और उन्हें अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सर्वधर्म प्रार्थना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच त्रिवेणी मिल का पेराई सत्र शुरू

मंत्री बृजेश सिंह और उप गन्ना आयुक्त ओपी सिंह ने केन कैरियर में गन्ना डालकर किया शुभारंभ, पहली गन्ना गाड़ी लेकर पहुंचे किसानों को किया सम्मानित

आज समाचार सेवा

देवबंद। त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की देवबंद चीनी मिल के पेराई सत्र 2026-27 का बुधवार को धार्मिक अनुष्ठानों और सर्वधर्म प्रार्थना के बीच विधिवत शुभारंभ किया गया। लोक निर्माण विभाग के मंत्री बृजेश सिंह और उप गन्ना आयुक्त ओपी सिंह ने मिल के उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख पुष्कर मिश्र तथा क्षेत्र के किसानों के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर नए पेराई सत्र की शुरूआत की। पेराई सत्र के शुभारंभ अवसर पर पंडित सच्चिदानंद भट्ट और श्री शांतनु जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, यज्ञ और



धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। सर्वधर्म समभाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रामायण पाठ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ और पवित्र कुरान शरीफ का पाठ भी किया गया। आयोजन में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और किसानों की उन्नति की कामना की गई। मिलगेट पर पहली गन्ना गाड़ी लेकर पहुंचे किसानों का मिल प्रबंधन की ओर से शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रथम बैलगाड़ी लेकर पहुंचे ग्राम गुनारसा के नवीन चौधरी, प्रथम ट्रैक्टर-बुग्गी लेकर पहुंचे ग्राम भायला के ऋषिपाल तथा प्रथम ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे ग्राम अंबेहटा शेखा के नरेंद्र त्यागी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बड़गांव जोन के बूड़ाखेड़ा क्रय केंद्र से पहला ट्रक लेकर पहुंचे संदीप कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिल के उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख पुष्कर मिश्र ने अतिथियों और क्षेत्र के किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि चीनी मिल का पेराई सत्र सफलतापूर्वक संचालित करने में किसानों का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से साफ-सुथरा, जड़-पत्ती, अगोला और मिट्टी रहित गुणवत्तापूर्ण गन्ना मिल में आपूर्ति करने की अपील की। साथ ही किसानों से अपना संपूर्ण गन्ना देवबंद चीनी मिल को देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सहकारी गन्ना विकास समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र के किसान, मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन क्षेत्र की खुशहाली, किसानों की समृद्धि और नए पेराई सत्र की सफलता की कामना के साथ हुआ।

भैयादूज पर जैन समाज ने निकाली भव्य रथयात्रा

सैकड़ों महिला-पुरुष हुए शामिल, भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और करुणा के संदेश का किया गुणगान

आज समाचार सेवा

सरसावा (सहारनपुर)। भैयादूज के पावन पर्व पर जैन समाज की ओर से नगर में भव्य रथयात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रथयात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के माध्यम से भगवान महावीर का गुणगान किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन राजू पंवार और पूर्व चेयरमैन नवीन जैन भी रथयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के बताए सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलकर ही समाज में



शांति, सद्भाव और भाईचारा कायम किया जा सकता है। उन्होंने भैयादूज पर्व को भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रत्येक त्योहार हमें अपनी सामाजिक और पौराणिक परंपराओं को संजोने तथा आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है। रथयात्रा के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में नरेश चंद जैन, तरंग जैन, अनुराग जैन, संदीप जैन, दीपा जैन, रीना जैन, कुसुम जैन, सावित्री, पूनम जैन, मनीषा जैन, रितु जैन सहित जैन समाज के अनेक महिला-पुरुष मौजूद रहे।

पत्रकारिता की आड़ में अवैध वसूली का आरोप, यूट्यूब चैनल से जुड़े युवक समेत तीन पर लूट-रंगदारी का मुकदमा

आज समाचार सेवा

नकुड़ (सहारनपुर)। क्षेत्र में पत्रकारिता की आड़ में कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। एक कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने यूट्यूब चैनल से जुड़े एक युवक और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ लूट एवं रंगदारी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी खनन से जुड़ी गाड़ियों को रोककर अवैध रूप से पैसे मांगते थे। विरोध करने पर पीड़ित के वाहन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर उसका पिछला शीशा तोड़ दिया और मारपीट की। ग्राम मानकमऊ थाना कुतुबशेर निवासी मुर्तजिम पुत्र यासीन ने थाना नकुड़ में दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी नरसुल्लागढ़ और शुक्रताल के रास्ते में उसकी गाड़ी रोककर पैसों की मांग करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने वाहन पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि संबंधित लोग इससे पहले भी कई बार उससे अवैध रूप से धनराशि वसूल चुके थे। कुछ रकम नकद ली गई, जबकि कई बार ऑनलाइन भुगतान भी कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक यूट्यूब चैनल से जुड़े पत्रकार बताने वाले युवक समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह को सौंपी गई है। इस घटना ने क्षेत्र में पत्रकारिता की आड़ में कथित वसूली करने वाले लोगों की गतिविधियों को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कुछ लोग यूट्यूब चैनल बनाकर स्वयं को पत्रकार बताने लगते हैं और इसी पहचान का कथित दुरुपयोग कर निर्माण कार्यों, खनन से जुड़े वाहनों, मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और राशन डिपो संचालकों को निशाना बनाते हैं। आरोप है कि रास्ते में वाहन रोककर कार्रवाई का दबाव बनाया जाता है और फिर पैसों की मांग की जाती है। ऐसी कथित गतिविधियों का असर उन पत्रकारों की छवि पर भी पड़ता है, जो लंबे समय से जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता कर रहे हैं। पत्रकारिता के नाम पर किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने, वाहनों को जबरन रोकने या धनराशि मांगने का अधिकार नहीं है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

माधोटांडा में 10 लाख की लागत से बनेगी अंबेडकर पार्क की बाउंड्री वॉल और छत्र



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। क्षेत्रीय भाजपा विधायक के प्रयासों से माधोटांडा में स्थित अंबेडकर पार्क की बाउंड्री वॉल और छात्र निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बीते दिन कराये जाने वाले निर्माण कार्य का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

तहसील कलीनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम माधोटांडा स्थित अंबेडकर पार्क के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने इस राशि की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति मिलने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस बजट के माध्यम से पार्क में मजबूत बाउंड्री वॉल और एक छत्र का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों और पार्क में आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने गांव में विकास कार्य की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

1.92 करोड़ से सिमरिया स्टेडियम के अधूरे निर्माण को किया जायेगा पूरा

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। बसपा शासन में शुरू गया किया गया स्टेडियम निर्माण एक दशक बाद भी भी अपूर्ण है। लंबे समय से खेल प्रेमी स्टेडियम के अधूरे निर्माण को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। अब खेल प्रेमियों की यह मांग पूरी होती दिखाई दे रही है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव ने अधूरा स्टेडियम पूर्ण कराने के लिए एक करोड़ 92 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त करने की बात कही है।

उत्तर प्रदेश शासन ने पीलीभीत जिले के विकास खंड पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम सिमरिया में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस संबंध में संयुक्त सचिव रमेश चन्द्र तिवारी ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के महानिदेशक को शासनादेश जारी कर दिया है। इस स्टेडियम के बचे हुए निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 192.47 लाख रुपये (एक करोड़ वानबे लाख सैंतालीस हजार रुपये) की धनराशि स्वीकृत और अवमुक्त की गई है। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधानों के तहत यह राशि जारी की गई है, जिससे करीब डेढ़ दशक से अधूरा पड़ा स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हो जायेगा।

नगर पालिका चौराहे पर युवक से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर उचक्का फरार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। दिनदहाड़े कोतवाली से कुछ ही दूर पर भाई दूज के पर्व पर भारी भीड़ की आड़ में उचक्का एक युवक से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गया। युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी विजय सिंह बुधवार दोपहर नगर पालिका चौराहे पर मोबाइल फोन की सिम पोर्ट कराने पहुंचे थे। इसी दौरान वह छतरी के पास खड़े होकर किसी काम में व्यस्त थे। बताया जाता है कि तभी एक अज्ञात युवक अचानक उनके पास पहुंचा और हाथ में पकड़ा मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीन लिया। जब तक विजय सिंह कुछ समझ पाते और आरोपी को पकड़ने का प्रयास करते, तब तक वह मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। अचानक हुई घटना से पीड़ित हक्का-बक्का रह गया। विजय सिंह ने बताया कि घटना दोपहर करीब दो बजे की है। मोबाइल छीनकर भागे युवक का काफी देर तक कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की। उन्होंने पुलिस से आरोपी की पहचान कर मोबाइल फोन बरामद कराने की मांग की है। दिनदहाड़े चौराहे पर हुई मोबाइल छिनैती की घटना से आस-पास के लोगों में भी चर्चा बनी रही।

अधिवक्ता ने की संदिग्ध एवं गलत मतदाता प्रविष्टियों की जांच व संशोधन कराने की मांग

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। अधिवक्ता ने संदिग्ध एवं गलत मतदाता प्रविष्टियों की जांच व संशोधन करने की मांग को लेकर डीएम को पत्र लिखा है। अधिवक्ता ने इस मामले को सोशल मीडिया के शिकायत प्लेटफार्म पर भी उठाया है।

पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा निवासी अधिवक्ता रवि यादव ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के नगर पालिका वार्ड संख्या 07 की मतदाता सूची में मकान संख्या 103 पर दर्ज संदिग्ध एवं गलत मतदाता प्रविष्टियों की जांच कर संशोधन कराया जाये। अधिवक्ता श्री यादव ने शिकायत में कहा कि विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर नगर पालिका वार्ड संख्या 07 की मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं देखने को मिली हैं। उनके मकान संख्या 103 पर मतदाता सूची में कई ऐसे व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, जिन्हें वह नहीं जानते तथा वह उनके मकान में निवास भी नहीं करते हैं। यहां तक कि आस-पास रहने वाले लोगों के संबंध में भी इन नामों का सत्यापन आवश्यक है। शिकायत में अधिवक्ता ने कहा कि इस गंभीर समस्या के संबंध में उन्होंने दिनांक- 20 जनवरी 2026 को सोशल मीडिया (एक्स) के माध्यम से निर्वाचन आयोग एवं संबंधित अधिकारियों को शिकायत की थी। इसके बाद दिनांक- 14 अक्टूबर 2026 को पुन: शिकायत दर्ज कराई गई। उस समय अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची में सुधार कराने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि दो दिन पूर्व जब उन्होंने स्वयं संशोधित मतदाता सूची का निरीक्षण किया तो उसमें पूर्व में बताई गई अनियमितताएं अभी भी मौजूद मिलीं। इससे प्रतीत होता है कि पूर्व में की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिवक्ता श्री यादव ने डीएम से मांग की कि मकान संख्या 103, वार्ड संख्या 07 की मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं का निष्पक्ष स्थलीय सत्यापन कराया जाए, जो व्यक्ति वास्तव में उक्त मकान में निवास नहीं करते हैं, उनकी प्रविष्टियों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक संशोधन किया जाए, पूर्व में उनके द्वारा की गई शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई ? इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, संबंधित बीएलओ एवं निर्वाचन अधिकारियों से इस प्रकरण में स्पष्टीकरण लेकर जिम्मेदारी निर्धारित की जाए, इस सम्बंध में पूर्व में की गई जांच एवं कार्रवाई की लिखित जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जाए। अधिवक्ता रवि यादव ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण आधार शिला है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत या संदिग्ध प्रविष्टि न केवल निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों को भी प्रभावित कर सकती है। इसलिए इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच करवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाये।

सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की रैंकिंग में दूसरी बार प्रथम स्थान पर रहा पीलीभीत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जनपद में संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं एवं परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित समीक्षा तथा समयबद्ध प्रगति के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की प्रगति एवं रैंकिंग में जनपद पीलीभीत ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागवार योजनाओं की प्रगति की निरंतर निगरानी करते हुए कम प्रगति वाले विभागों को आवश्यक सुधार एवं तेजी लाने के निर्देश दिए जाते हैं। उनके द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जनपद पीलीभीत का लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करना जिला प्रशासन की कार्यकुशलता, बेहतर समन्वय एवं विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने के निर्देश दिए।

भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक कर मांगी लंबी उम्र दुआ

घरों में दिखी त्योहार की रौनक, बहनों को उपहार देकर भाइयों ने निभाई परंपरा



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर। दीपावली के ठीक दो दिन बाद मनाया जाने वाला भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज (यम द्वितीया) शहर और ग्रामीणअँचल में पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का वचन दिया।

भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व भाई दूज बुधवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने स्नान कर विधि-विधान से भगवान चित्रगुप्त और यमराज की पूजा-अर्चना की तथा भाई को तिलक लगाने की थाल सजाई। बताया जाता है कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन बहनों के घर जाकर भोजन करना और उनसे तिलक लगवाना बेहद शुभ माना जाता है। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी सुख-समृद्धि व लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हर परिस्थिति में साथ निभाने का संकल्प दोहराया। पर्व को लेकर परिवारों में खास उत्साह नजर आया। बहनों के घर पहुंचे भाइयों का तिलक कर स्वागत किया गया। कई घरों में मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की गईं। गरिमा माथुर ने अपने भाई अकाय माथुर को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों ने एक-दूसरे को उपहार भी भेंट किए। भाई दूज के चलते बाजारों में भी रौनक रही। मिठाई, फल और उपहारों की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। बहनों के घर आने-जाने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। इस पर्व ने परिवारों को एक साथ आने और भाई-बहन के रिश्ते में अपनापन व प्रेम मजबूत करने का अवसर दिया। भाई दूज के पर्व को लेकर बाजारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खासकर मिठाई की दुकानों, गिफ्ट गैलरी और गारमेंट्स स्टोर्स पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक सोनपापड़ी, काजू कतली, और रसगुल्लों के साथ-साथ विशेष चॉकलेट और ड्राई-फ्रूट पैक्स की सबसे ज्यादा मांग रही। उपहारस्वरूप भाइयों ने बहनों को कपड़े, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भेंट किए, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आए। त्योहार के चलते शहर के मुख्य मार्गों और बस अड्डों पर भारी भीड़भाड़ देखने को मिली। अपने भाइयों को तिलक लगाने जा रही बहनों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने भी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की थीं, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

किशोरी से छेड़छाड़ मामलें में दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। किशोरी के पिता ने दुकानदार पर किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। इस मामलें में थाना माधोटांडा पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब चार बजे उनकी नाबालिग पुत्री कस्बे में अवनीश गुप्ता पुत्र गिरीश गुप्ता की दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दुकानदार बालिका को बहला-फुसलाकर दुकान के अंदर बने शौचालय में ले गया और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। बालिका ने विरोध करते हुए काफी मशक्कत के बाद आरोपी के चंगुल से खुद को छुड़ाया और वहां से भाग निकली। बालिका ने घर जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता के पिता के मुताबिक घटना के बाद से बालिका सदमे में है और उसकी तबीयत भी बिगड़ गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी अवनीश गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की करीब 21 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना घुघचाई क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी प्रमोद के अनुसार उनका पुत्र राजू 16 अक्टूबर को बाइक से खेत से घर लौट रहा था। बंडा-पूरनपुर मार्ग पर लुकटिहाई मंदिर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पूरनपुर सीएचसी से जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे बरेली और फिर लखनऊ ले जा रहे थे। बताया जाता है कि 06 नवंबर को बरेली गेट के पास उसकी मौत हो गई। घुंघचाई पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक संख्या यूपी 27 एआर 7519 के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस व दो खोखे के साथ युवक गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। अवैध तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास अवैध तमंचे के साथ जिंदा कारतूस व दो खोखे भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध असलहों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना माधोटांडा पुलिस ने कलीनगर पुलिया के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवंबर 2026 को माधोटांडा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कलीनगर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक अवैध असलहे के साथ मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दी। पुलिस को सामने देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मुनीष पुत्र रामचंद्र, निवासी वार्ड नंबर-02 कलीनगर, थाना माधोटांडा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

चखरा में मिट्टी खनन का खेल तेज दिनदहाड़े दौड़ती ट्रालियां आखिर किसके संरक्षण में चल रहा कारोबार

लखीमपुर खीरी। जनपद की तहसील निघासन क्षेत्र के गांव चखरा में मिट्टी से भरी ट्रालियों के लगातार दौड़ने का मामला सामने आया है वीडियो में मिट्टी से लदी ट्रालियों की आवाजाही साफ देखी जा सकती है। सवाल यह है कि आखिर यह मिट्टी कहां से निकाली जा रही है और क्या इसके लिए संबंधित विभाग से नियमानुसार अनुमति ली गई है यदि बिना अनुमति मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा है, तो यह गंभीर जांच का विषय है आखिर जिम्मेदार विभाग की नजर इन ट्रालियों पर क्यों नहीं पड़ रही क्या विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है या फिर कार्रवाई का इंतजार किसी बड़े हादसे के बाद किया जाएगा योगी सरकार में अवैध खनन पर सख्ती के दावों के बीच चखरा का यह मामला कई सवाल खड़े कर रहा है अब देखना यह है कि खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन वीडियो का संज्ञान लेकर जांच करता है या मिट्टी से भरी ट्रालियां इसी तरह सड़कों पर दौड़ती रहेंगी ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है नोट बिना अनुमति खनन होने की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

उर्स-ए-कासमी के लिए 13 नवंबर को निकाली जायेगी चादर शरीफ

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। आगामी 20-21-22 नवम्बर को हर जिला एटा में स्थित मारहरा शरीफ में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उर्स-ए-कासमी मनाया जा रहा है। जिसमें शिरकत करने के लिए पूरनपुर से हजारो अकीदत मंद जाते है। जिसमें बज्म शाह बरकात की जानिब से जामिया गरीब नवाज़ दुखत्राने इलाम से एक चादर शरीफ निकाली जायेगी। यह चादर शरीफ 13 नवम्बर को शाम 6 बजे से मदरसे से निकाली जायेगी। रज़ाकार और सभासद नादिर रज़ा बरकाती ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बरकाती उर्स-ए-कासमी में शामिल हो। पैगामें अमन कौंसिल के सदर तौफीक अहमद कादरी ने कहा कि मारहरा शरीफ में सुन्नियत के ताजदार आला हजरत अजीमुल बरकत इमाम अहमद रज़ा बरेलवी के पीरो मुर्शिद शाह-आले रखूल मारहबी की दरगाह शरीफ है। मारहरा शरीफ में एक ही गुम्बद के नीचे सात कुतुब आरामफरमा है। यहां दुनिया के कोने-कोने से अकीदत मंद आते है और फैजयाव होते हैं। मारहरा की धरती से एक बरकाती पैगाम दिया जाता है। कि आधी रोटी खाइये बच्चों को पढ़ाइये मारहरा बज्ने शाहे बरकात ओ रजा कमेटी के सदर मौलाना याकूब हुसैन बरकाती, शकील अहमद बरकाती आदि ने अपील कर चादर-शरीफ और उर्स-ए-कासमी में शामिल होने की अपील की।

किसानो के परिवार को मिला आर्थिक सहारा, किसी के सपनों को मिली उड़ान

लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार ने एक ओर दुर्घटना से प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया, तो दूसरी ओर युवाओं को पारदर्शी चयन प्रक्रिया के जरिए सरकारी सेवा से जुड़ने का अवसर दिया। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 383 लाभार्थियों को 15 करोड़ 30 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। वहीं, जिले को राजस्व विभाग में 18 नव चयनित कनिष्ठ सहायक प्राप्त हुए हैं। इनको नियुक्ति पत्र वितरण के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में इन नवचयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा ने डीएम अंजनी कुमार सिंह एवं एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी, एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुवा राजू आर की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से राजस्व विभाग में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत नवचयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। अटल सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना।

383 लाभार्थियों के खातों तक पहुंची 15.30 करोड़ की सहायता- जनपद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कुल 325 स्वीकृत दावों के सापेक्ष 383 लाभार्थियों को 15 करोड़ 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की गई। इस अवसर पर पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक प्रदान किए गए। योजना के माध्यम से दुर्घटना से प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान किया जा रहा है।

18 युवाओं को राजस्व विभाग में मिली सरकारी सेवा की सौगात- जनपद के युवाओं के लिए राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक पदों पर चयन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से जनपद को कुल 18 कनिष्ठ सहायक प्राप्त हुए हैं। इनमें जनपद के 12 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है जबकि शेष चयनित अभ्यर्थी अन्य जनपदों के निवासी हैं। सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवा में अवसर मिलने से चयनित युवाओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।

शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बैरियर बंद होने के बावजूद पटरी पार कर रहे बाइक सवार फंसे, वीडियो वायरल



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर स्थित शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। रेलवे फाटक बंद होने के दौरान दोनों बैरियर के बीच बाइक सवार खड़े नजर आए। इस दौरान ट्रेन उनके पीछे से गुजरती दिखाई दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल पूरनपुर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शेरपुर और माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने की तैयारी हुई थी। दोनों स्थानों पर पैमाइश भी कराई गई थी, लेकिन शेरपुर क्रॉसिंग पर प्रस्तावित पुल को सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक लोगों ने खुद के लाभ और कुछ व्यापारियों के विरोध और प्लाटिंग से जुड़े लोगों के कथित दबाव के चलते पुल का प्रस्ताव निरस्त करा दिया गया। इधर जाम से बचने और जल्दबाजी में निकलने के चक्कर में लोग रेलवे नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। बैरियर बंद होने के बावजूद बाइक सवार पटरी के बीच पहुंच गए, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनने से जाम की समस्या कम होगी और ऐसे हादसों की आशंका पर भी अंकुश लगेगा।

लखीमपुर खीरी में अवैध निजी बसों का बड़ा खेल,छत पर बैठाकर यात्रा करा रहीं बसे

लखीमपुर खीरी। जनपद में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से संचालित हो रहीं निजी बसों और ट्रेवल एजेंसियों के खिलाफ अब आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है।भारतीय किसान यूनियन सम्राट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव ने परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी और एआरटीओ सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी खीरी को एक शिकायती पत्र भेजकर जनपद में चल रहे अवैध बसों के सिंडिकेट की उच्च स्तरीय जांच और विधिक कार्रवाई की मांग की है।भाकियू सम्राट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव ने अधिकारियों को अवगत कराया कि जनपद की निघासन रोड पर ट्रेवल एजेंसियों के नाम से दुकानों की बाढ़ आई हुई है। ये एजेंसियां यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा का झांसा देकर विभिन्न राज्यों और देश की राजधानी दिल्ली के लिए हर रोज भारी संख्या में निजी बसों का संचालन कर रही हैं। इन बसों में न तो सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम हैं और न ही इनमें तैनात चालक व परिचालकों का कोई पुलिस वेरिफिकेशन (सत्यापन) कराया जाता है। ऐसे में यदि रास्ते में कोई अनहोनी या आपराधिक घटना घटित होती है, तो यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

शिकायत में निघासन रोड पर संचालित जायसवाल ट्रेवल एजेंसी का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। किसान नेता ने बताया कि कुछ समय पहले दिल्ली जाते समय इस एजेंसी की एक बस बड़े हादसे का शिकार हो गई थी।बस में आग लगने से वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी।उस वक्त बस में सुरक्षा के कोई साधन मौजूद नहीं थे, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता और राहत बचाव कार्य के कारण यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई थी। इस हादसे के बावजूद विभाग और बस संचालकों ने कोई सबक नहीं लिया।राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव का आरोप है कि जायसवाल बस एजेंसी के संचालक प्रखर जायसवाल और रमेश जायसवाल द्वारा भारी संख्या में निजी बसों को बुकिंग और डेली रूट के माध्यम से दिल्ली व अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि इस पूरे खेल में सरकारी राजस्व की बड़े पैमाने पर चोरी की जा रही है।यूनियन ने मांग की है कि निघासन रोड स्थित जायसवाल बस एजेंसी की सभी निजी बसों का पूरा विवरण खंगाला जाए कि कब-कब और किस-किस बुकिंग पर बसों को बाहर भेजा गया,विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया जाए कि इन बसों के संचालन के लिए उचित परमिट और टैक्स जमा किया गया है या नहीं,बसों में क्षमता से अधिक सवारियां (ओवरलोडिंग) बैठाने के खेल पर तुरंत रोक लगाई जाए,सभी निजी बसों के चालकों और परिचालकों का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित हो,भाकियू सम्राट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चेतावनी देकर कहा है कि जनहित और यात्रियों की सुरक्षा को ताक पर रखकर किए जा रहे इस अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध वाहन संचालकों के खिलाफ तत्काल विधिक

मोहम्मद शरीफ हत्याकांड- 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, हमलावर फरार



बिलासपुर। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हुए आतंकी हमले के मामले में कोर्ट से बरी हुए मोहम्मद शरीफ की हत्या के मामले में वारदात के 24 घंटे बीतने के बाद भी हमलावर पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस की एसओजी, सर्विलांस समेत छह टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं। वहीं बुधवार की शाम मृतक के शव को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव लाकर गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।गौरतलब है कि खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव आकिलपुर बदनपुरी निवासी 53 वर्षीय मोहम्मद शरीफ की मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे खजुरिया थाने से कुछ ही दूरी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।बाइक सवार दो नकाबपोश हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं।घटना के समय शरीफ अपने बेटे अब्दुल वाहिज के साथ थाने में सत्यापन कराने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था।घटनास्थल पर एएसपी अनुराग सिंह और फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की तथा साक्ष्य जुटाए।एसपी ने हत्याकांड के शीघ्र खुलासे के लिए एसओजी और सर्विलांस सहित पुलिस टीमों का गठन किया था।बुधवार शाम करीब छह बजे पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

सुरक्षा के मद्देनजर गांव में सीओ पीपी सिंह, एसओजी प्रभारी सतेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, स्वार कोतवाली प्रभारी पंकज पंत, केमरी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार और खजुरिया थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय समेत कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। बाद में गमगीन माहौल में गांव के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

13 नवंबर को आएंगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

बदायूं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 13 नवंबर 2026 को 10.00 बजे अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान राज्य महिला आयोग द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में गोद भराई अन्नप्राशन व कन्या जन्मोत्सव 11ः30 बजे पूर्वाह्न स्थल सभागार विकास भवन में जनसुनवाई/विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक, 3ः00 बजे अपराह्न योजनाओं से लाभान्वित व पात्र महिला लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम विकास भवन सभागार में किया जाएगा।

भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया



बिसौली। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व %भाई दूज% बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को बहनों ने सुबह से ही पूजा की थाली सजाकर अपने भाइयों का तिलक किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि तथा लंबी उम्र की ईश्वर से कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। ?पर्व को लेकर बाजारों में भी सुबह से ही अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली। मिठाइयों की दुकानों और उपहार केंद्रों पर खरीदारों की खासी भीड़ जुटी रही। त्योहार के चलते आवागमन के मार्गों पर भी रौनक बनी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल नजर आया।

भैया दूज पर चैराहों व बाजारों में उमड़ी भीड़, कई जगह लगा जाम

चन्दौसी। बुधवार को भैया दूज के त्यौहार पर सुबह से ही क्षेत्र के मुख्य बाजार एवं चैराहों पर भारी भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई व गोला खरीदकर तिलक किया और दूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया। कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र में भूडी चैराहा, कुढफतेहगढ़ मैन रोड, बिचैटा चैराहा, रतनपुर चैराहा, रीठ चैराहा, खटैटा चैराहा आदि स्थानों पर सुबह से ही रौनक दिखाई दी। बहनें अपने भाइयों के लिए मिठाई व गोला खरीदती दिखाई दीं। मिठाई की दुकानों पर जमकर मिठाई की खरीदारी हुई। बिचैटा चैराहा, भूडी चैराहे पर बाइक आदि वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति बनी। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाला और यातायात व्यवस्था को सही किया, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हुई। बहनों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने के बाद अपने भाइयों का तिलक कर दूज का त्यौहार मनाया। पूरे क्षेत्र में भैया दूज को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत बुधवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। साथ ही महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया भी बताई। वहीं, एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने शासन की ओर से संचालित महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीमों ने हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

हिंसा के मामले में फरार शारिक साटा और भतीजे आमिर के खिलाफ कार्रवाई

चन्दौसी। संभल हिंसा के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित शारिक साटा और उसके भतीजे आमिर गुफ्फार के खिलाफ चंदौसी न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उनके आवासों पर ढोल बजवाकर मुनादी कराई और नोटिस चस्पा किए। पुलिस ने दीपा सराय स्थित शारिक साटा के आवास और उसके भतीजे आमिर गुफ्फार के घर पर नोटिस चस्पा किए। इस दौरान पुलिस ने सार्वजनिक रूप से मुनादी कराकर दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश होने की सूचना दी।पुलिस के मुताबिक, गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद न्यायालय में पेश नहीं होने पर शारिक साटा के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, उसके भतीजे आमिर गुफ्फार के खिलाफ धारा 84 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

भैया दूज पर सड़कों पर उमड़ा वाहनों का सैलाब

चन्दौसी। भैया दूज के पर्व पर बुधवार को सड़कों पर वाहनों की संख्या में अचानक भारी इजाफा हो गया। भाईयों को तिलक करने के लिए बहनों का घरों से निकलने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। इसके चलते सड़कों और प्रमुख मार्गों पर दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, रोडवेज विभाग ने बसों के फेरों में भी बढ़ोतरी की, वहीं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी रजीव कुमार ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर बसों के चक्करों की संख्या बढ़ा दी गई है जिससे यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो। सुबह के समय दिल्ली और नोएडा जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रही। इन रूटों पर बसें संभल, हसनपुर और गजरौला होकर संचालित की गईं। समय बढ़ने के साथ ही बस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ और सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता गया। उधर, बदायूं रोडवेज बस स्टेशन पर पिछले तीन दिनों से पुलिसकर्मियों की तैनाती का असर भी दिखाई दिया। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की निगरानी के चलते जेबकतरों की गतिविधियों पर अंकुश रहा। पुलिसकर्मियों की नजर संदिग्ध लोगों पर बनी रही। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय रखे गए। वहीं, बदायूं-चन्दौसी सीमा पर बदायूं के फैजगंज बेहट थाने और चन्दौसी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। दोनों ओर के पुलिसकर्मी चेहरे पर तैनात रहकर यातायात संचालित करते रहे। जाम की स्थिति न बने इसके लिए एक साथ पांच-पांच वाहनों को आगे निकलने दिया गया। पुलिस की इस व्यवस्था से वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी रही और यहां गिरोंने को बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

थाना मूसाझाग पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार



बदायूँ- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ,बदायूँ के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत ,अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मूसाझाग व टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दातागंज की तरफ मुख्य मार्ग से ग्राम कण्डेला जाने वाले रास्ते से अभियुक्तगण 1.राजन बाबू 2.अर्जुन बाबू पुत्रगण मुनेन्द्र भान नि0गण ग्राम गुरगाँव थाना मूसाझाग जिला बदायूँ को दिनांक 10.11.2026 गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाडी व फावड़ा अभि0गण के घर से बरामद किया गया। अभियुक्तगण राजन बाबू व अर्जुन बाबू उपरोक्त को संबंधित मा0 न्यायालय बदायूँ के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 05.11.2026 वादी गंगाराम पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम गुरुगाँव थाना मूसाझाग जिला बदायूँ की तहरीर के आधार पर ,वादी के पुत्र अवधेश को घर मे घुस कर कुल्हाडी ,फावडा से वार कर देना जिससे वादी के पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 217/26 धारा 333/191(2)/191(3)/103(1) बीएनएस बनाम मुनेन्द्र भान आदि 05 नफर पंजीकृत किया गया था।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने बताया कि करीब 01 वर्ष पूर्व उनकी बहन को गांव के अवधेश का भतीजा भगाकर ले गया था। दिनांक 05.11.2026 को बहन की नोएडा से बरामदगी की जानकारी मिलने पर वे जिला अस्पताल बदायूँ उससे मिलने पहुंचे, जहां बहन ने उनके साथ जाने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर घर लौटने पर अवधेश से कहासुनी हो गई, जिसके बाद गुस्से में अभियुक्तगण ने कुल्हाड़ी एवं फावड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह अ0नि0 श्री उरेन्द्र पाल सिंह उ0नि0 श्री मलखान सिंह हे0का0 मौ0 असलम का0 आसिफ का0 अतुल

थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा सट्टा लगाकर खाईवाडी करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया



बदायूँ - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के निर्देशानुसार जनपद में अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे कार्यवाही अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10.11.2026 की रात्रि को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर ग्राम ओरछी के पास 01 मोबाइल फोन से बोल बोल कर सट्टा लगाकर खाईवाडी करते हुए अभियुक्त 1. कुलवन्त सिंह पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम औरछी थाना फैं0 बेहटा जिला को गिरफ्तार किया गया । जिसके पास मौके पर 01 मोबाइल फोन एन्ड्रायड व 7510 रुपये बरामद हुये । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 268/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम - 1867 पंजीकृत कर उपरोक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 रवेन्द्र सिंह राणा हे0का0 हिटलर खान का0 राहुल कुमार

कोतवाली पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की



बिसौली। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आम जनता व व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने बुधवार को भारी पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की।

पुलिस इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजारों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने स्थानीय व्यापारियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद है और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। ?पुलिस की इस सक्रियता और गश्त से आम नागरिकों और दुकानदारों में सुरक्षा का एक मजबूत अहसास देखने को मिला।

भैया दूज पर बसों और ट्रेनों में बढ़ा यात्रियों का दबाव



चन्दौसी। भैया दूज के त्योहार पर बुधवार को बहनों के घर पहुंचने और भाइयों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इसके चलते रोडवेज बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिला। बसों में सीट पाने के लिए यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही, जबकि बस स्टेशन पर लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आधे घंटे तक बसों का इंतजार करना पड़ा।


बुधवार सुबह से ही चन्दौसी रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, यात्रियों की संख्या बढ़ती चली गई। मुरादाबाद, बदायूं, संभल और अलीगढ़ रूट पर जाने वाली बसों में बैठने के लिए यात्रियों के बीच होड़ लगी रही। चन्दौसी से बरेली, बदायूं और अलीगढ़ जाने वाली बसें यात्रियों से पूरी तरह भरी नजर आईं। कई यात्रियों को बसों में सीट नहीं मिल सकी, जिसके चलते उन्हें अगली बस का इंतजार करना पड़ा। रोडवेज प्रभारी ने बताया कि दोपहर बाद यात्रियों की संख्या में और बढ़ोतरी हुई। त्योहार को देखते हुए बसों में यात्रियों का दबाव सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रहा। उधर, रेलवे स्टेशन पर भी यही स्थिति देखने को मिली।

चन्दौसी से बरेली और अलीगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रही। त्योहार के कारण ट्रेनों में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक यात्री सफर करते नजर आए। कुछ ट्रेनें देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा। रेलवे अधीक्षक ने बताया कि भैया दूज के चलते ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। बसों और ट्रेनों में बढ़ी भीड़ के कारण पूरे दिन यात्रियों की आवाजाही बनी रही।

रोटावेटर की चपेट में आकर 18 वर्षीय युवक की मौत, भैया दूज पर बुझ गया घर का चिराग

बड़े भाई की मौत से बहन और तीन छोटे भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल त्योहार की खुशियां मातम में बदलीं





चन्दौसी। भैया दूज के दिन जिस घर में त्योहार की खुशियां मनाने की तैयारी चल रही थी, वहां कुछ ही देर में चीख-पुकार मच गई। खेत में गेहूं की बुवाई के लिए जुताई करते समय ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। बड़े बेटे की मौत से माता-पिता का बुरा हाल है, वहीं बहन और तीन छोटे भाइयों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

हादसा बुधवार सुबह करीब छह बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव सैंजनी में हुआ। गांव निवासी हरीश कुमार (18) पुत्र राधेश्याम अपने फुफेरे भाई सोमवीर पुत्र भगवानदास के खेत में ट्रैक्टर से गेहूं की बुवाई के लिए जमीन तैयार करने गया था। खेत में जुताई के दौरान अचानक ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर में खराबी आ गई। बताया जाता है कि हरीश खराबी देखने के लिए रोटावेटर के पास पहुंचा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चलते हुए रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद खेत में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। फुफेरे भाई सोमवीर ने ग्रामीणों की मदद से हरीश को रोटावेटर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। युवक की मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। हरीश चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी एक बहन क्रांति और तीन छोटे भाई हैं। बड़े भाई की मौत से बहन और भाइयों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भैया दूज पर बहन को अपने भाइयों के साथ त्योहार मनाना था, लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी संत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक व्याप्त है।

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज हर्षोल्लास से मनाया

चन्दौसी। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व बुधवार को नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की रौनक दिखाई दी। बहनों ने परंपरागत विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सहयोग का संकल्प दोहराया। त्योहार को लेकर सुबह से ही बाजारों और घरों में चहल-पहल रही। बहनों ने भाइयों के स्वागत के लिए घरों में विशेष तैयारियां कीं। रोली, चावल, मिठाई और गोला आदि से पूजा की थाली सजाई गई। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक कर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार और नकदी भेंट की। जिन बहनों के भाई दूसरे शहरों में रहते हैं, वे भी त्योहार मनाने के लिए अपने मायके पहुंचीं। वहीं कई भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। भैया दूज के चलते बाजारों में मिठाई, फल, गोला और उपहारों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। परिवहन के साधनों में भी यात्रियों की आवाजाही बढ़ी। पूरे दिन घरों में पकवान बनाए गए और परिवार के लोगों ने एक साथ बैठकर त्योहार मनाया। इस पर्व ने भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और अपनत्व की मिठास को और गहरा कर दिया।



प्राची यादव ने हरियाणा पीसीएस में हासिल की 38वीं रैंक, भाई सोमेश बने एसआई स्टेनो

एक ही परिवार के दो होनहारों ने हासिल की दोहरी सफलता, क्षेत्र और परिवार का नाम किया रोशन



चन्दौसी। आसफपुर क्षेत्र के गांव सुनेनी पापड़ी की होनहार बेटी प्राची यादव ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर हरियाणा लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा में 38वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं उनके भाई सोमेश यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (स्टेनो) की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार को दोहरी खुशी दी है।

प्राची यादव वर्तमान में बरेली के भोजीपुरा (पिपलिया) स्थित परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षण कार्य के साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी और यह उपलब्धि हासिल की। उनके भाई सोमेश यादव पुत्र हरपाल सिंह ने भी कड़ी मेहनत के बाद यूपी पुलिस में एसआई (स्टेनो) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि शिक्षित पृष्ठभूमि वाले इस परिवार में प्राची के भाई प्रज्ज्वल यादव हैदराबाद में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पिता सुरेश पाल सिंह यादव सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। दोनों भाई-बहन की उपलब्धि पर हरदासपुर निवासी महावीर सिंह यादव, झांझन सिंह, लल्ला बाबू यादव, राजेश यादव, मनोज यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों और रिश्तेदारों ने खुशी जताई। उन्होंने प्राची और सोमेश को फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बिलासपुर में एसडीएम की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक, विधानसभा चुनाव की तैयारियों की हुई गहन समीक्षा



बिलासपुर। आगामी विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार की दोपहर स्थानीय तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेटों की एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, क्रिटिकल मतदेय स्थलों के चिन्हांकन तथा सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।एसडीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित सेक्टरों के प्रत्येक मतदेय स्थल का स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें।मतदान केंद्रों पर रैंप,पेयजल, विद्युत आपूर्ति,क्रियाशील शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर तथा शेड आदि की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।जहां भी किसी प्रकार की कमी पाई जाए,संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए।वहीं वल्नेरेबिलिटी मैपिंग एवं क्रिटिकल बूथों की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट को संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर ऐसे मजरे,बस्तियां या क्षेत्र जहां मतदाताओं को भयभीत या प्रभावित किए जाने की संभावना हो,उनका सघन चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए।क्रिटिकल व संवेदनशील मतदेय स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी/वेबकास्टिंग की तैयारी तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय रहते निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।प्रशासन एवं पुलिस के आपसी समन्वय पर जोर देते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पुलिस अधिकारी एक टीम के रूप में कार्य करें। दोनों अधिकारी संयुक्त रूट चार्ट तैयार करें, मतदान केंद्रों तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्गों की पड़ताल करें तथा संचार व्यवस्था का पूर्व परीक्षण कर लें।संवेदनशील और वल्नेरेबल क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ नियमित फ्लैग मार्च और जनसंवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए, जिससे आम मतदाताओं के मन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो और वे निर्भीक होकर मतदान कर सकें। बैठक में क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट,सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी



बिलासपुर। श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई।इसके माध्यम से गुरु की वाणी एवं संदेशों का प्रचार किया गया।आगामी 23 नवंबर को विशाल नगर कीर्तन निकलेगा और 24 नवंबर को भव्य दीवान सजाया जाएगा।बुधवार तड़के सिख समुदाय के लोग नगर के माठखेड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एकत्र हुए।वहां नित नेम के पाठ के उपरांत निशान साहिब की अगुवाई में प्रभात फेरी प्रारंभ हुई।फेरी में शामिल समुदाय के लोगों ने सबद-कीर्तन किया और जयकारे लगाए। साथ ही गुरु के आपसी प्रेम व शांति और मानवतावादी संदेशों का प्रचार किया।माठखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा, नैनीताल रोड व डाम कॉलोनी रोड का भ्रमण कर प्रभात फेरी श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज पहुंची। वहां ठहराव कर सबद-कीर्तन किया गया। यहां के बाद फेरी गुरुद्वारे लौट आई और अरदास की गई।गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान तीरथ सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का सिलसिला आगामी 22 नवंबर तक चलेगा। 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकलेगा। 24 नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में सुबह 9 बजे से विशाल दीवान सजाया जाएगा।इसमें बाहर से आए जत्थों के सबद-कीर्तन और कथा-प्रवचन होंगे।गुरु का अटूट लंगर भी चलेगा।प्रभात फेरी में डॉ. कुलविंदर सिंह, नवीन कुमार सिंह, स्वरूप सिंह, हरभजन सिंह, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, लखविंदर सिंह, प्यारा सिंह, गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह, बलविंदर कौर, परमजीत कौर पोला, मंजीत कौर, सुरेन्द्र कौर, सुखवीर कौर, कुलवंत कौर, गुरदीश कौर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

भाई दूज पर जेल पहुंचे 640 परिजन, 256 बंदियों से हुई बहनों की मुलाकात



रामपुर। भाई-दूज के पावन पर्व पर जिला कारागार में बुधवार को विशेष व्यवस्थाओं के बीच महिला एवं पुरुष बंदियों की उनकी बहनों और परिजनों से मुलाकात कराई गई। कारागार में कुल 256 पुरुष बंदियों से मिलने के लिए 640 परिजन और बहनें पहुंचे, जिनमें 240 बच्चे भी शामिल रहे।

बहनों ने सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ अपने भाइयों से मुलाकात की। भाई दूज को लेकर जिला कारागार प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। परिजनों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर मार्गदर्शन किया गया। बहनों को रोली, दीपक और आरती की सामग्री उपलब्ध कराई गई। पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए गए, जबकि बैठने के लिए टेंट और कारपेट की व्यवस्था की गई।

मुलाकात के दौरान बंदियों और उनके परिजनों के बीच भावनात्मक और हर्षोल्लास का माहौल रहा। जरूरत पड़ने पर बंदियों और उनके परिजनों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल हेल्प डेस्क पर डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी तैनात रहे।

भाई दूज के आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कारागार के अधिकारी और कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहे। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कारागार परिसर में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

भाई-दूज का पर्व सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित

रामपुर। राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम श्री राधा-कृष्ण की युगल छवि के समक्ष गुरुजनों, श्री हनुमान जी, प्रभु श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं की स्तुति एवं वंदना की गई। इसके पश्चात श्रीकृष्ण महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन हुआ। कार्यक्रम में अष्टछाप के महान कवियों की भक्ति रस से ओतप्रोत वाणियों का गायन किया गया। इसके साथ ही अनेक मधुर भजनों के माध्यम से वृंदावन धाम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। संकीर्तन के दौरान फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारीफ, फगिरिराज धरण हम तेरी शरणफ, फहम हाथ उठाकर कहते हैं, हम हो गए राधा रानी केफ तथा फमेरे गोवर्धन महाराज, तेरे माथे मुकुट विराज रहाफ जैसे भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, राधा गुप्ता, आदित्य वर्मा, पिया वर्मा, अमिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, नीलम सिंघल सहित अनेक भक्तों ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धाभाव से संकीर्तन में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर गिरिराज महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा विधिवत आरती की गई। मंडल के अध्यक्ष श्री आशीष जिंदल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।पूरा वातावरण राधे-राधे और गिरिराज महाराज के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर डिक्की आनंद, गिरिराज सरन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, सुनील गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्रवाल, हरीश डुडेजा, अनुपम गर्ग, नीरज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, महेश सिंघल आदि उपस्थित रहे

बिलासपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैयादूज का पर्व

बिलासपुर। स्नेह का प्रतीक भैयादूज का पर्व निर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।दिनभर भाईयों-बहनों का घरों पर आना-जाना लगा रहा।दीपोत्सव के अंतिम दिन मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर सुबह से ही काफी उत्साह नजर आया।बहनों ने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर नारियल भेंट किया, आरती की और मुंह मीठा कराया।भाईयों ने भी अपनी बहनों को नेग व उपहार दिए।इस दौरान भाई-बहनों में खूब हंसी-ठिठोली हुई और पुरानी यादें भी साझा की गईं।कई घरों में परिवार के सभी सदस्य एकत्र हुए और सामूहिक रूप से पर्व मनाया गया।भाई या बहन के घर जाने के लिए नगर के मुख्य चौराहे पर वाहनों के इंतजार में ढेरों सवारियां खड़ी दिखाई दीं। बड़ी संख्या में भाई-बहन खड़े दिखाई दिए।उन्होंने बताया कि भीड़ के कारण बसों में सीट तक नहीं मिल पा रही है और खड़े होकर यात्रा करना पड़ रहा है।बड़ी संख्या में भाई-बहन दुपहिया वाहनों या फिर सवारी न मिलने पर डग्गामार वाहनों से भी जाते दिखे।पर्व के मद्देनजर बाजारों में मिष्ठान्न भंडारों पर मिठाई, किराना दुकानों पर नारियल और गिफ्ट सेंटरों पर उपहार खरीदने के लिए भीड़ लगी रही।शाम तक बाजारों में रौनक बनी रही।कुल मिलाकर भैया दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक के रूप में मनाया गया।वही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त रहे।

भाई दूज पर जेल पहुंचे 640 परिजन, 256 बंदियों से हुई बहनों की मुलाकात

रामपुर। भाई-दूज के पावन पर्व पर जिला कारागार में बुधवार को विशेष व्यवस्थाओं के बीच महिला एवं पुरुष बंदियों की उनकी बहनों और परिजनों से मुलाकात कराई गई।कारागार में कुल 256 पुरुष बंदियों से मिलने के लिए 640 परिजन और बहनें पहुंचे, जिनमें 240 बच्चे भी शामिल रहे।बहनों ने सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ अपने भाइयों से मुलाकात की।भाई दूज को लेकर जिला कारागार प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं।परिजनों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर मार्गदर्शन किया गया। बहनों को रोली, दीपक और आरती की सामग्री उपलब्ध कराई गई। पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए गए, जबकि बैठने के लिए टेंट और कारपेट की व्यवस्था की गई।

मुलाकात के दौरान बंदियों और उनके परिजनों के बीच भावनात्मक और हर्षोल्लास का माहौल रहा। जरूरत पड़ने पर बंदियों और उनके परिजनों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल हेल्प डेस्क पर डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी तैनात रहे।

भाई दूज के आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कारागार के अधिकारी और कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहे। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कारागार परिसर में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

भाई-दूज का पर्व सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

दो गुटों में चल जमकर लात घूसे

मुरादाबाद। नगर के काशीपुर चुंगी स्थित मैदान के पास गाड़ी बैंक करते समय हुए विवाद में बुधवार को दो गुटों में जमकर लात घूंसे और लाठी डंडे चलने के बाद पथराव किया गया। दोनों पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज करने को पुलिस को तहरीर दी गई है। नगर के मोहल्ला जमनावाला वार्ड नंबर तीन निवासी शावेज पुत्र हफीजुर्रहमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी गाड़ी बैक कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद अबरार, हाशिम और वसीम पुत्रगण जफर अपने 25-30 अज्ञात साथियों के साथ मौके पर आ गए। आरोप है कि उन्होंने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी।

सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी 20 वर्षीय करन पुत्र मंगलसेन की मंगलवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा नगला उदई स्थित प्लाई फैक्ट्री के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार, करन 10 नवंबर 2026 को रात करीब 9 बजे रठौड़ा से बाइक द्वारा अपने गांव रामनगर लौट रहा था। इसी दौरान नगला उदई प्लाई फैक्ट्री के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में करन गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

लखीमपुर विष्णु में दो दिवसीय लीला मंचन का शुभारंभ, डॉ. विकास शुक्ल ने काटा फीता



मिलक। ग्राम लखीमपुर विष्णु में समाज सेवा दल के तत्वावधान में दीपावली के शुभ अवसर पर दो दिवसीय लीला मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. विकास शुक्ल ने फीता काटकर किया। डॉ. शुक्ल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए अपनी परम्पराओं के संरक्षण, सहयोग व भाईचारे से रहने का संदेश दिया और कार्यक्रम के आयोजन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पावन पर्व हमको अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय को प्रदर्शित करता है। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नारद मोह लीला का मंचन किया गया। बच्चों और महिलाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और आनंद उठाया। इस अवसर पर नारायन दास मौर्य, जंगबहादुर बाजपेई, ज्ञान प्रकाश गंगवार, विपिन कुमार, लालता प्रसाद, मुकेश शुक्ल, कमल कान्त बाजपेई, धर्मवीर गंगवार, विमल कान्त बाजपेई, मोहित गंगवार समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मिलक नगर में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का पर्व

मिलक। नगर में जगह-जगह भैया दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, तो भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। पर्व को लेकर नगर के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिली। मिठाई की दुकानों, कपड़ों की दुकानों और गिफ्ट की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। बहनें अपने भाइयों के लिए मिठाई, फल, नारियल और उपहार खरीदती नजर आईं। घर-घर में पकवान बनाए गए। बहनों ने भाई के लिए विशेष थाली सजाई, जिसमें रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और नारियल रखा गया। तिलक के बाद बहनों ने भाइयों की आरती उतारी और मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को नकद, साड़ी, कपड़े व अन्य उपहार भेंट किए। भैया दूज पर दूर-दराज से बहनें अपने मायके व भाइयों के घर पहुंचीं। बस स्टैंड और चौराहों पर भी आवागमन बढ़ा रहा। वहीं मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने एक-दूसरे को भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। कुल मिलाकर पूरा नगर भैया दूज के उल्लास में डूबा नजर आया। भाई-बहन के प्रेम के इस पर्व ने रिश्तों में और मिठास घोल दी।

महानगर में धूमधाम के साथ मनाया गया भैया दूज, जिलाकारागार पहुंची बहने



मुरादाबाद। बुधवार को नगर और देहात क्षेत्रों में भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया। उन्होंने भाइयों की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। बदले में भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उपहार भेंट किए।

सुबह से ही घरों में पर्व की रौनक दिखाई दी। दूर-दराज से भाई अपनी बहनों से तिलक लगवाने पहुंचे। बहनें भी भाइयों के घर तिलक करने गईं। इस दौरान सड़कों पर खासी चहल-पहल रही। मिठाइयों की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारी के लिए भीड़ जुटी रही। पूजन सामग्री और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। भोला सिंह की मिलक, अकबरपुर चेन्दरी, शाहपुर तिगरी, खदाना, गढ़िपुर सलेमपुर, देवापुर सहित आसपास के कई गांवों में पर्व की धूम रही। इसके अलावा जिला कारागार में पहुंचकर बहनों ने भाई को तिलक किया और लम्बी उम्र की प्रार्थना की।

उधर भाई बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का त्योहार कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। भैया दूज का पर्व बुधवार को मनाया गया। इस खास मौके पर सुरजन नगर में बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया एवं उनकी लंबी उम्र, अच्छी सेहत और खुशहाल जीवन की कामना की। दूसरी और भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें भेंट स्वरूप उपहार दिए। भाई दूज का पर्व सुरजन नगर में शांतिपूर्वक मनाया गया।

वहीं ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम और पारंपरिक रीति रिवाज का पर्व भैया दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया दूज के चलते तहसील क्षेत्र की सड़कों पर जहां-तहां बहनों को जाम से जूझना पड़ा। वहीं नगर क्षेत्र ठाकुरद्वारा सहित बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, राघुवाला, कालाझांडा और रतुपुरा आदि क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बहनों ने स्नान-ध्यान के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने भाइयों के माथे पर रोली कुमकुम का तिलक लगाकर, मिष्ठान एवं नारियल भेंट कर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

देहरा रामपुर के गवेंद्र कुमार बने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अनुभाग अधिकारी, गांव में खुशी की लहर



गढ़मुकतेश्वर। क्षेत्र के गांव देहरा रामपुर निवासी गवेंद्र कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर) के पद पर पदोन्नति मिली है। उच्च न्यायालय के स्थापना अनुभाग की ओर से 6 नवंबर 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें समीक्षा अधिकारी (रिव्यू ऑफिसर) से पदोन्नत कर अनुभाग अधिकारी बनाया गया है।

गवेंद्र कुमार वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कार्यरत हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव सलारपुर स्थित स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज से प्राप्त की। उनके पिता रामबीर सिंह बहादुरगढ़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत रहे हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से निकलकर उच्च न्यायालय में इस महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना उनकी मेहनत, लगन और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि से गांव देहरा रामपुर सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही परिवारजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गवेंद्र कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवारजनों, वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों के मार्गदर्शन, सहयोग एवं आशीर्वाद को दिया।

खुशी के अवसर पर ललित कुमार, नोमेश, प्रदीप कुमार, रॉबिन, प्रिंस सहित परिवारजनों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। ग्रामीणों ने कहा कि गवेंद्र कुमार की उपलब्धि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा, मेहनत और लगन के बल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

त्योहारी उपहार अब मिनटों में मिलेंगे अमेज़न नाउ पर

मेरठ। त्योहारी सीजन में आखिरी समय की खरीदारी को आसान बनाने के लिए अमेज़न नाउ ग्राहकों को जरूरी सामान मिनटों में घर तक पहुंचा रहा है। देश के 120 से अधिक शहरों में उपलब्ध इस सेवा के जरिए ग्राहक पूजा सामग्री, सजावट, मिठाई, चॉकलेट, स्नैक्स और उपहार आसानी से मंगा सकते हैं। ग्राहक एक्सिस, एचडीएफसी, आईडीएफसी और आरबीएल क्रेडिट कार्ड पर तत्काल बैंक डिस्काउंट का लाभ भी उठा सकते हैं।

भैया दूज पर मिलक पहुंचे महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार, फूल-मालाओं से हुआ भव्य स्वागत

मिलक (रामपुर)। भैया दूज के पावन पर्व पर महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार का मिलक नगर की नई बस्ती, असदुल्लापुर में आगमन हुआ। इस दौरान वे अपने चचेरे साले देवेश गंगवार के आवास पर पहुंचे, जहां परिवारजनों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर आत्मीय अभिनंदन किया।

इस अवसर पर माहौल उत्साह और पारिवारिक सौहार्द से सराबोर नजर आया। स्वागत कार्यक्रम में श्रुति गंगवार, राज्यसभा सांसद, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, सभासद चंद्रभान मित्तल शुभांक प्रकाश, एडवोकेट वसंत कुमार देवेश गंगवार, लक्ष्मी, महेश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महामहिम राज्यपाल के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल तैनात रहा। परिजनों एवं उपस्थित लोगों से आत्मीय भेंट-मुलाकात और स्वागत कार्यक्रम के उपरांत महामहिम संतोष गंगवार अपने निर्धारित गंतव्य के लिए रवाना हो गए। भैया दूज के पावन अवसर पर राज्यपाल के मिलक आगमन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित

मिलक। राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ गिरिराज महाराज का गुणगान एवं संकीर्तन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम श्री राधा-कृष्ण की युगल छवि के समक्ष गुरुजनों, श्री हनुमान जी, प्रभु श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं की स्तुति एवं वंदना की गई। इसके पश्चात श्रीकृष्ण महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन हुआ। कार्यक्रम में अष्टछाप के महान कवियों की भक्ति रस से ओतप्रोत वाणियों का गायन किया गया। संकीर्तन के दौरान फूलों में सज रहे हैं श्री राधा-कृष्ण की युगल छवि के समक्ष गुरुजनों, श्री हनुमान जी, प्रभु श्रीराम सहित अन्य देवी-देवताओं की स्तुति एवं वंदना की गई। इसके पश्चात श्रीकृष्ण महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन हुआ। कार्यक्रम में अष्टछाप के महान कवियों की भक्ति रस से ओतप्रोत वाणियों का गायन किया गया। संकीर्तन के दौरान फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी, गिरिराज धरण हम तेरी शरण, हम हाथ उठाकर कहते हैं, हम हो गए राधा रानी के तथा मेरे गोवर्धन महाराज, तेरे माथे मुकुट विराज रहा जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। समापन पर गिरिराज महाराज को छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत आरती की गई। मंडल के अध्यक्ष आशीष जिंदल ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, राधा गुप्ता, आदित्य वर्मा, पिया वर्मा, अमिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, नीलम सिंघल, डिक्की आनंद, गिरिराज सरन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, सुनील गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्रवाल, हरीश डुडेजा, अनुपम गर्ग, नीरज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, महेश सिंघल आदि उपस्थित रहे।

भीषण सड़क दुर्घटना में भाई-बहन की हुई मौत, शोक की लहर दौड़ी

एक साथी गंभीर रूप से घायल हुआ

आज समाचार सेवा

नहटौर। त्योहार की खुशियों के बीच क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भैयादूज के पावन पर्व से ठीक एक दिन पहले धामपुर रोड पर पीर की चुंगी के पास हुई एक दुर्घटना में भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हृदयविदारक घटना से दोनों परिवारों और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव लठुमार मिलक निवासी रिया (लगभग 20-22 वर्ष) पुत्री पप्पू सिंह देहरादून की एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। वह भैयादूज का त्योहार मनाने के लिए देहरादून से अपने घर वापस लौट रही थी। अपनी बहन को रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड से रिसीव करने के लिए उसका भाई सोनू (20-25 वर्ष) और उनका परिचित प्रदीप (पुत्र नरेश कुमार, निवासी रायपुर लकड़ा) बाइक से गए थे। वापसी के दौरान जब तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे, तभी धामपुर रोड स्थित पीर की चुंगी के पास अचानक बाइक के सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि रिया और उसके भाई सोनू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भयंकर हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल प्रदीप को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद चालक टैंकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया है तथा दोनों भाई-बहन के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भैयादूज जैसे पावन पर्व से ठीक पहले हुई इस दुर्घटना से मृतक के घर की सभी खुशियां मातम में बदल गई हैं और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस फरार चालक की तलाश और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।



भैय्या दूज पर बहनों ने की भाइयों की दीर्घायु व समृद्धि की कामना

आज समाचार सेवा

नगीना। बहनों के अपने भाइयों के प्रति असीम प्रेम का त्यौहार भैय्या दूज परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर तथा गोले (नारियल) व मिठाई भेंट कर भाइयों की दीर्घायु व समृद्धि की कामना की। बुधवार को अविवाहित बहनों ने अपने घरों में ही भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु व समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए।भाइयों ने अपनी विवाहित बहनों के घर पहुंच कर भैय्या दूज के तिलक लगवाएं और विवाहित बहनों व बहनोइयों को उपहार भेंट किए।

अवध शुगर मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ



आज समाचार सेवा

स्योहारा। बुधवार सुबह दस बजे अवध शुगर मिल पैराइ सत्र 2026-27 का शुभारंभ पंडित राकेश शर्मा व पंडित मुकेश शर्मा के द्वारा हवन पूजन व मंत्रोच्चार के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा शुगर मिल की चैन में गन्ना डाल कर पैराइ सत्र शुरू किया गया। पूजा में मुख्य यज्ञमान अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह तथा अधिशासी उपाध्यक्ष वित्त मुकेश मिश्रा रहे। गन्ना लाये किसानों को कंबल व मिठाई दी गयी तथा गाडी मे लगे बैलों के लिए गर्म झूल पहनाई गयी। शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में 134 गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किये जा चुके है। मिल ने तीन लाख बीस हजार कुंतल का इंडेंट जारी किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिये मिल प्रबंधन उनके साथ हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि शुगर मिल और क्षेत्र के सभी किसान एक दूसरे के पूरक हैं। किसानों के सहयोग के बिना कुछ भी संभव नही है। सर्वप्रथम गन्ना लाने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शुगर मिल उप अधिशाषी अध्यक्ष मनीष जैन, प्रबंधक गन्ना विश्वास राज, मुकेश मिश्रा, जेके सिंह, दिनेश कुमार चैहान, राजेश शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, चिकित्सक डा.मनोज वर्मा, तहसील अध्यक्ष किसान यूनियन गजेंद्र सिंह टिकैत, नेता महेश सिंह, हाजी इल्यास चैधरी, थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, नैय्यर चैधरी, इंजीनियर उबैदुर्रहमान, नजीबुलहसन, वलीउर्रहमान, अहसन जमील, पूर्व चैयरमैन हुकुम सिंह, मितुल चैधरी, श्याम सिंह अहलावत, राहत चैधरी, बब्लू जैदी, डायरेक्टर गन्ना सचिन चैधरी रम्पुरा छजलैट, अनुभव चैधरी, चैधरी ओमेंद्र सिंह, अमित विश्नोई, राहुल चैहान, अविनाश जोशी, अनिल विश्नोई आदि मौजूद रहे।

पत्रकार की पत्नी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, भाजपा नेता मिलने पहुंचे

आज समाचार सेवा



नजीबाबाद। तहसील के निकटवर्ती गांव खानपुर निवासी पत्रकार राजवीर सिंह की पत्नी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन का समाचार मिलने पर भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले अपनी टीम के साथ उसने आवास पर पहुंचे।

उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान अवनीश अग्रवाल ने पत्रकार राजवीर सिंह को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जीवनसाथी का बिछड़ना जीवन का ऐसा दुख है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में धैर्य और हिम्मत बनाए रखना ही सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

साथ ही भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं। उनके साथ पहुंचे टीम के अन्य सदस्यों ने भी दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट के भंडारे का आयोजन

आज समाचार सेवा

नगीना। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर नगर में अन्नकूट के भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। भंडारे

श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

का आयोजन मुरादाबाद निवासी संजय शर्मा द्वारा कराया गया। मंगलवार की सुबह भंडारे से पूर्व गुजराती मंदिर में पंडित अक्षत शर्मा ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया।स्कूल में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया।इस अवसर पर समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल, डॉ.संदीप शर्मा,परितोष कौशिक,अमित जैन, साहू कपिल अग्रवाल, सनी चैधरी,राहुल शर्मा,सभासद गोपाल शर्मा,पालिका के नामित सभासद डॉ. भूपेश चैहान, सोहन सैनी, सुनील शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी का गन्ना पेराई सत्र शुरू



आज समाचार सेवा

नगीना। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के नवीन गन्ना पेराई सत्र का बुधवार को विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। मिल गेट पर पहले गन्ना लेकर आए किसानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के गन्ना पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ मिल के वरिष्ठ अध्याशी एवं उपाध्यक्ष कॉपोरेट सलिल स्वरुप आर्य, मुख्य महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार चैहान, सीएफओ सुनील गोयल, एजीएम गन्ना यशपाल सिंह व अन्य मिल अधिकारियों ने गन्ना केन कैरियर में गन्ना डालकर किया। चीनी मिल के पेराई सत्र की शुरूआत में मिल में सबसे पहले वाहनों से गन्ना लेकर आने वाले किसानों ग्राम मेदपुरा सुल्तान के जगदीश सिंह व मनोज, ग्राम दयालपुर के अरुण कुमार व मांगेराम सिंह को मिल प्रबंधन की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। मिल प्रबंधन ने उपस्थित गन्ना किसानों से अपना संपूर्ण गन्ना मिल में आपूर्ति करने की अपील की।

मिल गेट पर पहले गन्ना लेकर आए किसानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया

इस अवसर पर मिल के ग्रुप जीएम टेक्निकल प्रवीन सिंह, जीएम एस्टेट एवं सिविल एनएस शेखावत, डीजीएम पर्सनल एके सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक गन्ना प्रशासन अमीचंद अहलावत, शत्रुघ्न शेखावत, परवेंदर सिंह, अशोक शर्मा, रुपेश वैश्य, राकेश रौतेला व लोकेश चैहान आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

गरीब महिला ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, हो रही प्रशंसा

सड़क पर मिला 28 हजार का मोबाइल लौटाया

इनाम में मिले एक हजार रुपये भी लेने से किया इनकार, कॉलोनीवासियों के आग्रह पर स्वीकार किए

आज समाचार सेवा



नगीना। आर्थिक तंगी के बावजूद ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखने वाली एक महिला ने समाज के सामने मिसाल पेश की है। घरों में सहायक के तौर पर काम करके परिवार का पालन-पोषण करने वाली 42 वर्षीय रिंकी को सड़क पर पड़ा करीब 28 हजार रुपये कीमत का नया मोबाइल फोन मिला। महिला ने उसे अपने पास रखने के बजाय उसके असली मालिक तक पहुंचाने का प्रयास किया। रामलीला मोड़ के पास किराये के मकान में रहने वाली महिला मंगलवार सुबह गंगानगर कॉलोनी में काम करने जा रही थी। इसी दौरान उसे रास्ते में एक ब्रांडेड कंपनी का नया मोबाइल फोन पड़ा मिला। महिला ने फोन उठाकर गंगानगर कॉलोनी निवासी गौरव मिगलानी को सौंपते हुए कहा कि यह किसी का कीमती मोबाइल है और इसे उसके मालिक तक पहुंचाना चाहिए। गौरव मिगलानी ने मोबाइल में अंतिम डायल किए गए नंबर पर कॉल की तो पता चला कि फोन नजीबाबाद के कबाड़ीवाला निवासी अमित का है। अमित अपनी ससुराल सैदपुरी आया हुआ था और वापस लौटते समय रामलीला मोड़ के पास उसका मोबाइल गिर गया था। सूचना मिलते ही अमित गंगानगर कॉलोनी पहुंचा और अपना मोबाइल वापस पाकर महिला का आभार जताया। अमित ने बताया कि उसने धनतेरस के दिन करीब 28 हजार रुपये में यह मोबाइल खरीदा था। फोन में न तो लॉक लगा था और न ही ट्रेस करने के लिए ईमेल आईडी दर्ज थी। ऐसे में फोन किसी गलत व्यक्ति के हाथ लग जाता, तो शायद उसे वापस मिलना मुश्किल था।अमित ने रिंकी की ईमानदारी से प्रभावित होकर उसे इनाम स्वरूप एक हजार रुपये देने चाहे, लेकिन महिला ने पहले इसे लेने से साफ इनकार कर दिया। बाद में कॉलोनीवासियों के आग्रह पर स्वीकार किए।

सामान चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

आज समाचार सेवा

नहटौर। हल्दौर रोड पर मूंगफली के फड़ को निशाना बनाकर सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरीदनगर निवासी सोमदत्त पुत्र रामरतन नहटौर-हल्दौर रोड पर मूंगफली का फड़ लगाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते हैं। आरोप है कि 8 नवंबर की रात चोर ने उनके फड़ पर धावा बोल दिया और वहां रखा एक बोरा सामान चोरी कर ले गया। बोरे में मूंगफली, पेठा, रेवड़ी, गजक और चिक्की समेत अन्य सामान रखा था। घ्सुबह चोरी का पता चलने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार 9 नवंबर को उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तरकोला भट्टे के पास घेराबंदी कर अफगानियां मोहल्ला निवासी राजेश पुत्र रामस्वरूप को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की 10 किलोग्राम मूंगफली और 9 किलोग्राम पेठा मिठाई बरामद हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है तथा गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की है।

जनपदभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

भैया दूज पर बिखरे स्नेह के रंग, बहनों ने भाइयों के दीर्घायु की कामना की

आज समाचार सेवा



बिजनौर। नगर क्षेत्र धामपुर, सुहागपुर, नौरंगाबाद एवं जैतरा आदि में भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक श्भैया दूजश् का त्यौहार अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में त्यौहार की खासी चहल-पहल देखने को मिली। इस अवसर पर बहनों ने स्नान ध्यान के बाद पूजा-अर्चना की और अपने भाइयों के माथे पर रोली-अक्षत का तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी रक्षा का वचन देते हुए अपनी बहनों को अपनी सामर्थ्य अनुसार वस्त्राभूषण आदि भेंट किये।दूर-दराज से आई बहनों के स्वागत में घरों में पकवान और मिठाइयां तैयार की गई। बाजारों और बस अड्डों पर भारी भीड़ देखी जा रही है । भैया दूज के पर्व को लेकर नगर के प्रमुख बाजारों गंज बाजारों, मिठाइयों, मेवों और उपहारों की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ लगी रही। वहीं, रोडवेज बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर अपने भाइयों के घर जाने वाली महिलाओं की विशेष गहमागहमी देखी गई। परिवहन निगम की ओर से भी यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई थी। दिनभर खुशियों का माहौल रहा और भाई-बहन के इस पावन पर्व ने रिश्तों की मिठास को और गहरा कर दिया।

दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ आयोजित किया गया

आज समाचार सेवा



नहटौर। मौहल्ला धर्मशाला में दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद इंजीनियर यशवीर सिंह धोबी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व सांसद के मोहल्ला धर्मशाला पहुंचने पर स्थानीय लोगों और कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान स्थानीय सैनी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, सामाजिक एकता और आपसी सहयोग को लेकर विशेष चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर त्योहार की खुशियां साझा करना था। घ्पूर्व सांसद यशवीर सिंह ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए समाजहित में मिल-जुलकर कार्य करने की अपील की।

उन्होंने क्षेत्र में शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अरविंद सैनी, जीतू सैनी, अरुण सैनी, कांता सैनी, प्रमोद सैनी, नितिन कुमार, सुदामा सिंह सैनी, रतन सैनी, महावीर सैनी, रवि सैनी, दीपक सैनी और भूपेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाइयां दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

फोटो सेशन व रील के सहारे टिकट पाने का सपना देख रही हैं शीतल, अन्य दावेदार कर रहे हैं जमीनी स्तर पर काम

आज समाचार सेवा

नगीना। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नगीना सुरक्षित सीट से भाजपा व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)में टिकट के दावेदारों की संख्या सबसे अधिक है।

आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के नगीना सांसद बनने के बाद विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के टिकट को जीत की गारंटी माना जा रहा है। नगीना विधानसभा (सुरक्षित) सीट से आजाद समाज पार्टी के टिकट की चाहत में लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में शामिल हुई गांव हुर्रनंगला निवासी शीतल कुमारी की यद्यपि कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। लेकिन उच्च शिक्षित (एमएससी फिजिक्स) की चाहत आजाद समाज पार्टी के टिकट से चुनाव जीत कर विधानसभा में जाने की है। उनके पति ललित कुमार भी होटल मैनेजमेंट का कोर्स किए हुए हैं। सोशल मीडिया के दौर में शीतल कुमारी फोटो सेशन व रील बनवाकर सोशल मीडिया में वायरल कर टिकट प्राप्त करने की चाहत में हैं। नगीना सुरक्षित विधानसभा सीट से 1989 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बनी रामेश्वरी देवी के पुत्र आजाद समाज पार्टी के युवा नेता दीपक कुमार राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने के बाद जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर फोटो सेशन व रील बनवाकर वायरल करने से दूर हैं।प्रोफेसर आर के सिंह,विवेक सूर्यवंशी समेत आधा दर्जन से अधिक लोग टिकट के लिए प्रबल दावेदार हैं। नगीना की राजनीति में दस्तक देने के बाद शीतल कुमारी ने मीडिया मैनेजमेंट का काम एक ऐसे व्यक्ति को सौंपा है,जिन्हें नगीना के सपा विधायक मनोज पारस का बेहद करीबी माना जाता है।शीतल कुमारी ने आज तक नगीना के पत्रकारों के साथ कोई वार्ता या प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है।टिकट से पहले क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता की जिम्मेदारी एक ऐसे नेता के हाथ में है,जिन्हें खुद को नगर पालिका परिषद की चेयरमैनी के चुनाव में दो हजार से भी कम वोट मिले थे। स्थिति में पार्टी के तजुर्बेकार दिग्गज नेताओं ने शीतल कुमारी के टिकट प्राप्त करने की कवायद अभियान से दूरी बना रखी है।

शीतल की ससुराल व मायका दोनों हुर्रनंगला में

शीतल कुमारी की ससुराल व मायका दोनों निकटवर्ती ग्राम हुर्रनंगला में हैं। उनके पति ललित कुमार गांव के ऋषिपाल के पुत्र हैं। गांव में उन्हें बलमा के नाम से जाना जाता है। परिवार सम्पन्न है। ललित कुमार होटल मैनेजमेंट किए हुए हैं और बिजनौर, धामपुर व चांदपुर में उनके फास्ट फूड के कार्ट चलते हैं। उनका हल्दौर में बालकिशनपुर चैराहे के पास स्थित कॉलोनी में नया निजी मकान है। पत्नी व बच्चों के साथ वहीं रहते हैं। शीतल कुमारी का मायका भी गांव हुर्रनंगला के मौजा अजीपुरा चैहान में है। शीतल के पिता नरेश कुमार खेती के साथ साथ गांव में किराना की दुकान चलाते हैं। मां प्रमोद कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। उनके तीन भाई हैं।

बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए बढ़ायी सख्ती

सोशल मीडिया कंपनी मेटा अब बच्चों और टीनेजर्स की सुरक्षा के लिए एक नया एआई सिस्टम दुनियाभर में लागू करने जा रही है। इस सिस्टम की मदद से इंस्टाग्राम-फेसबुक एप खुद पहचान लेंगे कि यूजर टीनेजर है या नहीं। इसके बाद, उसका अकाउंट अपने आप सख्त सुरक्षा और प्राइवेसी वाले टीन अकाउंट में बदल जाएगा। दुनियाभर की सरकारों

अगर किसी टीनेजर ने अकाउंट बनाते समय अपनी उम्र गलत बतायी होगी, तो भी एआई उनके इस्तेमाल करने के तरीके से असली उम्र पहचान लेगा। उम्र का पता चलते ही अकाउंट अपने-आप टीन सेटिंग्स में बदल जायेगा, जिससे उनकी स्क्रीन पर खराब या आपत्तिजनक वीडियो/पोस्ट दिखना बंद हो जायेंगे।

की ओर से बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर बढ़ाई जा रही सख्ती को देखते हुए कंपनी ने यह कदम उठाया है। मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि वह अप्रैल 2025 से एक नई एआई तकनीक की टेस्टिंग कर रहा है- अगर किसी टीनेजर ने अकाउंट बनाते समय अपनी उम्र गलत बताई होगी, तो भी एआई उनके इस्तेमाल करने के तरीके से असली उम्र पहचान लेगा। उम्र का पता चलते ही अकाउंट अपने-आप टीन सेटिंग्स में बदल जाएगा, जिससे उनकी स्क्रीन पर खराब या आपत्तिजनक वीडियो/पोस्ट दिखना बंद हो जाएंगे। पेरेंट्स को यह समझाने के लिए कि



यह सुरक्षा सिस्टम कैसे काम करता है, मेटा खास जानकारी देने वाले वीडियो भी जारी करेगा। मेटा पर पिछले कुछ महीनों में बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ और एप की लत लगाने के गंभीर आरोप लगे थे। मेटा पर आरोप था कि फेसबुक और इंस्टाग्राम से बच्चों और टीनेजर्स के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और कंपनी ने इस नुकसान को लोगों से छुपाया। मेटा पर बच्चों का पर्सनल डेटा जुटाकर एआई मॉडल्स को ट्रेन करने का आरोप भी है। न्यू मेक्सिको कोर्ट ने बच्चों को सुरक्षा का झूठा भरोसा देने पर कंपनी पर करीब 8,000 करोड़ (950 मिलियन) का जुर्माना लगाया। वहीं, प्लेटफॉर्म की लत से जुड़े एक अन्य मामले में मेटा को अमेरिका के 15.9 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.49 लाख करोड़ रुपए का एक कानूनी समझौता करना पड़ा, जिसके बाद कंपनी को ये सख्त कदम उठाने पड़े। कानूनी समझौते के बाद मेटा अपने एप में कई नए सुरक्षा फीचर्स ला रहा है। अब टीनेजर्स के लिए रोजाना एप इस्तेमाल करने की टाइम लिमिट तय होगी और रात में नोटिफिकेशन बंद रखने के लिए शांत मोड भी मिलेगा। साथ ही, अनजान लोगों से बातचीत रोकने के लिए सख्त प्राइवेसी नियम लागू किए जाएंगे। मेटा ने टिकटॉक, स्नैपचैट और यूट्यूब से भी इन सेफ्टी नियमों को लागू करने की अपील की है। टीनेजर्स के लिए नियमों को कड़ा करने की यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब कई देश सख्त कदम उठा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। मेटा के अनुसार, ये सभी नए फीचर्स और वैश्विक एआई एज वेरिफिकेशन प्रक्रिया जनवरी से आधिकारिक रूप से लागू होने शुरू हो जाएंगे। एप्स का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया था कि बच्चे नोटिफिकेशन, ऑटो-प्ले और लाइक बटन के चक्र में उलझे रहें। इससे उनके दिमाग में डोपामाइन का स्तर प्रभावित होता है, जिससे स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण खो जाता है और उन्हें सोशल मीडिया की लत लग जाती है। इंस्टाग्राम पर दिखने वाले फिल्टर और परफेक्ट जीवन की तस्वीरें बच्चों में अपने शरीर की तुलना दूसरों से करने की आदत पैदा करती हैं। मेटा के खुद के आंतरिक रिसर्च में पाया गया था कि इंस्टाग्राम कई टीनेजर्स में अपने शरीर और रंग-रूप को लेकर असंतोष बढ़ाता है। देर रात तक एप्स के इस्तेमाल (नाइट स्कॉलिंग) से बच्चों का स्लीप साइकिल पूरी तरह बिगड़ जाता है। नींद की यह पुरानी कमी आगे चलकर गहरी चिंता, डिप्रेशन और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी का कारण बनती है। सोशल मीडिया पर लगातार दूसरों से खुद की तुलना करने से बच्चों में फोमो यानी पीछे छूट जाने का डर पैदा होता है। इसके साथ ही साइबर बुलिंग और ट्रॉलिंग से बच्चों के आत्म-सम्मान को गंभीर चोट पहुंचती है। उम्र की जांच का सख्त तंत्र न होने के कारण बच्चे अपनी उम्र से बड़े, मानसिक रूप से संवेदनशील या परेशान करने वाले कंटेंट के संपर्क में आ जाते थे।

चमत्कार

प्रकृति ने इस धरती पर कई ऐसे अनूठे जीव और रहस्य बनाए हैं, जिन्हें देखकर आज भी इंसान दांतों तले उंगली दबा लेता है। इनमें से एक सबसे बड़ा आश्चर्य प्रवासी पक्षियों का सफर है। ये पक्षी हजारों किलोमीटर की लंबी उड़ान भरकर एक देश से दूसरे देश पहुंचते हैं, सर्दियों में गर्म इलाकों में आते हैं और मौसम बदलते ही वापस अपने पुराने घोंसले में लौट आते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि महीनों भटकने और आसमान की असीम ऊंचाइयों में उड़ने के बाद भी ये पक्षी कभी अपना रास्ता नहीं भूलते और ठीक उसी पेड़ की, उसी डाली के



उसी पुराने घोंसले पर आकर बैठ जाते हैं. मटर के दाने जितने छोटे दिमाग वाले इन पक्षियों के पास कोई जीपीएस या एडवांस मैप नहीं होता, फिर यह चमत्कार कैसे मुमकिन हो पाता है? सालों तक वैज्ञानिक इस बात से हैरान थे, लेकिन हाल के वर्षों में क्वांटम फिजिक्स और नैनोटेक्नोलॉजी के विकास ने इस गुत्थी को सुलझा लिया है.पक्षियों की आंखों में एक खास तरह का प्रोटीन पाया जाता है, जिसे 'क्रोमो प्रोटीन' कहा जाता है। 'क्रोमो' शब्द का संबंध रंगों से होता है। जब सूरज की रोशनी इन पक्षियों पर पड़ती है, तो उसमें मौजूद स्पेक्ट्रम (विबग्योर) की ब्लू (नीली) साइड वाली वेवलेंथ इस क्रोमो प्रोटीन पर स्ट्राइक करती है. इसके प्रभाव से प्रोटीन के अंदर मौजूद इलेक्ट्रॉन्स में वाइब्रेशन और शिफ्टिंग होती है. सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके बावजूद दोनों इलेक्ट्रॉन्स आपस में क्वांटम एंटेंगलमेंट की स्थिति में जुड़े रहते हैं. इस क्वांटम प्रक्रिया के जरिए पक्षी के दिमाग को सिग्नल मिलता है, जिससे उसे आसमान में पृथ्वी की अदृश्य मैग्नेटिक लाइंस दिखाई देने लग जाती हैं. ठीक वैसे ही जैसे नेविगेशन सिस्टम में लेटीट्यूड और लॉंगिट्यूड की रेखाएं दिखती हैं।



चीनी 'जासूस' के प्यार में पड़े एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग

नयी दिल्ली । दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में शामिल एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग इन दिनों एक बड़े विवाद में घिरे हैं. जेनसेन पर एक चीनी महिला जासूस के साथ अफेयर रखने के आरोप लगे हैं. एनवीडिया ने इस मामले की अपने स्तर पर स्वतंत्र जांच भी शुरू कर दी है. इस विवाद का असर अब अमेरिकी शेयर बाजार में कंपनी के प्रदर्शन पर भी दिखाई देने लगा है. जेनसेन को चीनी महिला जासूस से दिल्लगी भारी पड़ी. एनवीडिया के शेयरों में गिरावट के साथ ही हुआंग की नेटवर्थ में भी बड़ी कमी आई है। अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को कारोबार शुरू होने के महज पहले 30 मिनट में जेनसेन हुआंग की नेटवर्थ 7.4 अरब डॉलर (?69000 करोड़) घट गई. इसके साथ ही फोर्ब्स की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में वह दो पायदान नीचे खिसककर 10वें नंबर पर पहुंच गए. कंपनी का मार्केट कैप भी शुक्रवार के 4.5 ट्रिलियन डॉलर से घटकर करीब 4.24 ट्रिलियन डॉलर रह गया. इस गिरावट के साथ एनवीडिया दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों की दौड़ में ऐपल से और पीछे चली गई। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को कारोबार शुरू होने से पहले जेनसेन हुआंग की कुल नेटवर्थ करीब 162.2 अरब डॉलर थी. लेकिन एनवीडिया के शेयरों में गिरावट के बाद पहले आधे घंटे में उनकी दौलत 7.4 अरब डॉलर घटकर 154.7 अरब डॉलर रह गई. शेयर बाजार खुलते ही कंपनी के शेयर 7 फीसदी से ज्यादा टूट गए थे। इस दौरान जेनसेन हुआंग की संपत्ति में करीब 10.3 अरब डॉलर तक की गिरावट दर्ज की गई और वह कुछ समय के लिए दुनिया के टॉप-10 अमीरों की सूची से भी बाहर हो गए. हालांकि, बाद में उनकी रैंकिंग 10वें स्थान पर रही. इस गिरावट के बाद वह बर्कशायर हैथवे के वॉरेन बफेट और ओरेकल के लैरी एलिसन से भी नीचे पहुंच गए। एनवीडिया के शेयरों में गिरावट की बड़ी वजह कंपनी के सीईओ जेनसेन हुआंग से जुड़ा विवाद माना जा रहा है. कंपनी ने उनके एक कारोबारी अधिकारी के साथ कथित अफेयर और उससे जुड़े आरोपों की जांच शुरू की है. अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को शक है कि एलिस हुआंग नाम की चीनी नागरिक बीजिंग के लिए खुफिया जानकारी जुटा रही थी, और जेनसेन हुआंग के उसके साथ करीबी संबंध थे. न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के



मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने इस मामले की जानकारी करीब एक साल पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी दी थी. हालांकि, उस समय इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी. रिपोर्ट सामने आने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया। जेनसेन हुआंग ने कंपनी के कर्मचारियों को भेजे एक संदेश में अपनी पत्नी लोरि मिल्स के प्रति बेवफाई की बात स्वीकार की और इसके लिए माफी मांगी. उन्होंने कहा कि उनके व्यवहार से उनकी पत्नी और बच्चों को तकलीफ पहुंची है. साथ ही उन्होंने कंपनी की ओर से शुरू की गई जांच का समर्थन किया और सहयोग की बात कही. हालांकि, उन्होंने एलिस हुआंग का जिक्र नहीं किया, जिसके साथ उनके अफेयर की बातें सामने आ रही हैं. जेनसेन ने जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौते के आरोपों को भी खारिज किया है। विवाद बढ़ने के बाद एनवीडिया के बोर्ड ने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति बनाई है. इसके साथ ही बाहरी वकीलों को भी जांच में शामिल किया गया है. कंपनी के बोर्ड का कहना है कि वह मामले से जुड़ी सभी उपलब्ध जानकारियों की जांच करेगा. हालांकि, कंपनी ने यह भी साफ किया है कि उसके पास ऐसा मानने की कोई वजह नहीं है कि राष्ट्रीय सुरक्षा या एनवीडिया की गोपनीय जानकारी से समझौता हुआ है. एलिस हुआंग नाम की महिला एक चीनी नागरिक है और सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड से जुड़ी रही है. एलिस ने खुद को इस कंपनी का सीईओ बताया था. यह कंपनी एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एनवीडिया की तकनीक और कंप्यूटिंग सेवाओं से जुड़ा कारोबार करती है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन की शीर्ष खुफिया एजेंसी ने एलिस हुआंग को जेनसेन हुआंग से जानकारी जुटाने के लिए प्लांट किया था।

ट्रंप ने किया जेनसेन हुआंग का बचाव

इस विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेनसेन हुआंग का बचाव किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए जेनसेन हुआंग को एक सम्मानित व्यक्ति बताया और कहा कि वह उन्हें अपनी आगामी चीन यात्रा पर साथ ले जाना चाहेंगे. बता दें कि जेनसेन, राष्ट्रपति ट्रंप के टेक सलाहकारों और सहयोगियों में शामिल रहे हैं. ट्रंप ने कहा कि इस मामले में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी जांच शुरू कर दी है और उन्हें लगता है कि जेनसेन हुआंग को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। एनवीडिया के लिए आने वाला सप्ताह भी अहम रहने वाला है. कंपनी अगले मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद अपने तिमाही नतीजे जारी करेगी. इससे पहले कंपनी के दूसरी तिमाही के नतीजों में डेटा सेंटर कारोबार से 89 अरब डॉलर की कमाई हुई थी, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 117 फीसदी ज्यादा थी. कंपनी के कुल रेवेन्यू में इस कारोबार की हिस्सेदारी करीब 92 फीसदी रही थी. अब निवेशकों की नजर एक तरफ जेनसेन हुआंग से जुड़े विवाद की जांच पर होगी, तो दूसरी तरफ कंपनी के नए तिमाही नतीजों पर भी रहेगी।

कियारा आडवाणी को 'शेरशाह' के सेट पर एक-दूसरे से प्यार हो गया था

नयी दिल्ली। करण जौहर के शो कॉफी विद करण सीजन 9 में जल्द ही कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे। हाल ही में चैनल ने इन दोनों सितारों का एक प्रोमो जारी किया है। कपल के तौर पर यह कियारा और सिद्धार्थ की पहली मौजूदगी है और वे जल्द ही अपने दूसरे बच्चे के माता-पिता बनने वाले हैं। इससे पहले भी ये दोनों कलाकार इस शो में आ चुके हैं। प्रोमो में कियारा ने अपनी शादी का एक मजेदार किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि शादी से पहले के कार्यक्रमों के दौरान, जब शाहिद कपूर इस कपल के लिए परफॉर्म कर रहे थे तब करण ने उन्हें स्टेज से नीचे धकेल दिया था। कपल की तारीफ करते हुए, करण ने सिद्धार्थ को बेहद आकर्षक और कियारा को सदाबहार खूबसूरत बताया। अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अपने प्रेग्नेंसी ग्लो की वजह से चर्चा में हैं। बातचीत के दौरान करण जौहर ने उनकी शानदार शादी के जश्न को याद किया। इस पर कियारा ने कहा कि क्या हम इन्हें बताएं कि आपने किस गाने पर डांस किया था? शाहिद को लगा कि उन्हें स्टेज पर जाकर आपका साथ देना चाहिए, लेकिन करण आपने उन्हें स्टेज से नीचे ही धकेल दिया! यह सुन करण भी कपल के साथ जोर-जोर से हंसाने लगे। इस कपल ने करण जौहर के कुछ मजेदार सवालों के जवाब भी दिए, जब उनसे पूछा गया कि क्या वे ऑफ-स्क्रीन कभी रोल-प्ले करते हैं और अगर हां तो क्या उनका कोई खास किरदार होता है तो सिद्धार्थ ने कहा कि हम काम को घर नहीं लाना चाहते और बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं। करण ने यह भी पूछा कि सिद्धार्थ और कियारा ऐसा क्या करते हैं, जिससे उनकी डेट नाइट सिर्फ डिनर पर ही खत्म न हो जाए। इस पर कियारा ने अपने पेट पर हाथ रखते हुए जवाब दिया कि बस अभी तो मैं खुश हूं।



सोते समय भी काम करता है इंसानी दिमाग

दिनभर काम करने के बाद जब हम रात में बिस्तर पर जाते हैं तो धीरे-धीरे शरीर आराम की स्थिति में पहुंचने लगता है. आंखें बंद होती हैं, आसपास की आवाजों पर ध्यान कम होने लगता है और हम नींद की दुनिया में चले जाते हैं। आमतौर पर लोगों को लगता है कि सोने के बाद शरीर के साथ-साथ दिमाग भी काम करना बंद कर देता है. लेकिन असल में ऐसा बिल्कुल नहीं होता.जब हम सो रहे होते हैं, तब भी हमारा दिमाग कई जरूरी कामों में व्यस्त रहता है। वह दिनभर की जानकारियों को व्यवस्थित करता है, यादों को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की रिकवरी से जुड़ी प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है. यही वजह है कि अच्छी नींद केवल थकान दूर करने के लिए नहीं, बल्कि दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी जरूरी होती है। कई रिसर्च में बताया गया है कि नींद के दौरान इंसानी दिमाग पूरी तरह बंद नहीं होता। इसकी गतिविधियां जागने के समय से अलग जरूर हो जाती हैं, लेकिन दिमाग लगातार एक्टिव रहता है। नींद के दौरान दिमाग अलग-अलग चरणों से गुजरता है. इस दौरान ब्रेनवेव्स, सांस लेने की गति, दिल की धड़कन और शरीर के तापमान में बदलाव आते हैं. ये सभी प्रक्रियाएं शरीर को आराम देने और अगले दिन के लिए तैयार करने में मदद करती हैं। वैज्ञानिकों ने नींद को मुख्य रूप से दो हिस्सों में बांटा है। पहला नॉन-रैपिड आई मूवमेंट और दूसरा रैपिड आई मूवमेंट स्लीप. में तीन चरण होते हैं. पहले चरण में व्यक्ति जागने और सोने के बीच की स्थिति में रहता है।

मौसम का बदलता मिजाज चिंता का विषय

जलवायु परिवर्तन से निपटने में विज्ञान की भूमिका निर्णायक है। मौसम पूर्वानुमान, उपग्रह आधारित निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु मॉडलिंग और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों से जोखिम कम किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, अत्यधिक वर्षा या चक्रवात की आशंका का पहले पता चलने पर प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर जान-माल का नुकसान कम हो सकता है। इसी तरह कार्बन कैप्चर, ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत बैटरी और ऊर्जा दक्षता से जुड़ी तकनीकें उत्सर्जन घटाने में मददगार हो सकती हैं। हालांकि इनका लाभ तभी मिलेगा जब ये सस्ती, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल हों। जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ते शहरों में भी दिखाई दे रहा है। कंक्रीट के बढ़ते निर्माण, घटते हरित क्षेत्र, वाहनों का धुआं और ऊर्जा की अधिक खपत शहरों का तापमान बढ़ा रहे हैं। इससे निपटने के लिए पौधारोपण, हरित क्षेत्र का विस्तार, तालाबों और जलाशयों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्ष भवनों और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जरूरी है। बढ़ती गर्मी के कारण एयर कंडीशनर की मांग बढ़ रही है, लेकिन पारंपरिक शीतलन उपकरण बिजली की खपत के साथ कुछ मामलों में शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी बढ़ाते हैं। इसलिए प्राकृतिक वेंटिलेशन, छतों पर हरियाली, ऊर्जा दक्ष उपकरणों और पर्यावरण अनुकूल शीतलन तकनीकों को बढ़ावा देना होगा। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में जलवायु अनुकूल शहरों और टिकाऊ भवनों के विकास के साथ प्रकृति आधारित समाधानों को भी प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि वायु प्रदूषण का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने की जिम्मेदारी केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की नहीं, आम नागरिकों की भी है। बिजली-पानी की बचत, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्लास्टिक का कम इस्तेमाल, कचरे का पृथक्करण और पेड़-पौधों का संरक्षण जैसे कदम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जरूरत से ज्यादा वस्तुओं का उपयोग, खाद्य पदार्थों की बर्बादी और ऊर्जा की अनावश्यक खपत भी पर्यावरण पर दबाव बढ़ाती है। इसलिए जलवायु अनुकूल जीवनशैली को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। धरती के पास संसाधन सीमित हैं, लेकिन मानव की आवश्यकताएं और आकांक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं।

50 प्रतिशत लोगों को पता ही नहीं कि उन्हें डायबिटीज है

आज के समय में लगभग हर घर में डायबिटीज का कम से कम एक मरीज मौजूद है। चिंता की बात ये है कि अब सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि 20 से 30 साल की उम्र के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। कई लोगों को लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि उन्हें डायबिटीज है। एंडोक्राइनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज्म विभाग के प्रमुख डॉ. से बातचीत में बताया कि मधुमेह से पीड़ित लगभग 50 प्रतिशत लोगों की पहचान तब तक नहीं हो पाती, जब तक वे अपनी जांच नहीं कराते. इसलिए डायबिटीज से बचने के लिए खानपान से जुड़ी इन 7 जरूरी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सिर्फ चीनी



खाना बंद करना काफी नहीं- डायबिटीज से बचने के लिए सिर्फ चीनी, मिठाई और चॉकलेट छोड़ना पर्याप्त नहीं है खाने में तेल, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और दूसरी चीजों की मात्रा पर भी ध्यान देना चाहिए, संतुलित डाइट लेना जरूरी है। एक बार में बहुत ज्यादा खाना न खाएं- दिन में सिर्फ दो बार भरपेट या बहुत ज्यादा खाना सही आदत नहीं है। भोजन की मात्रा के साथ यह भी जरूरी है कि आप कितनी बार और कितने अंतराल पर खाना खाते हैं। खाने में फाइबर वाली चीजें शामिल करें- चावल या रोटी खाते समय उनके साथ हरी सब्जियां, सलाद और दूसरी फाइबर वाली चीजें जरूर लें. इससे भोजन का पोषण बेहतर होता है और ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद मिल सकती है। फलों का जूस पीने के बजाय साबुत फल खाएं- डायबिटीज के मरीज आम, केला और अंगूर जैसे फल भी सीमित मात्रा में खा सकते हैं। फलों का जूस पीने के बजाय साबुत फल खाना बेहतर है, क्योंकि इसमें फाइबर मौजूद रहता है, जो शुगर के अवशोषण की गति को धीमा करता है। गुड़ और शहद को चीनी का सुरक्षित विकल्प न समझें- कई लोग चीनी की जगह गुड़ और शहद का इस्तेमाल करने लगते हैं लेकिन ये भी शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ा सकते हैं। इसलिए इन्हें भी सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए.पैकेट वाले खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ें- बाजार में मिलने वाले पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में कई बार छिपी हुई चीनी होती है। इसलिए कुछ भी खरीदने से पहले उसके पैकेट पर लिखी सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी जरूर पढ़ें.शारीरिक गतिविधियों पर भी ध्यान दें- डायबिटीज से बचने के लिए सिर्फ डाइट सुधारना काफी नहीं है। लंबे समय तक बैठकर काम करने से बचें और रोजाना टहलने या एक्सरसाइज के लिए समय निकालें. सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि करें। इसके साथ तनाव कम रखें और पर्याप्त नींद लें।

रामलला के नामपर लॉन्च हुई बेहद लग्जरी घड़ी

स्विट्जरलैंड की जानी-मानी प्रीमियम वॉच कंपनी फ्रैंक मुलर ने एक बेहद खास और अनोखी घड़ी बाजार में उतारी है। कंपनी ने इसे अपनी वैन्गार्ड सीरीज के तहत राम लला लिमिटेड एडिशन नाम दिया है। इस लग्जरी घड़ी की कीमत 31.25 लाख रुपये रखी गई है और इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सीधे तौर पर अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान भगवान राम के बाल स्वरूप को समर्पित है। इस महंगी टाइमपीस का मुख्य आकर्षण इसका अद्भुत 3डी डायल है। इस डायल के ठीक बीच में रामलला की बहुत ही बारीक और सुंदर आकृति उकेरी गई है। कंपनी के अनुसार, इस खास डिजाइन को बनाने में एडवांस लेजर तकनीक का सहारा लिया गया है। इस बारीकी को निखारने और डायल को पूरी तरह तैयार करने में कारीगरों को पूरे 30 घंटे का समय लगा। घड़ी के डायल के साथ-साथ इसकी बाहरी बनावट भी पूरी तरह से राजसी है। इसका केस 18 कैरेट रोज गोल्ड के एक ठोस ब्लॉक से तराश कर बनाया गया है। अगर इसके साइज की बात करें, तो इस केस की चौड़ाई 41 मिलीमीटर और लंबाई 49.95 मिलीमीटर है। यह परफेक्ट साइज और सोने की चमक इसे कलाई पर एक बेहद प्रीमियम और आकर्षक लुक देती है। चूंकि यह एक लिमिटेड एडिशन सीरीज है, इसलिए कंपनी ने इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं किया है। फ्रैंक मुलर ने इस रामलला मॉडल की पूरी दुनिया के लिए केवल 108 घड़ियां ही बनाई हैं। यानी विश्वभर में केवल 108 लोग ही ऐसे होंगे जिनके पास यह खास घड़ी खरीदने और पहनने का मौका होगा।

